थोड़ा है, थोड़े की जरूरत है...

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी



रक्तदाता दिवस पर विशेष

## साल में चाहिए ढाई लाख यूनिट से ज्यादा ब्लड

# दानवीर बढ़ गए, पर टार्गेट अब भी पीछे

भारत में हर साल 20 लाख यूनिट ब्लड की कमी

- रिप्लेस में रक्त लेने वालों की संख्या कम, व्यवस्था का मुख्य जरिया शिविर
- देश में हर दो सेकंड में एक रक्तदान की जरूरत पर एक फीसदी लोग करते हैं दान
- शरीर से निकाले गए रक्त की मात्रा को शरीर में फिर से पूरा करने में लगते हैं 24-48 घंटे

रक्तदान-महादान के कहावत को चरितार्थ करते हुए राज्य में रक्तदान करने वालों की संख्या सात फीसदी तक बढ़ी है, पर जरुरत के हिसाब से इसकी उपलब्धता अभी भी कम है। राज्य में हर साल आबादी के एक प्रतिशत लोगों के लिए 2.55 लाख यूनिट खून की जरूरत होती है मगर इसकी उपलब्धता 90 से 97 प्रतिशत के बीच सिमटकर रह जाती है।

विकास शर्मा ▶▶| रायपुर

अलग खबर

दावा किया जा रहा है कि अब खून की कमी की वजह से अस्पतालों में किसी भी मरीज की मृत्यु नहीं होती है, कहीं न कहीं से इंतजाम हो जाता है। आवश्यकताएं बढ़ने के साथ ही राज्य में ब्लड बैंक की संख्या में भी वृद्धि हुई है। पिछले पांच साल में इसकी संख्या 81 से बढ़कर 124 तक पहुंच चुकी है। इसके अलावा लोग अब रक्तदान की महत्ता को समझ चुके हैं और बड़ी संख्या ▶▶| शेष पेज 4 पर

### एक व्यक्ति 30 से 40 दिन में दोबारा कर सकता है रक्तदान



### राज्य में कितने ब्लड बैंक

| शासकीय- 38 | निजी- 89 |
| --- | --- |
| शासकीय में ब्लड कलेक्शन- 133213 | निजी में रक्त संग्रहित- 115237 |

### वेस्टेज ज्यादा पर रखना जरूरी

रक्त में प्रमुख रूप से लोगों को प्लाज्मा, आरबीसी और प्लेटलेट्स की आवश्यकता होती है। प्लाज्मा को एक साल तक सुरक्षित रखा जा सकता है, मगर आरबीसी 35 से 40 और प्लेटलेट्स की लाइफ पांच से सात दिन की होती है। दोनों के वेस्टेज ज्यादा है, किंतु जरूरतों को ध्यान में रखते हुए ब्लड बैंकों में इन्हें स्टोरेज कर रखना जरूरी होता है।

### कोरोना में सबकुछ स्थिर

राज्य में वर्ष 2020 से 2022 तक कोरोना महामारी का दौर था। इस दौरान ब्लड बैंकों में रक्त की भारी कमी हो गई थी। शिविर का आयोजन बेहद कम संख्या में होने की वजह से वर्ष 2020-21 में केवल दो लाख और 2021-22 में मात्र 1.87 लाख यूनिट ▶▶| शेष पेज 4 पर

आवश्यकताएं बढ़ी तो राज्य में 81 से बढ़कर 127 हो गए ब्लड बैंक

### विशेषज्ञों का कहना

- *रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ी है। मांग के अनुसार उपलब्धता लगभग पूरी हो जा रही है मगर इसके लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को आगे आने की आवश्यकता है।* **-डॉ.निधि अत्रीवाल**, नोडल अफसर ब्लड बैंक
- *रक्त की व्यवस्था दान के माध्यम से ही पूरी हो सकती है। आवश्यकता के अनुरुप उपलब्धता बनाए रखने के लिए लगातार शिविर का आयोजन किया जाता है।* **डॉ. सत्यनारायण पांडे**, प्रभारी रेडक्रास ब्लड बैंक
- *आबादी के एक प्रतिशत आबादी को रक्त की आवश्यकता होती है। इसकी उपलब्धता के लिए रक्तदान आवश्यक है जिसके लिए लोगों को जागरुक होना जरुरी है।* **डॉ. अविरल मिश्रा**, प्रभारी ब्लड बैंक आंबेडकर अस्पताल

POOJA SPINE
Godriwala Presents POOJA
आरामदायक और दमदार
+91 9912000025 Follow us on

## धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ और हिंसा को लेकर सरकार सख्त, देर रात बड़ी कार्रवाई

# हटाए गए कलेक्टर-एसपी अब सस्पेंड, जैतखाम मामले की जांच के लिए न्यायिक आयोग का ऐलान

*बलौदाबाजार जिले के गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ को क्षतिग्रस्त करने के मामले में साय सरकार ने एक बार फिर बड़ी कार्रवाई करते हुए जिले से हटाए गए कलेक्टर और एसपी को सस्पेंड कर दिया। साथ ही धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ की जांच के लिए न्यायिक आयोग का गठन भी कर दिया है। इधर, बलौदाबाजार हिंसा मामले में पुलिस ने भी ताबड़तोड़ कार्रवाई जारी रखते हुए और 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, इनमें 20 आरोपी ऐसे हैं, जिनकी हिंसा में सक्रिय भागीदारी रही है।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

धार्मिक स्थल पर तोड़फोड़ और फिर हिंसा को लेकर सियासत भी जारी है। कांग्रेस की एक टीम आज घटनास्थल पहुंची और लोगों और अफसरों से मुलाकात की। यह जांच टीम पीसीसी को रिपोर्ट सौंपेगी। शुक्रवार को भी कांग्रेस के बड़े नेता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, डा चरणदास महंत और दीपक बैज वहां पहुंचेंगे। इस बीच सतनामी समाज के कई प्रतिनिधियों ने सीएम हाउस में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से मुलाकात की। श्री साय ने भरोसा दिलाया कि दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी, निर्दोष को प्रताड़ित नहीं किया जाएगा।

गौरतलब है, हिंसा के बाद सरकार ने आरोपियों की धरपकड़ तेज कर रखी है। सियासी गर्मी के बीच प्रशासनिक सख्ती भी जारी है। घटना के बाद शासन ने बलौदाबाजार कलेक्टर कुमार लाल चौहान और एसपी सदानंद कुमार को तत्काल प्रभाव ▶▶| शेष पेज 4 पर



मुख्यमंत्री से मिले प्रतिनिधि

### अब तक 121 गिरफ्तार आठवां केस दर्ज

पुलिस ने देर शाम बयान जारी कर बताया कि गुरुवार को भी 39 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। हिंसा के बाद अब तक कुल 121 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में शामिल अन्य आरोपियों की सरगर्मी ▶▶| शेष पेज 4 पर



पूर्व मंत्री शिव डहरिया के साथ कांग्रेस की टीम घटना स्थल पहुंची

### जो दोषी उन पर सख्त कार्रवाई, जो निर्दोष उनको प्रताड़ना नहीं

मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में सतनामी महासभा का प्रतिनिधि मंडल मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से चर्चा के लिए पहुंचा। प्रतिनिधि मंडल को राज्य के मुखिया ने भरोसा दिलाते हुए कहा कि बलौदाबाजार की घटना निंदनीय है। इसमें दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही होगी। साथ ही समाज के लोगों को आश्वस्त किया कि मामले में किसी निर्दोष को प्रताड़ित न करते हुए न्याय किया जाएगा। समाज के लोगों से कहा कि शासन- प्रशासन द्वारा की जाने वाली कार्यवाही पूरी तरह से न्याय संगत होगी। मुख्यमंत्री श्री साय ने गृहमंत्री एवं डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व मंत्री एवं विधायक पुन्नू लाल मोहले और सतनामी ▶▶| शेष पेज 4 पर

### इसलिए सस्पेंड

#### धार्मिक स्थल को क्षति पहुंचाने के संदर्भ में नहीं की कार्रवाई

शासन ने देर रात आदेश जारी कर तत्कालीन कलेक्टर और एसपी को सस्पेंड कर दिया। जारी किए गए आदेश में कहा गया है कि बलौदाबाजार में मई माह में धार्मिक स्थल को पहुंचाई गई क्षति की घटना के संबंध में प्राप्त शिकायतों के अनुसार पुलिस प्रशासन द्वारा यथोचित कार्रवाई नहीं की गई। इसके कारण तत्कालीन पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई विचाराधीन है। इस कारण उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया जाता है। निलंबन अवधि में श्री सदानंद का मुख्यालय, पुलिस मुख्यालय रायपुर रहेगा। उन्हें निलंबन अवधि में सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के बिना मुख्यालय नहीं छोड़ने कहा गया है। पुलिस अधीक्षक के साथ ही तत्कालीन जिला कलेक्टर कुमार लाल चौहान को भी निलंबित किया गया है। उनके निलंबन का भी कारण धार्मिक स्थल को पहुंचाई गई क्षति के बाद उचित कार्रवाई ना किया जाना बताया गया है। निलंबन अवधि में श्री चौहान का मुख्यालय छत्तीसगढ़ मंत्रालय, महानदी भवन होगा।

### रिटायर जस्टिस बाजपेयी करेंगे जांच, तीन माह में शासन को सौपेंगे रिपोर्ट

इधर, राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमर गुफा में जैतखांभ की क्षतिग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग गठित किया है। बिलासपुर हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश सी. बी. बाजपेयी इसके अध्यक्ष होंगे। अधिसूचना के अनुसार तीन माह के भीतर आयोग अपनी जांच पूर्ण कर शासन को रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा। जांच के दौरान किसी संस्था या विशेषज्ञ की सहायता भी ले सकेगा। इन बिंदुओं पर आयोग जांच रिपोर्ट पेश करेगा।

- 15 मई 2024 और 16 मई 2024 की मध्यरात्रि को जिला बलौदाबाजार अंतर्गत ग्राम महकोनी, अमरगुफा में स्थित जैतखाम को क्षतिग्रस्त किए जाने संबंधी घटना कैसे हुई।
- वह कौन सी परिस्थितियां थीं अथवा कौन से कारण थे, जिनके फलस्वरूप घटना घटित हुई।
- उक्त घटना हेतु कौन-कौन व्यक्ति जिम्मेदार हैं?
- घटना के पूर्व, घटना के दौरान एवं घटना के उपरांत ऐसे अन्य मुद्दे, जो घटना से संबंधित हो।
- भविष्य में इस प्रकार की घटना की पुनरावृत्ति न हो, इस हेतु सुरक्षा एवं प्रशासकीय कदम उठाए जाने के संबंध में सुझाव एवं उपाय।
- अन्य ऐसे महत्वपूर्ण बिंदु, जो जांच आयोग शासन के संज्ञान में लाना चाहे।

### T20 world cup स्कोर बोर्ड

वेस्टइंडीज 149/9 VS न्यूजीलैंड 136/9

13 रन से जीता वेस्टइंडीज

68* रन : शेमरेन रदरफोर्ड प्लेयर ऑफ द मैच

बांग्लादेश 159/5 VS नीदरलैंड 134/8

25 रन से जीता बांग्लादेश

64* रन : शाकिब अल हसन प्लेयर ऑफ द मैच

**आज के मैच**

अफगानिस्ता Vs पापुआ न्यू — समय : सुबह 6 बजे

अमेरिका Vs आयरलैंड — समय : रात 8 बजे

### खबर संक्षेप

#### 22 से 31 जुलाई छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र



रायपुर। छत्तीसगढ़ विधानसभा का मानसून सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा। सत्र के दौरान 10 बैठकें होंगी। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने इस संबंध में कहा, विधानसभा के मानसून सत्र को लेकर संसदीय कार्यमंत्री ने प्रस्ताव भेजा था, मुख्यमंत्री ने मानसून सत्र को अपने स्वीकृति दे दी है। 22 जुलाई से 31 जुलाई तक मानसून सत्र चलेगा।

#### चंद्रबाबू ने तिरुपति मंदिर में की पूजा



तिरुपति। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू ने परिवार के साथ तिरुमला में स्थित प्रसिद्ध श्री वेंकटेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना की। इस दौरान मुख्यमंत्री के साथ उनके बेटे और मंत्रिमंडल के सदस्य नारा लोकेश भी मौजूद थे।

#### मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत

गाजियाबाद। गाजियाबाद जिले के लोनी इलाके में एक मकान में आग लगने से पांच लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। आग मकान की नीचे की मंजिल में लगी और ऊपर मौजूद लोग उसमें फंस गए। मृतकों में सैफुल रहमान (35), उसकी पत्नी नाजरा (26), उनकी बेटी इकरा (सात), परवीन (28) और मोहम्मद फैज (सात माह) शामिल हैं।

## 50 ट्रेनें रद्द, एक माह में 115 रद्द हो चुकी, केरल, भोपाल के बाद अब पुरी, दिल्ली भी दूर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

भारतीय रेलवे में दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से गुजरने वाली ट्रेनों को लगातार पटरियों के कार्य से रद्द किया जा रहा है। 4 जून को रेलवे ने 18 ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया था, जिसके बाद लगातार 10 दिनों तक ट्रेन रद्द होती रही। वर्तमान में 14 जून से 13 जुलाई तक अलग-अलग तारीख में 115 ट्रेन रद्द हो चुकी है। जून में ऐसी कोई तारीख नहीं बची है, जिसमें ट्रेन रद्द न हो, इसलिए अब रेलवे ने जुलाई में ट्रेन रद्द करना शुरू कर दिया है। गुरुवार को रेलवे ने 50 ट्रेनों को रद्द करने का आदेश जारी किया, जिसमें 24 एक्सप्रेस ट्रेन जून से 13 जुलाई के बीच रद्द रहेगी। बाकी 28 ट्रेन का परिचालन जून में नहीं होगा। हरिभूमि ने जब पड़ताल की, तो पता चला 10 दिनों के केवल 15 रद्द ट्रेन पटरी में लौटी हैं, उसमें 10 लोकल पैसेंजर ट्रेन है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

### जानिए 50 ट्रेन रद्द होने के बाद किस दिन किस रूट की ट्रेन रहेगी रद्द

#### दिल्ली और पुरी

- 16, 23, 30 जून व 07 जुलाई 20471 बीकानेर-पूरी एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 19, 26 जून एवं 03, 10 जुलाई 20472 पूरी-बीकानेर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 14, 21 एवं 28 जून 08475 पूरी-निजामुद्दीन स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।
- 15, 22 एवं 29 जून 08476 निजामुद्दीन-पूरी स्पेशल ट्रेन रद्द रहेगी।
- 05, 06 व 09 20807 अमृतसर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 05 व 09 जुलाई 22867 दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

#### मेमू पैसेंजर स्पेशल

- 25 से 30 जून08737 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 25 से 30 जून 08738 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 24 से 29 जून,08736 बिलासपुर-रायगढ़ मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।
- 25 से 30 जून 08735 रायगढ़-बिलासपुर मेमू पैसेंजर स्पेशल रद्द रहेगी।

#### टाटानगर और इतवारी

- 24 से 29 जून 18113 टाटानगर-बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।
- 25 से 30 जून, 18114 बिलासपुर-टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 25 से 30 जून 18109 टाटानगर-नेता सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) एक्सप्रेस रद्द रहेगी।
- 25 से 30 जून 18110 सुभाष चंद्र बोस (इतवारी) - टाटानगर एक्सप्रेस रद्द रहेगी ।

### 13 साल की बेटी के साथ मां फांसी के फंदे पर झूली



**धमतरी।** एक मां ने अपनी तेरह साल की बेटी के साथ घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रमुख कारण नौकरी छूटने के कारण डिप्रेशन में आ जाना माना जा रहा है। पुलिस के अनुसार सिटी कोतवाली पुलिस को बनियापारा निवासी महेश शर्मा ने सूचना दी कि शिव चौक निवासी खुशबू शर्मा ने भीतर से दरवाजा बंद कर लिया है। उसका फोन भी बंद है। दरवाजा खटखटाने के बाद भी भीतर से कोई जवाब नहीं मिल रहा है। ▶▶| शेष पेज 4 पर

## सीएम विष्णुदेव बोले- खाद और बीज के मामले में नहीं चलेगी कोताही

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- साय सरकार के 6 माह, सीएम ने शुरु की विभागों की समीक्षा

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल के 6 महीने पूरे हो गए। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के सभी विभागों के कामकाज की समीक्षा शुरु कर दी है। गुरुवार को उन्होंने सीएम हाउस में समीक्षा की शुरुआत कृषि और उससे जुड़े विभागों से की। मुख्यमंत्री ने ▶▶| शेष पेज 4 पर



### किसानी का अनुभव साझा किया

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय लंबे समय तक खेती-किसानी से जुड़े रहे हैं। उन्होंने जमीनी स्तर पर खेती-किसानी का कार्य किया है और इससे अपने परिवार का भरण-पोषण भी किया है। खेती-किसानी में ▶▶| शेष पेज 4 पर

### तीन जिलों में ई-गिरदावरी

मुख्यमंत्री साय ने खेती-किसानी में टेक्नालॉजी के प्रयोग पर विशेष जोर दिया। अधिकारियों ने इस संबंध में हुए कार्यों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ के तीन जिलों- महासमुंद, धमतरी और कबीरधाम में जल्द ई-गिरदावरी का कार्य प्रारंभ होगा। इसके लिए तेजी से कार्य किया जा रहा है। राज्य में एग्री स्टैक कार्यक्रम के तहत ई-गिरदावरी के संबंध में बताया कि इसमें किसानों और भू-नक्शों का डिजिटल डाटा बेस तैयार किया जाएगा।

### भाजपा ने पूरा किया वादा, सीएम माझी की मौजूदगी में पूजा-पाठ

## श्रद्धालुओं को बड़ी सौगात, जगन्नाथ मंदिर के खुल गए चारों द्वार

एजेंसी ▶▶| भुवनेश्वर

ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और उनकी मंत्रिपरिषद के सदस्यों की मौजूदगी में गुरुवार की सुबह पुरी स्थित जगन्नाथ मंदिर के सभी चार द्वार श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोल दिए गए। कोविड-19 महामारी के बाद से बंद किए गए 12वीं सदी के मंदिर के तीन द्वार भगवान जगन्नाथ की 'मंगल आलती' अनुष्ठान के बाद फिर से खोल दिए गए हैं।

मुख्यमंत्री, दोनों उपमुख्यमंत्री, मंत्री, कई भाजपा सांसद और पार्टी नेता मंदिर पहुंचे और भगवान जगन्नाथ की पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर परिसर ▶▶| शेष पेज 4 पर



### कोरोनाकाल से बंद थे तीन दरवाजे

जगन्नाथ मंदिर के तीन दरवाजों को साल 2019 में कोरोना वायरस महामारी के दौरान बंद किया था। इसे बंद करना का उद्देश्य भीड़ को कंट्रोल करना और सोशल डिस्टेंसिंग मेंटेंन करना था। ऐसे में चारों दरवाजों से होने वाली एंट्री को एक गेट पर सीमित कर दिया था ताकि भीड़ को कंट्रोल किया जा सके और उनकी सुरक्षा का ध्यान रखा जा सके। साल 2019 से ये गेट बंद थे।

### चार द्वार की ये है कहानी

**सिंह द्वार:** सिंह द्वार मंदिर की पूर्व दिशा में है, जो सिंह यानी शेर के नाम पर है। ये जगन्नाथ मंदिर में एंट्री करने का मुख्य द्वार है और इसे मोक्ष का द्वार भी कहा जाता है।

**व्याघ्र द्वार:** इस दरवाजे का नाम बाघ पर है, जिसे आकांक्षा का प्रतीक माना जाता है। ये गेट पश्चिम दिशा में है और इस गेट से संत और खास भक्त एंट्री लेते हैं।

**हस्ति द्वार:** हस्ति द्वार का नाम हाथी पर है और यह उत्तर दिशा में है। दरअसल, हाथी को धन की देवी लक्ष्मी का वाहन माना जाता है और लक्ष्मी का प्रतीक है। कहा जाता है कि इस द्वार पर दोनों तरफ हाथी की आकृति बनी हुई है, जिन्हें मुगल काल में उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया गया।

**अश्व द्वार:** अश्व द्वार दक्षिण दिशा में है और घोड़ा इसका प्रतीक है। इसे विजय का द्वार भी कहा जाता है। जीत की कामना के लिए योद्धा इस गेट का इस्तेमाल किया करते थे।

# कुवैत अग्निकांड में जिंदा बचे केरल के शख्स ने बताई दर्दनाक दास्तान

# 'चारों ओर बस धुआं ही धुआं... मुझे लगा मर जाऊंगा'

## इस अग्निकांड में मारे गए 49 लोगों में 42 भारतीय हैं शामिल

*जब आग लगी तो कुछ समझ नहीं आया। चारों ओर बस धुआं ही धुआं था। खिड़कियों से भी कुछ नहीं दिख रहा था। आग की लपटें सबकुछ जला देने पर आमादा थीं। जब लगा कि अब बचना मुश्किल है, मैं तो मर जाऊंगा, तो बिना सोचे समझे नीचे रखी पानी की टंकी में कूद गया...शुक्र है कि मैं आज भी जिंदा हूं... यह खौफनाक कहानी बताई कुवैत अग्निकांड में जिंदा बचे नलिनाक्षन ने...घटना के घंटे भर बाद जब उन्होंने अपने परिवार को फोन किया, तो हालात बयां करते-करते रो पड़े।*


एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

कुवैत अग्निकांड में 49 लोगों की जान चली गई, इनमें से 42 भारतीय थे। ज्यादातर केरल और मलयालम के रहने वाले थे और कमाने के लिए कुवैत गए हुए थे। इस अग्निकांड ने कई बच्चों के पिता छीन लिए तो किसी के माथे का सिंदूर लुट गया। लेकिन केरल के त्रिकारीपुर के रहने वाले नलिनाक्षन उन लोगों में हैं, जो मौत को मात देकर जिंदा बच गए। जब उनका फोन आया तो घरवालों ने राहत की सांस ली। उनके कई दोस्त इस अग्निकांड की भेंट चढ़ गए।

### लोगों को जिंदा जला रही थीं आग की लपटें

नलिनाक्षन ने कहा, जब आग की लपटें लोगों को जिंदा जला रही थींलोग अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भाग रहे थे। एक अजीब सी दौड़ थी। मैं खुद को तीसरी मंजिल पर आग और धुएं के बीच फंसा पाया। मुझे समझ नहीं आ रहा था कि मैं क्या करूं. जब आग मेरे और करीब आ गई, मुझे लगा कि अब मर जाऊंगा तभी मुझे नीचे पानी की टंकी याद आ गई। मैं बिना सोचे-समझे उसमें कूद गया। मेरे शरीर के निचले हिस्से में काफी चोट आई, और अस्पताल पहुंचने से पहले ही मैं बेहोश हो गया। लेकिन शुक्र है कि मैं जिंदा बचकर आ गया।





### जुलाई में आने वाले थे रंजीत

कुवैत अग्निकांड में मरे ज्यादातर भारतीय थे। अधिकांश अपने परिवारों के लिए कमाने गए थे। सभी एक ही मकान में रह रहे थे। पीड़ितों में से 24 केरल के और 5 तमिलनाडु के थे। मरने वालों में कोट्टायम के पंपडी के एक इंजीनियर 29 वर्षीय स्टीफिन अब्राहम साबू भी शामिल थे। उनके परिवार में उनकी मां शर्ली और उनके भाई फेबिन और केविन हैं. त्रिकारीपुर के रहने वाले केलू पोनमलेरी की भी मौत हो गई, तो कासरगोड के 34 वर्षीय रंजीत भी जिंदा नहीं बचे। रंजीत अपने नए घर के गृहप्रवेश का जश्न मनाने के बाद डेढ़ साल पहले कुवैत गया था। उसने जुलाई में छुट्टियों के लिए अपने गांव लौटने की योजना बनाई थी। अब इन सबका परिवार सदमे में है।

### कुवैत में रहते हैं 10 लाख भारतीय

*कुवैत के भारतीय दूतावास के मुताबिक, कई सालों से कुवैत काफी हद तक भारतीयों पर निर्भर है। यहां लगभग 10 लाख भारतीय रहते हैं, जो कुवैत की कुल आबादी का 21 फीसदी है। इतना ही नहीं, कुवैत की कुल वर्कफोर्स में भी 30 फीसदी भारतीय ही हैं। कुवैत की पब्लिक अथॉरिटी फॉर सिविल इन्फोर्मेशन (पीएसीआई) के आंकड़ों के मुताबिक, दिसंबर 2023 तक कुवैत की आबादी 48.59 लाख थी। इसमें भी 33 लाख से ज्यादा आबादी विदेशी नागरिकों की थी। आंकड़ों की मानें तो कुवैत में लगभग 30 लाख मजदूर या कामगार हैं। कुवैत में विदेशियों की जितनी आबादी रहती है, उनमें से 75% मजदूरी करते हैं।*

## खबर संक्षेप

### असम में उल्फा (आई) के तीन सदस्य गिरफ्तार



**तेजपुर।** असम के सोनितपुर जिले में कथित जबरन वसूली की गतिविधियों को लेकर प्रतिबंधित यूनाइटेड लिबरेशन फ्रंट ऑफ असम (इंडिपेंडेंट) के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें एक महिला भी शामिल है। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने तीनों को उस समय गिरफ्तार किया जब वे मिशन चारियाली में एक व्यापारी से जबरन वसूली का प्रयास कर रहे थे। गिरफ्तार व्यक्तियों की पहचान संजीव बरुआ उर्फ गजेंद्र असोम, उसकी पत्नी बेंगडांग जोंगशिला तथा एक अन्य सदस्य भाबेश कलिता के रूप में हुई है।

### रोजगार में ट्रांसजेंडर को विशेष श्रेणी में रखें : अदालत



**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने कहा है कि ट्रांसजेंडर को उनकी जाति से परे सिर्फ विशेष श्रेणी के तौर माना जाना चाहिए। अदालत ने तमिलनाडु सरकार को निर्देश दिया कि शैक्षिक संस्थानों में प्रवेश और रोजगार देने के लिहाज से ट्रांसजेंडर को महिला या पुरुष श्रेणी में न रखा जाए। न्यायमूर्ति वी. भवानी सुब्बारायन ने 12 जून को पारित आदेश में कहा कि 'प्रत्येक रोजगार और शैक्षिक अवसरों' में सरकार ट्रांसजेंडर के लिए अलग मानदंड निर्धारित करे।

### यूरोपीय संघ की अदालत ने लगाया हंगरी पर जुर्माना

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ की शीर्ष अदालत ने हंगरी को बृहस्पतिवार को 21.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर (20 करोड़ यूरो) का जुर्माना भरने का आदेश दिया। हंगरी पर यह जुर्माना इसलिए लगाया गया है क्योंकि उसने यूरोपीय न्यायालय के पिछले फैसले के बावजूद यूरोपीय संघ के शरण संबंधी नियमों का उल्लंघन किया है। इसके अलावा, भविष्य में नियमों का पालन न करने पर हंगरी को प्रतिदिन 10 लाख यूरो का जुर्माना भी भरना होगा। यूरोपियन कोर्ट ऑफ जस्टिस (ईसीजे) ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि हंगरी ने लक्जमबर्ग में शीर्ष यूरोपीय संघ के न्यायाधीशों के 2020 के फैसले को लागू नहीं किया है।

## मायावती की पार्टी के नाम दर्ज हुआ शर्मनाक रिकॉर्ड

# इस लोकसभा चुनाव में 86.1 प्रतिशत उम्मीदवारों की हो गई जमानत जब्त

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव में कुल 8,360 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई थी। जिनमें से 7,194 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई। यानी 86.1 प्रतिशत उम्मीदवार ऐसे थे जिन्हें अपने लोकसभा क्षेत्र में डाले गए वोट का छठा हिस्सा भी नहीं मिल सका। इनकी जमानत राशि कुल 16.36 करोड़ बनी है। जिसे अब RBI जमा करेगा या सरकारी खजाने में जगह मिलेगी। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के मुताबिक भारत में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए 25,000 रुपये की जमानत राशि जमा करनी होती है। चुनाव आयोग ने जमानत राशि जमा कराना इसलिए अनिवार्य किया है ताकि चुनाव लड़ने के लिए गंभीर लोग ही आगे आएं और चुनाव लड़ें। चुनाव आयोग ने 2009 में अनारक्षित सीटों पर उम्मीदवारों के लिए जमानत राशि बढ़ाकर 25,000 रुपये कर दी थी। वहीं अनुसूचित जाति (एससी) और अनुसूचित जनजाति (एसटी) सीटों पर उम्मीदवारों के लिए यह रकम 12,500 रुपये कर दी गई थी।



### ऐसे होती है जमानत जब्त

चुनाव आयोग के मुताबिक अगर चुनाव में किसी उम्मीदवार को कुल पड़े वोटों का 1/6 फीसदी हासिल नहीं होता है तो उस प्रत्याशी की जमानत जब्त हो जाती है। यह पैसा भारतीय रिजर्व बैंक या सरकारी खजाने में जमा कर दिया जाता है।

**इस साल बढ़ गई है संख्या :** इस साल जब्त की गई जब्त राशि की कुल संख्या 2019 से बढ़ गई है। लोकसभा चुनाव-2019 में कुल 8,054 उम्मीदवारों में से 6,923 या 86% ने जमानत खो दी थी, जो कुल 15.87 करोड़ रुपये थी।

### बसपा के उम्मीदवारों की जमानत सबसे ज्यादा जब्त

अगर बात की जाए कि लोकसभा चुनाव-2024 में किस पार्टी के उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा जमानत जब्त हुई तो इसमें सबसे ज़्यादा उम्मीदवार बसपा के थे। बसपा के 476 उम्मीदवारों की जमानत इस चुनाव में जब्त हुई है। मायावती की पार्टी ने इस चुनाव में अच्छा प्रदर्शन नहीं किया है। यहां तक की पार्टी को एक भी सीट तक हासिल नहीं हुई है। इस चुनाव में मायावती की पार्टी के नाम शर्मनाक रिकॉर्ड दर्ज हुआ। बसपा के बाद कांग्रेस के 51, वंचित बहुजन आघाडी (वीबीए) के 37, ऑल इंडिया फार्वर्ड ब्लाक के 30, सीपीआई (एम) के 30, बीजेपी के 28, सीपीआई के 23, आरबीआई (ए) के 23, एआईएमआईएम के 12 और सपा के 10 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हुई है। निर्दलीय उम्मीदवारों की सबसे ज्यादा जमानत जब्त हुई है। चुनाव मैदान में उतरे 3,920 निर्दलीय उम्मीदवारों में से 3,904 उम्मीदवारों की जमानत जब्त हो गई, यानी 8.96 करोड़ की जमानत राशि जमा हुई है।

### आम चुनाव 2024 से मुख्य निष्कर्ष

भारत की 1.4 अरब की जनसंख्या में से 968 मिलियन से अधिक मतदाता हैं, जिनमें से 642 मिलियन पंजीकृत मतदाता हैं। ये नागरिक अपने मताधिकार का प्रयोग करके राष्ट्र के

**मतदाता आंकड़े**

लोकतांत्रिक ताने-बाने में योगदान देते हैं। इनमें महिला मतदाता महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जिनकी 312 मिलियन सक्रिय भूमिका चुनावी प्रक्रिया में रही है। मतदाताओं की संख्या सभी G7 देशों - अर्थात अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी, इटली, जापान और कनाडा - के मतदाताओं की कुल संख्या का 1.5 गुना है। यह ध्यान रखना आवश्यक है कि यह तुलना मतदाताओं से संबंधित है, निर्वाचकों से नहीं। इसके अलावा, यह आंकड़ा यूरोपीय संघ के 27 देशों के कुल मतदाताओं की संख्या का 2.5 गुना है।

#### 85+ एवं दिव्यांग मतदाता

समावेशिता भारतीय चुनावों की पहचान है। 85 वर्ष और उससे अधिक आयु के मतदाता, साथ ही दिव्यांग मतदाता (PwDs) देश के भविष्य को आकार देने में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं।

#### विश्व का सबसे बड़ा चुनावी अभियान

भारत की चुनाव मशीनरी ने एक विशाल अभियान चलाया है। इसमें 1.5 करोड़ से अधिक मतदान एवं सुरक्षाकर्मी शामिल थे। उन्होंने विविध भौगोलिक क्षेत्रों में सुचारू संचालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष रेलगाड़ियों, हवाई उड़ानों, वाहनों और निगरानी टीमों का उपयोग किया।

#### जम्मू और कश्मीर में मतदान

जम्मू और कश्मीर में हाल ही में हुए चुनाव में कुल मिलाकर 58.58% मतदान हुआ। वहीं, घाटी में 51.05% मतदान हुआ। चुनौतियों के बावजूद नागरिकों ने लोकतंत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दर्शाते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

#### इंटरनेट प्रभाव

भारतीय जनता पार्टी इंटरनेट के महत्त्व को स्वीकार करती है और उसने भारत के राजनीतिक क्षेत्र में इतिहास रच दिया है, क्योंकि वह देश की पहली राजनीतिक पार्टी बन गई है, जिसने सर्च इंजन गूगल और उसके वीडियो प्लेटफॉर्म यूट्यूब पर राजनीतिक विज्ञापनों से 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है।

## हिमाचल सरकार का यू-टर्न, सुप्रीम कोर्ट में कहा

# 'दिल्ली सरकार को देने के लिए अतिरिक्त पानी नहीं'



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को दिल्ली सरकार को निर्देश दिया कि वे पानी की सप्लाई के लिए अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) से अपील करें। हिमाचल प्रदेश सरकार के यू-टर्न लेने के बाद सुप्रीम कोर्ट ने यह निर्देश दिया। हिमाचल सरकार ने बताया कि उनके पास कोई अतिरिक्त पानी नहीं है। इस पर जस्टिस प्रशांत कुमार मिश्रा और जस्टिस प्रसन्ना बी वाराले की अवकाश पीठ ने दिल्ली सरकार को अपर यमुना नदी बोर्ड के सामने शाम पांच बजे तक अपील करने का निर्देश दिया।

### मानवीय आधार पर अपील

कोर्ट ने कहा कि दिल्ली सरकार को मानवीय आधार पर अपील करनी चाहिए। वहीं हिमाचल प्रदेश सरकार ने पहले सुप्रीम कोर्ट को बताया था कि उनके पास अतिरिक्त पानी है, जिसके बाद कोर्ट ने हिमाचल को अतिरिक्त पानी छोड़ने का निर्देश दिया था, जो हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचना था, लेकिन अब हिमाचल ने अपने बयान से पलटते हुए कोर्ट को बताया कि उनके पास 136 क्यूसेक अतिरिक्त पानी नहीं है।

### कोर्ट ने बोर्ड से अपील करने का दिया निर्देश

पीठ ने कहा 'राज्यों के बीच यमुना के पानी का बंटवारा एक जटिल और संवेदनशील मुद्दा है और इस अदालत के पास वो तकनीकी विशेषज्ञता नहीं है, इस पर फैसला कर सके। ऐसे में यह मामला उस निकाय पर छोड़ा जाना चाहिए, जिसका गठन विभिन्न पक्षों में समझौते के बाद एमओयू द्वारा साल 1994 में किया गया था।' कोर्ट ने कहा 'अपर यमुना रिवर बोर्ड ने पहले से ही दिल्ली सरकार को पानी की सप्लाई के लिए एक याचिका दायर करने को कहा हुआ है। ऐसे में दिल्ली सरकार को याचिका दाखिल करनी चाहिए और अगर अभी तक नहीं की है तो आज शाम पांच बजे तक दाखिल करें। बोर्ड इस मामले में कल बैठक करे और जल्द से जल्द इस पर फैसला करे।' दिल्ली इन दिनों जल संकट से जूझ रही है। ऐसे में दिल्ली सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हरियाणा से अतिरिक्त पानी दिल्ली को देने की मांग की थी ताकि राष्ट्रीय राजधानी में जल संकट का समाधान हो सके।

# खांडू ने अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में ली शपथ

## चौना मीन बने उप मुख्यमंत्री

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी के नेता पेमा खांडू ने गुरुवार को अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली। शपथ ग्रहण समारोह ईटानगर के दोरजी खांडू सम्मेलन केन्द्र में हुआ। चौना मीन ने अरुणाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री के रूप में शपथ ली।

भव्य शपथ ग्रहण समारोह में केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, किरण रिजिजू और असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा समेत कई वीआईपी शामिल रहे। पेमा खांडू लगातार



तीसरी बार प्रदेश के मुख्यमंत्री बने है। सीएम खांडू के साथ 11 अन्य विधायकों ने भी मंत्री पद की शपथ ली। भारतीय जनता पार्टी ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है।षपेमा खांडू ने कल शाम राजभवन में उप राज्यपाल के.टी. पटनायक से भेंट कर नई सरकार बनाने का दावा पेश किया।

### तीसरी बार सत्ता में वापसी

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पेमा खांडू की अगुवाई में भाजपा ने अपना पिछला रिकॉर्ड तोड़कर इस बार इतिहास रच दिया है। राज्य में तीसरी बार भाजपा अकेले बहुमत के साथ सत्ता में आई है। भारतीय जनता पार्टी ने 60 सदस्यीय विधानसभा में 46 सीट पर जीत हासिल कर लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश की सत्ता में वापसी की है।

## सिक्किम में भूस्खलन...



**उत्तरी सिक्किम।** उत्तरी सिक्किम में गुरुवार को लगातार बारिश के कारण हुए भूस्खलन के बाद कीचड़ और गाद में फंसे वाहन। यहां भूस्खलन से मकान भी क्षतिग्रस्त हो गए हैं। भूस्खलन से इलाके में 6 की मौत हो गई जबकि 1500 से अधिक पर्यटक फंसे हैं।

# मेरी कोशिश महाराष्ट्र की कमान संभालने की : पवार

एजेंसी ▶▶| मुंबई

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) ने हाल ही में संपन्न आम चुनावों में महाराष्ट्र में दस में से आठ लोकसभा सीटों पर जीत हासिल की थी। अब लोकसभा चुनाव परिणामों के बाद वे विधानसभा चुनाव की तैयारियों में लग गए हैं। शरद पवार ने बारामती के लोगों से मिलना शुरू कर दिया है। बारामती के शिरसुफल गांव के लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि "अगले तीन से चार महीनों में राज्य में चुनाव होने वाले हैं। चाहे कुछ भी हो, मेरा प्रयास राज्य की कमान मेरे हाथ में हो। इसके लिए हमें विधानसभा चुनाव जीतना होगा। बता दें कि शरद पवार चार बार राज्य के मुख्यमंत्री, एक दशक तक केंद्रीय कृषि मंत्री और दो साल तक रक्षा मंत्री रहे। उन्होंने कहा, "ये सभी चीजें तब हो सकती हैं, जब आपकी सामूहिक शक्ति हो। आपने मेरे सामने जो मुद्दे रखे हैं, मैं उनका समाधान करने का प्रयास करूंगा।



## इटली की पीएम मेलोनी पर दिखी भारत की छाप

# जी7 में आए विदेशी मेहमानों को किया नमस्ते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

50वां जी7 शिखर सम्मेलन 13 जून से 15 जून तक इटली के अपुलिया क्षेत्र में बोर्गो इग्नाजिया के रिसॉर्ट में आयोजित हो रहा है। इस समिट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रो, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा और कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन टूडो और जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज शामिल होने के लिए



इटली पहुंचे हैं। इस दौरान इटालियन पीएम मेलोनी पर भारत की छाप देखने को मिली. कारण, उन्होंने सम्मेलन में शामिल होने पहुंचे विदेशी मेहमानों का नमस्ते करके स्वागत किया। दरअसल, इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी ने मेहमानों का अलग अंदाज में स्वागत किया। उन्होंने जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज और यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन का नमस्ते करते हुए स्वागत किया। उनके इस अंदाज में स्वागत के वीडियो सोशल मीडिया पर भी खूब वायरल हो रहे हैं और भारतीय जमकर मेलोनी की तारीफ भी कर रहे हैं।

### यह है जी7

*और जापान शामिल हैं। इटली वर्तमान में जी7 (सात देशों का समूह) की अध्यक्षता संभाल रहा है और शिखर सम्मेलन की मेजबानी कर रहा है। जी-7 सदस्य देश वर्तमान में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद का लगभग 45% और दुनिया की 10% से अधिक आबादी का प्रतिनिधित्व करते हैं। अपनी परंपरा के अनुरूप अध्यक्षता करने वाले मेजबान देश द्वारा कई देशों और अंतर्राष्ट्रीय संगठनों के प्रतिनिधियों को शिखर सम्मेलन में आमंत्रित किया जाता है। इससे पहले 1997 और 2013 के बीच रूस को शामिल किए जाने से इसका जी8 के तौर पर विस्तार हुआ था। हालांकि, क्रीमिया पर कब्जे के बाद 2014 में रूस की सदस्यता सस्पेंड कर दी गई थी।*

### जी-7 में कृत्रिम मेधा, ऊर्जा और अफ्रीका जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा भारत: पीएम मोदी



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को इटली में आयोजित किए जा रहे जी-7 देशों के शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए रवाना हुए। भारत के प्रधानमंत्री के रूप में तीसरी बार शपथ लेने के बाद अपनी इस पहली विदेश यात्रा की शुरुआत करने से पहले उन्होंने एक बयान में कहा कि मैं 14 जून को जी-7 शिखर सम्मेलन के आउटरीच सत्र में भाग लेने के लिए इटली के अपूलिया की यात्रा करूंगा। इसमें भारत कृत्रिम मेधा, ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्य सागर जैसे मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करेगा। भारत और इटली अपनी सामरिक भागीदारी, हिंद- प्रशांत क्षेत्र और भूमध्य सागर के इलाके में सहयोग को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्ध हैं।

## पड़ोसी देश ने फिर रोया दुखड़ा

# यूएन में बोला पाक, कश्मीर पर कोई नहीं सुनता हमारी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

संयुक्त राष्ट्र में लगातार पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे पर भारत को घेरने की कोशिश करता रहता है, लेकिन कभी भी अपने गिरेबान में झांकने की कोशिश नहीं करता। अब पाकिस्तान ने फिर से यूएन में अपना दुखड़ा रोया है, हालांकि भारत भी अपना पक्ष रखता रहता है। कश्मीर मुद्दे को लेकर पाकिस्तान ने यूएन में नाराजगी जताई है। उसने यूएन पर भी सवाल उठाए हैं। पाकिस्तान का कहना है कि उसके उठाए गए मुद्दों पर यूएन ने ध्यान नहीं दिया है। न्यूयॉर्क के यूएन मुख्यालय में पाकिस्तान के उप स्थायी प्रतिनिधि राजदूत उस्मान जादून ने कहा कि हम युद्ध क्षेत्रों से गायब लोगों के मुद्दे पर बात करने के लिए मीटिंग को बुलाने



का स्वागत करते हैं। पाकिस्तान ने बार-बार गुमशुदगी का मामला उठाया है। कश्मीर में भारत की पुलिस और सुरक्षा बल जो कर रहे हैं, उसे भयानकता की श्रेणी में रखा जा सकता है। हजारों कश्मीरी युवा लापता हैं। पाकिस्तान ने आरोप लगाया कि अगस्त 2019 के बाद से कश्मीर में भारतीय सेना ने 13,000 लड़कों को गायब किया है, लेकिन फिर भी दुनिया इस पर चुप बैठी है, कोई इन मामलों पर ध्यान नहीं दे रहा है।

### पाकिस्तान ने कहा, फिर भी चुप है यूएन

भारत पर आरोप लगाते हुए पाकिस्तान ने यूएन पर भी सवाल उठाए। इतना कुछ होने के बाद भी यूएन चुप बैठा है। पाकिस्तानी प्रतिनिधि ने कहा कि कश्मीर में हजारों महिलाएं हैं, जो ये नहीं जानतीं कि उनके पति जिंदा भी हैं या नहीं. इनको कश्मीर में हाफ विडो कहा जाता है। कश्मीर में जिस तरह से लोगों को उठाकर गायब किया गया है, वो बहुत गंभीर है। ये गंभीर मानवीय मुद्दा है और हम चाहते हैं कि यूएन और मानवाधिकार की संस्थाएं इसे उठाएं।

हरिभूमि
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी

ग्राउंड रिपोर्ट- अंतिम, रायपुर संभाग



# सरकार ने खजाना खोला, पर कुंडली मारकर बैठ गए ठेकेदार, रायपुर में ही 353 स्कूलों की मरम्मत ठप

- मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना के अंतर्गत रायपुर जिले के 650 स्कूल का हुआ था चयन
- इनमें से 297 में ही निर्माण पूर्ण, 77 में दो सालों से हो रही मरम्मत, शेष की सुध नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर/धमतरी

हरिभूमि एक्सक्लूसिव

चंद दिनों बाद स्कूल खुल जाएंगे। शाला प्रवेशोत्सव को लेकर राज्य स्तर से लेकर जिला प्रशासन तक तैयारियां की जा रही हैं। निजी स्कूलों में जहां बच्चे चमचमाते भवनों में प्रवेश करेंगे तो सरकारी स्कूल के छात्रों का सामना एक बार फिर से टूटे-फूटे जर्जर भवन से होगा, जहां बैठकर पढ़ाई करना उनकी नियति है क्योंकि यहां मरम्मत कछुआ गति से हो रही है। रायपुर संभाग के अंतर्गत आने वाले दूसरे जिलों की बात छोड़िए, राजधानी रायपुर की ही स्थिति में बीते दो वर्षों से सुधार नहीं हो सका है। मुख्यमंत्री स्कूल जतन ▶▶|शेष पेज 4 पर



## महासमुंद
### 518 स्कूलों के लिए 40 करोड़, 192 शालाओं को मरम्मत का इंतजार

महासमुंद जिले के जर्जर स्कूलों के सुधार और मरम्मत के लिए 40 करोड़ 52 लाख रुपए की राशि तय की गई। 518 में से अब तक सिर्फ 326 स्कूलों का कायाकल्प हो सका है। 192 स्कूलों में ▶▶|शेष पेज 4 पर

## मैनपुर
### जान जोखिम में डालकर फिर पढ़ाई करने पहुंचेंगे आदिवासी नौनिहाल

गरियाबंद जिले के जीर्णशीर्ण स्कूलों के मरम्मत के लिए सरकार ने 30 करोड़ रुपए स्वीकृत कर भेजे थे। गरियाबंद जिले के आदिवासी विकासखंड मैनपुर ब्लॉक में बदहाल ▶▶|शेष पेज 4 पर

### 32 स्कूल जर्जर, इनका संचालन अन्य भवनों में

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के 32 ऐसे स्कूल हैं, जिसका भवन बहुत ज्यादा जर्जर हो जाने के कारण पिछले 2-3 वर्षों से अपने मूल शाला भवन को छोड़ अन्यंत्र सामुदायिक भवन या किसी के घर तथा आंगनबाड़ी मे संचालित हो रहा है। इसमें प्राथमिक ▶▶|शेष पेज 4 पर

### उच्च स्तर पर भेजी है जानकारी

मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के सभी जर्जर स्कूलों की जानकारी उच्च स्तर पर भेजा जा चुकी है। जहां स्कूल भवन बेहद जर्जर है, वहां जल्द मरम्मत करवाया जाएगा।

- आनंद कुमार रावत
जिला शिक्षा अधिकारी, गरियाबंद

### जारी करेंगे नोटिस

सभी निर्माण एजेंसियों एवं स्कूल शिक्षा अधिकारियों को 15 जून तक मरम्मत और अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं। समय पर कार्य पूरा नही करने वाले एजेंसियों को नोटिस जारी किया जाएगा। साथ ही स्कूलों में बाथरूम, शौचालय पेयजल व साफ-सफाई की व्यवस्था भी सुदृढ़ होने के निर्देश दिए गए हैं।

- प्रभात मलिक, कलेक्टर, महासमुंद

### चुनाव के कारण प्रभावित

राजधानी के स्कूलों में चुनाव के कारण मरम्मत कार्य प्रभावित हुआ है। 20 फीसदी काम ही शेष है। मूल्यांकन कर रहे हैं।

- केएस पटले, जिला मिशन समन्वयक समग्र शिक्षा

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### पूर्व सीएम येदियुरप्पा के खिलाफ अरेस्ट वारंट



**बेंगलुरु।** कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बीएस येदियुरप्पा को कोर्ट ने गैर जमानती वारंट जारी किया है। इसी जांच सीआईडी द्वारा की जा रही है। वहीं येदियुरप्पा ने कोर्ट में अग्रिम जमानत की याचिका दायर की है। पास्को के तहत पूर्व सीएम पर 17 वर्षीय लड़की के साथ छेड़छाड़ का आरोप में मुकदमा चल रहा है।

### सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा के लिए भरा नामांकन



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार ने राज्यसभा चुनाव के लिए राकांपा के उम्मीदवार के रूप में नामांकन दाखिल किया। हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में सुनेत्रा पवार को बारामती निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था। पवार को उनकी ननद सुप्रिया सुले ने पराजित किया था।

### 64 करोड़ का घोटाला, सात आरोपियों के खातों पर रोक



**इंदौर।** देश के सबसे स्वच्छ शहर इंदौर में कम से कम 64 करोड़ रुपए के ड्रेनेज घोटाले की जांच कर रही पुलिस ने सात आरोपियों के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी है। जिन सात आरोपियों के बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगाई गई है, उनमें पांच ठेकेदार और इंदौर नगर निगम के दो कारिंदे शामिल हैं।

### 800 किलो गांजा जब्त तीन गिरफ्तार



**नोएडा।** नोएडा पुलिस ने लगभग चार करोड़ रुपये मूल्य का 800 किलो गांजा जब्त किया है, उसे ले जा रहे तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। ट्रक में गांजा और 2,000 लीटर कीटनाशक छिपाकर रखा गया था, जिसे ओडिशा से लाया जा रहा था।

### पूर्व आईपीएस किरण बेदी के जीवन पर बनेगी फिल्म



**मुंबई।** पूर्व आईपीएस अधिकारी किरण बेदी के जीवन पर एक फिल्म बनाई जा रही है। फिल्म का नाम 'बेदी: द नेम यू नो..द स्टोरी यू डोंट' होगा। इसके निर्देशक व लेखक कुशाल चावला हैं। इसका निर्माण 'ड्रीम स्लेट पिक्चर्स' के बैनर तले किया जाएगा। फिल्म में बेदी के जीवन के उस पक्ष को सामने लाया जाएगा जिससे अभी तक लोग अनजान हैं।

## ग्रेस पाने वाले स्टूडेंट का स्कोर कार्ड रद्द, 23 जून को परीक्षा और 30 को आएगा परिणाम

# नीट पर 'सुप्रीम' आदेश, ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 अभ्यर्थियों को दोबारा देनी होगी परीक्षा


*नीट रिजल्ट के बाद दाखिल की गई याचिकाओं पर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए कहा कि ग्रेस मार्क्स पाने वाले 1563 छात्रों को फिर से परीक्षा देनी होगी। हम काउंसलिंग पर रोक नही लगाएंगे। इसके लिए सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस जारी करके 2 हफ्ते में जवाब मांगा है। अब अगली सुनवाई 8 जुलाई को होगी। इधर, केंद्र सरकार ने कोर्ट को बताया कि 1563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रीय पात्रता-सह-प्रवेश परीक्षा-स्नातक (नीट-यूजी) परीक्षा को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र ने बृहस्पतिवार को उच्चतम न्यायालय को अवगत कराया कि उसने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 अभ्यर्थियों को दिए गए कृपांक रद्द कर दिए हैं। केंद्र ने यह भी कहा कि ऐसे अभ्यर्थियों के पास या तो दोबारा परीक्षा देने या नष्ट हुए समय की क्षतिपूर्ति के लिए उन्हें दिए गए कृपांकों को छोड़ने का विकल्प होगा। शीर्ष अदालत ने नीट-यूजी, 2024 के लिए छह जुलाई से शुरू होने वाली काउंसलिंग रोकने से इनकार करते हुए स्पष्ट किया कि चिकित्सा महाविद्यालयों और अन्य संस्थानों में सफल उम्मीदवारों का प्रवेश उन याचिकाओं के परिणाम के अधीन होगा, जिनमें प्रश्नपत्र लीक और अन्य कदाचार के आधार पर पांच मई को आयोजित परीक्षा रद्द करने जैसी राहत मांगी गई है।

न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने याचिकाकर्ताओं की शिकायतों पर गौर करने के लिए गठित पैनल की सिफारिश पर 1,563 उम्मीदवारों को दिए गए कृपांक रद्द करने के फैसले को "काफी उचित" बताया। राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) अखिल भारतीय प्री-मेडिकल प्रवेश परीक्षा आयोजित करती है।

सुनवाई की शुरुआत में केंद्र और एनटीए की ओर से पेश वकील कनु अग्रवाल ने कहा कि शिकायतों का संज्ञान लेने के लिए गठित समिति ने "छात्रों की आशंकाओं को दूर करने" के लिए 12 जून को यह फैसला किया। उन्होंने कहा कि समिति का मानना था कि कृपांक वापस लिये जाने चाहिए और इन उम्मीदवारों के लिए 23 जून को फिर से आयोजित होने वाली परीक्षा ▶▶|शेष पेज 4 पर



### छात्र की यह मांग

छात्रों का आरोप है कि परीक्षा में धांधली हुई है। ऐसे में काउंसलिंग पर रोक लगाई जाए और पेपर फिर से होने चाहिए। नीट यूजी-2024 रिजल्ट जारी होने के बाद छात्रों ने आरोप लगाया है कि इसमें गड़बड़ी हुई है। पहली बार ऐसा हुआ है, जब 67 छात्र टॉपर हैं।

### कृपांक दिए जाने को चुनौती

नीट-यूजी अभ्यर्थी जरीपिति कार्तिक द्वारा दायर तीसरी याचिका में परीक्षा के दौरान कथित रूप से समय बर्बाद होने के लिए कृपांक दिए जाने को चुनौती दी गई है। यह परीक्षा पांच मई को 4,750 केंद्रों पर आयोजित की गई थी और इसमें लगभग 24 लाख उम्मीदवारों ने भाग लिया था। परिणाम 14 जून को घोषित होने की उम्मीद थी। लेकिन उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन पहले पूरा हो जाने के कारण इसे चार जून को ही घोषित कर दिया गया।

### इधर, मंत्री के ऐसे बोल
### प्रधान बोले- न लीक और न कोई भ्रष्टाचार




केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने 'राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातक' (नीट-यूजी) में प्रश्नपत्र लीक होने के आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि इसका कोई प्रमाण नहीं है। प्रधान ने संवाददाताओं से कहा, नीट-यूजी में प्रश्नपत्र लीक होने का कोई प्रमाण नहीं है। एनटीए (राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी) में भ्रष्टाचार के आरोप बेबुनियाद हैं। यह बहुत ही प्रामाणिक संस्था है। उन्होंने कहा, सुप्रीम कोर्ट मामले में सुनवाई कर रहा है और हम उसके फैसले का पालन करेंगे। हम सुनिश्चित करेंगे कि किसी छात्र को नुकसान नहीं उठाना पड़े।

### सात हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में याचिका

नीट पर आरोपों के कारण कई शहरों में विरोध प्रदर्शन हुए और सात उच्च न्यायालयों और सर्वोच्च न्यायालय में मामले दायर किए गए। कथित अनियमितताओं की जांच की मांग को लेकर 10 जून को दिल्ली में बड़ी संख्या में छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया। एनटीए के इतिहास में अभूतपूर्व रूप से 67 छात्रों ने 720 अंक प्राप्त किए, जिनमें हरियाणा के फरीदाबाद के एक ही केंद्र के छह छात्र शामिल हैं। इसके बाद परीक्षा को लेकर संदेह पैदा हो गया है।

# मोदी का 'जेम्स बॉन्ड' पर भरोसा अटूट, नहीं बदली बैकडोर टीम

- तीसरी बार एनएसए बनाए गए डोभाल
- कंधार से लेकर कश्मीर तक का मामला सुलझाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने तीसरे कार्यकाल में मंत्रिमंडल के अहम मंत्रालयों सहित बैकडोर ब्यूरोक्रेसी में कोई भी बड़ा बदलाव नहीं किया है। संभवतः पीएम का अपनी टीम पर यह भरोसा ही है कि उनको बदलाव की कोई जरूरत महसूस नहीं हुई है। गृह, रक्षा, विदेश, वित्त जैसे तमाम बड़े मंत्रालय पीएम मोदी के दूसरे कार्यकाल के नेता ही इस नई सरकार में संभालते नजर आ रहे हैं।

मोदी सरकार ने अजीत डोभाल को एक बार फिर राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार नियुक्त किया है। अजीत डोभाल की पहचान पीएम मोदी की नजर में जेम्स बॉन्ड ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पीके मिश्रा पीएम के प्रधान सचिव

भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी पी के मिश्रा को पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रधान सचिव नियुक्त किया गया है। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में यह जानकारी दी गयी है। आदेश में कहा गया है कि उनकी नियुक्ति 10 जून 2024 से प्रभावी होगी। इसमें कहा गया है, नियुक्ति संबंधी मंत्रिमंडलीय समिति ने आईएएस (सेवानिवृत्त) अधिकारी पी के मिश्रा की प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है जो 10 जून से प्रभावी होगी। उनकी नियुक्ति प्रधानमंत्री के कार्यकाल के साथ या अगले आदेश तक, जो भी पहले हो, तक रहेगी।

### कश्मीर में आतंकी घटनाओं पर पीएम मोदी ने दिए निर्देश



- आतंकरोधी क्षमताओं के पूर्ण इस्तेमाल के निर्देश

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीर्थयात्रियों को लेकर जा रही एक बस पर हमले सहित जम्मू एवं कश्मीर में हाल के दिनों में हुई कई आतंकवादी घटनाओं के बाद बृहस्पतिवार को वहां की सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की और अधिकारियों को 'आतंकवाद रोधी क्षमताओं का पूर्ण इस्तेमाल' करने का निर्देश दिया। सरकारी सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और अन्य अधिकारी मोदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में शामिल हुए। इस दौरान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से भी बात की गई। सुरक्षा बलों की तैनाती और आतंकवाद विरोधी अभियानों पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया कि मोदी ने जम्मू एवं कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से भी बात की और केंद्र शासित प्रदेश में स्थिति का जायजा लिया।

# डीएएन टेस्ट से 45 भारतीयों के साथ ही फिलीपीन के तीन नागरिकों के शवों की पहचान



### विदेश राज्यमंत्री पहुंचे कुवैत, भारत लाए जाएंगे शव



एजेंसी ▶▶| दुबई/कुवैत सिटी

- प्रधानमंत्री कोष से हर मृतक के परिजनों को मिलेंगे दो-दो लाख

कुवैत के अधिकारियों ने विदेशी श्रमिकों के आवास वाली एक इमारत में आग लगने की घटना में मारे गए 45 भारतीयों और फिलीपीन के तीन नागरिकों के शवों की पहचान कर ली है। इस हादसे में 49 लोगों की मौत हो गई थी। प्रथम उप प्रधानमंत्री, गृह मंत्री और रक्षा मंत्री शेख फहद अल-यूसुफ अल-सबा ने कहा कि अधिकारियों ने 48 शवों की पहचान कर ली है, जिनमें 45 भारतीय और तीन फिलीपीन के नागरिक हैं। प्रथम उप प्रधानमंत्री ने कहा कि शेष एक शव की पहचान के प्रयास अब भी जारी हैं। घटना में मारे गए भारतीयों के शवों को वापस लाने के लिए ▶▶|शेष पेज 4 पर

### पांच अस्पतालों में चल रहा उपचार

कुवैत में भारत का मिशन संबंधित कुवैती अधिकारियों से घटना के बारे में पूरी जानकारी प्राप्त कर रहा है। घायलों को वर्तमान में कुवैत के पांच सरकारी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है और उनकी उचित चिकित्सा देखभाल की जा रही है और ध्यान दिया जा रहा है। अस्पताल के अधिकारियों के अनुसार, भर्ती किए गए अधिकांश घायलों की हालत स्थिर है। घटना के बाद कुवैत में भारत के राजदूत आदर्श स्वैका तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे।

### हिरासत में इमारत का मालिक

आग के कारणों की जांच पूरी होने तक प्रभावित इमारत के मालिक को हिरासत में रखा जाएगा। इस बीच, कुवैत के सरकारी वकील ने घटना की जांच शुरू कर दी है। सरकारी वकील ने 'एक्स' पर कहा कि जांच का उद्देश्य घटना के पीछे की परिस्थितियों और आग लगने के कारणों का पता लगाना है। आग कैसे लगी या किस वजह से लगी, इस बारे में कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। स्थानीय मीडिया ने बताया कि इमारत के भूतल से गैस लीक होना एक कारण हो सकता है।

# भरे बाजार 40 लाख के जेवरात की पेटी लूट ले गए बदमाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- बयानार साप्ताहिक बाजार में बड़ी वारदात

कोण्डागांव जिले के बयानार साप्ताहिक बाजार से सर्राफा व्यवसायी के लाखों के जेवरात से भरे पेटी की उठाईगिरी की घटना हुई है। बताया जा रहा है कि बाजार के बाद घर लौटने के दौरान जब जेवरात से भरी पेटी कार में रख रहे थे, तभी 3-4 की संख्या में मौजूद आरोपियों ने घटना को अंजाम दिया। जानकारी के मुताबिक घटना मंगलवार की बताई जा रही है। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### आरोपियों का नहीं चला पता

उठाईगिरी के बाद व्यापारियों व बयानार पुलिस द्वारा बाजार से लगी सभी रास्तों में पतासाजी की गई, लेकिन अज्ञात आरोपियों का पता नहीं लग सका। इसके बाद सर्राफा व्यवसायी ने बुधवार को घटना की रिपोर्ट बयानार थाना में दर्ज कराई।

### सीसीटीवी खंगाले जा रहे

बयानार थाना प्रभारी रोशन कौशिक ने बताया कि सर्राफा व्यवसायी मंगलवार को बयानार साप्ताहिक बाजार पहुंचे थे। बाजार समाप्ति के बाद जेवरों से भरे पेटी को वाहन तक छोड़ने के दौरान उनका सोने चांदी से भरा एक बक्सा गायब मिला। इस पेटी में 40 लाख के लगभग सोने व चांदी के जेवरात ▶▶|शेष पेज 4 पर

### चोरी के जेवरात की अनुमानित कीमत 8 लाख

साप्ताहिक बाजार से सोने के जेवरात चोरी होने की रिपोर्ट सर्राफा व्यवसायी राकेश जैन द्वारा दर्ज कराई गई है। रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच के मुताबिक चोरी गए जेवरात की अनुमानित कीमत 8 लाख रुपए आंकी गई है।

- सुंदरराज पी, आईजी बस्तर

## बृजमोहन बोले
# मंत्री तो मैं छह माह तक रह सकता हूं



**पार्टी जिस पद से कहेगी, इस्तीफा दे दूंगा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सांसद बन चुके प्रदेश के मंत्री बृजमोहन अग्रवाल का कहना है, मंत्री तो मैं छह माह तक रह सकता हूं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जिस दिन कहेंगे, उसी दिन इस्तीफा दे दूंगा। जहां तक किस पद से इस्तीफा देने का सवाल है, तो इसका फैसला पार्टी करेगी, पार्टी का जैसा आदेश होगा, उसका पालन किया जाएगा। बृजमोहन अग्रवाल के सांसद बनने के बाद से इस बात को लेकर चर्चा है कि वे कब विधायक और मंत्री के पद से इस्तीफा देंगे। गुरुवार को सुबह प्रदेश के पूर्व मंत्री डॉ. शिव डहरिया ने सवाल खड़ा किया था कि बृजमोहन अग्रवाल ▶▶|शेष पेज 4 पर

## सियासत की 'काली छाया' क्या हटा पायेगी 'ट्रिपल इंजन' सरकार !

*ओडिशा में भी भाजपा की सरकार बनने से जगी छत्तीसगढ़ की उम्मीदें*

# ओडिशा से महानदी विवाद नहीं सुलझा तो छत्तीसगढ़ में भी होगा दिल्ली जैसा जल संकट

शिशिर सोनी ▶▶| नई दिल्ली

हरिभूमि लगातार

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली में पेयजल की समस्या दूर करने के लिए जल बंटवारे को लेकर हाथ खडे कर दिये हैं। उन्होंने साफ कर दिया कि हिमाचल से कितना पानी दिल्ली आएगा ये तय करने का काम संबंधित विशेषज्ञ विभाग का है इस पर संवेदनशीलता के साथ निर्णय होना चाहिए। मतलब साफ है कि ▶▶|शेष पेज 4 पर

### ट्रिब्यूनल का हुआ था दौरा

जस्टिस एएम खानविलकर की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय ट्रिब्यूनल जिसमें जस्टिस रवि रंजन और जस्टिस इंदरमीत कौर कोचर संबंधित पक्षों की सुनवाई के लिए छत्तीसगढ़ की तरफ 18 से 22 अप्रैल 2023 को और 29 अप्रैल से 3 मई 2023 ओड़िशा की तरफ ग्राउंड जीरो पर जाकर स्थिति का मुआयना किया था।



- विवाद सुलझाने बना ट्रिब्यूनल बरसों से नहीं कर पाया कुछ, अध्यक्ष के लोकपाल पद पर नियुक्ति के बाद मार्च से ठप पडा है काम

### ये है विवाद

वर्ष 2016 में छत्तीसगढ़ सरकार से महानदी की धारा को कथित रूप से बैराज, बांध बनाकर रोकने और ओड़िशा की तरफ पानी नहीं दिये जाने को लेकर विवाद गहराया था जिसकी शिकायत 19 नवंबर 2016 को ओड़िशा सरकार से जलशक्ति मंत्रालय को की थी। विवाद निपटाने के लिए केंद्र ने ट्रिब्यूनल का गठन किया था। मगर, तब कोरोनाके कारण मामला रुक गया था। ▶▶|शेष पेज 4 पर

### अब 'अपनों' से आसरा

केंद्र में भाजपानीत सरकार बनी। छत्तीसगढ में भी भाजपा की सरकार है और अब ओडिशा में भी भाजपा की सरकार बन गई। अब उम्मीद की जा रही है कि आपसी सहमति के आधार पर बीच का कोई रास्ता निकले। बरसों से चला आ रहा महानदी विवाद सुलझे। इस विवाद का हल जल्द नहीं हुआ तो विशेषज्ञों का मानना है कि बैराज भले ही छत्तीसगढ की तरफ बना हो मगर छग में भी भूजल स्तर कम होने की स्थिति से इनकार नहीं किया जा सकता।

## चिंतन

# प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता आवश्यक

प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता, निष्पक्षता, शुचिता और एकरूपता जरूरी है। किसी भी क्षेत्र में श्रेष्ठ प्रतिभा को उचित अवसर मिले, यह कोशिश परीक्षा नियंत्रकों, भर्ती बोर्डों और आयोगों की ओर से होनी चाहिए, होती भी रही है, लेकिन साथ में भ्रष्टाचार की दीमक भी है। देश में अक्सर पेपर लीक के मामले सामने आते रहते हैं, परीक्षा माफिया के सक्रिय होने और उसके साथ सरकारी मशीनरी के कुछेक लोगों की मिलीभगत होने से मेडिकल, इंजीनियरिंग जैसे प्रवेश परीक्षाओं और नौकरियों के लिए आयोजित परीक्षाओं में धांधली की खबरें आती रहती हैं। भर्ती व प्रवेश परीक्षाओं में कदाचार के चलते परीक्षाओं का रद होना, मामला कोर्ट तक जाना आम होने लगे हैं। इस बार नीट-यूजी परीक्षा में जिस तरह केवल कुछेक केंद्रों के 1563 अभ्यर्थियों को ग्रेस मार्क देने का मनमाना फैसला परीक्षा आयोजक नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने किया, वह हैरान करने वाला था। क्योंकि, एग्जाम के पहले एनटीए की तरफ से जारी इन्फॉर्मेशन बुलेटिन में भी ग्रेस मार्क्स देने के प्रावधान का जिक्र नहीं था। नीट-यूजी परीक्षा में चुनिंदा अभ्यर्थियों को ग्रेस देने का यह पहला मामला था। इस ग्रेस का नतीजा यह हुआ कि जहां 67 छात्रों को सर्वोत्तम 720 अंक मिले, वहीं एक ही सेंटर से 6-6 टॉपर हुए, 2 छात्रों को, जिनकी रैंक भी 68 और 69 आई, 718 और 719 नंबर दिए गए, जोकि नीट की मार्किंग स्कीम के हिसाब से संभव नहीं हैं। आंसर सीट में गड़बड़ी से लेकर परीक्षा परिणाम में धांधली तक के आरोप सामने आए, विरोध प्रदर्शन से शुरू होकर मामला उच्चतम अदालत तक पहुंच गया। सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार ने ग्रेस मार्क को निरस्त कर ग्रेस पाने वाले छात्रों को दुबारा परीक्षा देने का फैसला करने के बारे में कह कर, नीट-यूजी की साख जरूर बचाने की कोशिश की है, लेकिन एनटीए अभी भी सवालों के घेरे में है। जब से एनटीए गठित हुई है, उसकी कार्यप्रणाली संदिग्ध रही है। आखिर केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय किस प्रकार से काम कर रहा है, उसे एनटीए के काम करने के तरीके के बारे में कैसे नहीं पता है, चुनिंदा अभ्यर्थियों को मनमाना ढंग से ग्रेस देने का फैसला किस आधार पर किया गया, प्रश्न पत्र देने में लेट होने पर समय बढ़ाया जा सकता था, पहले भी लेट होते रहे हैं, फिर ग्रेस नियम इसी बार क्यों बनाया गया, जबकि करीब 24 लाख छात्रा-छात्राओं ने मेडिकल में प्रवेश के लिए परीक्षा दी थी। एनटीए ने अब तक ये नहीं बताया कि उन्होंने ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया? ग्रेस मार्क अब नहीं दिया जाएगा, पर एनटीए की कार्यप्रणाली पर दाग लग गए हैं। गेशक, केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सफाई दें कि एनटीए पर भ्रष्टाचार के आरोप निराधार है, इससे एनटीए का ग्रेस मार्क देने का फैसला सही नहीं हो जाएगा, फैसला सही होता तो रद क्यों करना पड़ता। अब ग्रेस पाए 1563 अभ्यर्थियों को फिर से 23 जून को परीक्षा देनी होगी, 30 जून को परिणाम आएगा, इनमें से जो परीक्षा नहीं देना चाहते, उसका परिणाम बिना ग्रेस अंक के जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी की समूची परीक्षा को रद नहीं किया है, कालेजों में नामांकन के लिए काउंसलिंग जारी रहेगी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि परीक्षा की पवित्रता प्रभावित हुई है, इसलिए एनटीए को नोटिस जारी कर जवाब मांगना बनता है। प्रतियोगी परीक्षाओं में पारदर्शिता सुनिश्चित होनी चाहिए, इसकी गरिमा पर दाग नहीं लगना चाहिए। ग्रेस मार्क देने के चलते हुई गड़बड़ी की जिम्मेदारी से एनटीए बच नहीं सकती।

# समावेशी विकास पर देना होगा जोर



बजट उम्मीद
डॉ. ब्रजेश कुमार तिवारी

**मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से 5वीं बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में ज्यादा ध्यान देने की ज़रूरत है। मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। देश के 85% स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन की ज़रूरत है। नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है।**

नई सरकार को भारत को 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था और 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनाने के लिए कई आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाना होगा। मोदी सरकार के 10 साल के कार्यकाल में भारत वैश्विक स्तर पर 11वीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है, नई सरकार की नजर भारत को दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में ले जाने पर होगी। जल्द ही नया बजट पेश होगा ऐसे में सरकार को कुछ क्षेत्र में जयदा ध्यान देने की ज़रूरत है।

मौजूदा समय में भारत की अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी चुनौती महंगाई और बेरोज़गारी है। तीव्र आर्थिक विकास के बावजूद ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में बेरोज़गारी एक गंभीर समस्या बनी हुई है। भारत में 94 प्रतिशत कर्मचारी असंगठित क्षेत्र में काम करते हैं और देश का 35 फ़ीसदी उत्पादन इसी में होता है। कई सालों से असंगठित क्षेत्र में लगातार गिरावट आ रही है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का आगमन भारत में सेवा क्षेत्र के रोजगार के लिए एक बड़ी चुनौती है, क्योंकि सेवा क्षेत्र भारत की जीडीपी में 50 फीसदी से अधिक का योगदान देता है। अगर बेरोजगारी रहेगी और आय नहीं बढ़ेगी तो चीजें कैसे खरीदी जाएंगी, इससे अर्थव्यवस्था में उपभोग और निवेश का स्तर प्रभावित हुआ है तथा सरकार के लिए कर राजस्व कम हो गया है, इसलिए सबसे पहले सरकार को बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान देना होगा तभी जाकर समस्याएं कम होंगी। स्टार्टअप इंडिया योजना को और अधिक महत्व व बल देना होगा। आज देश के 85 प्रतिशत स्टार्टअप फेल हो रहे हैं। ऐसे में हमें उन्हें ज्यादा समर्थन देने की ज़रूरत है। अग्निवीर सेना भर्ती की पुनर्विचार की ज़रूरत के साथ ही सरकारी भर्तियों में तेजी लानी होगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र को हाशिए पर धकेलने वाली मौजूदा नीतियों में भी बड़े पैमाने पर बदलाव की जरूरत होगी। आज भारत में प्रति व्यक्ति आय 2,601 डॉलर है और 197 देशों में प्रति व्यक्ति इनकम के मामलों में भारत 142वें पायदान पर है। मुद्रास्फीति देश में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा बना हुआ है। वास्तव में किसी समस्या का समाधान यह स्वीकार करने से शुरू होता है कि समस्या मौजूद है और बेरोजगारी व महंगाई केवल राजनीतिक विषय नहीं हैं। पिछले कुछ समय से रसोई का बजट अनियंत्रित और असंतुलित हुआ है। मुद्रास्फीति में वृद्धि को मुख्य रूप से भोजन और ईंधन की लागत में उल्लेखनीय वृद्धि के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है। आम लोगों पर महंगाई की मार के दूरगामी असर होते हैं, याद रहे महंगा भोजन स्वास्थ्य के लिए खतरा होता है। आज हमें जीडीपी से ज्यादा ह्यूमन डेवलपमेंट इंडेक्स पर फोकस करना चाहिए जिसमे शिक्षा व स्वास्थ्य सबसे ऊपर है। यूएनडीपी के मानव विकास सूचकांक में भारत 191 देशों में से 132वें स्थान पर है, जो चिंताजनक है। आज देश के सामने बड़ी चुनौतियाँ में अच्छी शिक्षा, कौशल विकास और स्वास्थ्य सेवा हैं। स्कूली शिक्षा की गुणवत्ता बहुत अच्छी नहीं है। दूसरी ओर, उच्च शिक्षा के केवल कुछ संस्थान ही उन्नत अनुसंधान में शामिल हैं। भारत में शुरू से शिक्षा पर तुलनात्मक रूप से



सार्वजनिक व्यय कम रहा है। वहीं अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारत का अनुसंधान और विकास (आर एंड डी) व्यय-जीडीपी अनुपात में मात्र 0.7% है और 1.8% के विश्व औसत से भी बहुत कम है।

सरकार के विभिन्न प्रयासों के बावजूद आज भी अगर देश के 80 करोड़ लोग को निःशुल्क अनाज दिया जा रहा है तो निश्चित ही ये जनसंख्या अकुशल है। 'स्किल इंडिया' कई कारणों से अपेक्षित सफलता नहीं पा सका, जिसका मुख्य कारण प्रशिक्षण बुनियादी ढांचे की कमी और निजी क्षेत्र की सीमित भागीदारी है। आज भी प्रशिक्षित, प्रमाणित और अंततः प्लेसमेंट पाने वाले उम्मीदवारों की संख्या के बीच एक बड़ा बेमेल है। याद रहे एक कुशल और शिक्षित श्रम बल देश को उच्च विकास दर ले जाता है। कौशल व शिक्षा ऐसा क्षेत्र है जहां निवेश के कई प्रभाव होते हैं। जब कार्यबल अधिक कुशल बनेगा, तब आर्थिक विकास की गति को बल मिलेगा, सामाजिक बुराइयां कम होंगी और महिलाएं भी सुरक्षित होंगी। परिणामस्वरूप देश का तेजी से विकास होगा। भारत चालू खाता घाटे से लगातार जूझता रहा है, जिसका अर्थ है कि भारत का आयात इसके निर्यात से अधिक है। पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होने के बावजूद, भारत दुनिया के निर्यात में बमुश्किल 1.6 प्रतिशत योगदान देता है। 'मेक इन इंडिया' अभियान का एक प्राथमिक उद्देश्य 2022 तक भारतीय सकल घरेलू उत्पाद में विनिर्माण क्षेत्र की हिस्सेदारी को 25 प्रतिशत तक बढ़ाना था हालांकि पिछले 9 सालों में यह 14 से 16 प्रतिशत के बीच बना हुआ है। पीएम गति शक्ति, नेशनल सिंगल विंडो क्लीयरेंस, जीआईएस-मैप्ड लैंड बैंक, उत्पादन-लिंक्ड प्रोत्साहन योजना जैसी हालिया नीतियों के कार्यान्वयन से विनिर्माण क्षेत्र को लाभ होने का अनुमान है। अर्थव्यवस्था के बढ़ते आकार के बीच भारत के लिए आर्थिक असमानता को पाटने की बड़ी चुनौती है। ऑक्सफैम की रिपोर्ट सर्वाइवल ऑफ द रिचेस्टः द इंडिया स्टोरी के अनुसार, भारत में सबसे अमीर 1 फीसद आबादी के पास देश की कुल संपत्ति का 40 प्रतिशत से अधिक हिस्सा है। वैश्विक अर्थव्यवस्था में भले भारत की स्थिति पांचवीं हो गई हो, मगर विकास का हिस्सा बहुतों तक अभी पहुंच नहीं रहा है। पूंजीगत व्यय बढ़ने के बावजूद विश्व बैंक के अनुसार भारत का अवसंरचनात्मक अंतराल लगभग 1.5 ट्रिलियन डॉलर के होने का अनुमान है। खाद्य सुरक्षा प्राप्त करने, आय बढ़ाने और रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए कृषि की भूमिका सदैव महत्वपूर्ण बनी रहेगी। 2025 तक भारतीय एग्रीटेक बाजार की क्षमता 22 अरब डॉलर होने का अनुमान है, जिसमें से अब तक बमुश्किल 2% पर ही हम पहुंच पाए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में विकास, कृषि आधारित औद्योगीकरण द्वारा संचालित होना चाहिए। सरकार के निवेश प्रोत्साहन पर निजी क्षेत्र की प्रतिक्रिया अपर्याप्त रही है, फिर भी इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सामाजिक कल्याण से जुड़ी योजनाओं पर सरकारी खर्च जारी रहना चाहिए वहीं नई सरकार को बॉण्ड बाज़ार, बीमा बाज़ार और पेंशन बाज़ार का विकास भी करना चाहिए।

नई सरकार को कुछ श्रेणी में जीएसटी को भी युक्तिसंगत बनाने की जरूरत है। दूसरी तरफ, सरकार अगर चाहे तो कर राजस्व बढ़ाने के लिए कॉरपोरेट कर, संपत्ति कर जैसे कर बढ़ा सकती है। भारतीय अर्थव्यवस्था पर बढ़ता क़र्ज़ भी ऐसी चुनौती है जिसका भविष्य में समाधान निकालना ही होगा। साइबर अपराध के मामलों में तेजी से वृद्धि ने आम लोगों को बहुत आर्थिक चोट पहुंचाई है। निजी निवेश में सुधार अर्थव्यवस्था में तरक्की का सबसे अहम कारक होगा और अगली सरकार को इस पर खास जोर देना चाहिए। हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश भुगतान करने का ऐलान किया है। सरकार को इस धन को शिक्षा व रोजगार निर्माण में लगाना चाहिए।

(लेखक जेएनयू में एसोसिएट प्रोफेसर हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## सारा संसार



गणेश टोंक गंगटोक में टीवी टॉवर के पास एक पहाड़ी की चोटी पर स्थित प्रसिद्ध गणेश मंदिर है जिसकी गिनती भारत के प्रमुख गणेश मंदिर में की जाती है। हरी-भरी घाटियों और माउंट खंगचेंदज़ोंगा के सुंदर दृश्यों को प्रस्तुत करता हुआ यह मंदिर पर्यटकों और श्रद्धालुओं सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

## विश्व रक्तदाता दिवस

अरुण कुमार कैहरबा




# मानवता के अनूठे सिपाही रक्तदाता

खून के रिश्तों की सीमाएं जाति, धर्म-संप्रदायों की श्रेष्ठता को जन्म देते हुए अनेक संकीर्णताओं को जन्म देती हैं। इस श्रेष्ठता ग्रंथि का कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है। फिर भी इसके कारण इतिहास में अनेक युद्ध हुए हैं। हिटलर जैसे कट्टर लोगों ने फासीवाद जैसे क्रूर विचार को आगे बढ़ाते हुए लाखों यहूदियों को मौत के घाट उतार दिया। दूसरों का खून खून बहाने की भावना के विपरीत रक्तदान अहिंसा और सत्य के विचार को आगे बढ़ाता है। रक्तदाता दुनिया को बांटने-तोड़ने की बजाय जोड़ने का संदेश देता है। मानवता के अनूठे सिपाही बनकर रक्तदाता रक्त नालियों या सड़कों पर बहने की बजाय मनुष्य की नाड़ियों में बहाने का संदेश देते हैं। रक्तदान को बढ़ावा देने और रक्तदाताओं का सम्मान करने के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन ने 2004 में हर वर्ष 14 जून को रक्तदाता दिवस मनाने का निर्णय लिया था। सवाल यह है कि आखिर रक्तदाता दिवस के लिए यही दिन क्यों चुना गया। दरअसल यह दिन प्रसिद्ध जीव विज्ञानी एवं भौतिकीविद कार्ल लैंडस्टाइनर का जन्मदिन (14 जून, 1868) है। लैंडस्टाइनर ने रक्त का ए, बी, एबी और ओ अलग-अलग रक्त समूहों में वर्गीकरण कर चिकित्सा विज्ञान में अहम योगदान दिया था। शरीर विज्ञान में उनके योगदान के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। उनके जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए यह दिन रक्तदाता दिवस के रूप में चुना गया। मकसद यही था कि रक्त का व्यापार ना हो। इसके साथ ही स्वास्थ्य संगठन ने शत-प्रतिशत स्वैच्छिक रक्तदान नीति की नींव डाली, लेकिन अब तक लगभग 49 देशों ने ही इस पर अमल किया है। तंजानिया जैसे देश में 80 प्रतिशत रक्तदाता पैसे नहीं लेते। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार ही भारत में प्रतिवर्ष 1करोड़ यूनिट रक्त की ज़रूरत होती है, लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल कितने ही मरीज दम तोड़ देते हैं। आंकड़ों के मुताबिक राजधानी दिल्ली में हर साल 3 लाख 50 हजार रक्त यूनिट की आवश्यकता रहती है, लेकिन स्वैच्छिक रक्तदाताओं से इसका महज 30 फीसदी ही जुट पाता है। जो हाल दिल्ली का है वही शेष भारत का है। विशेषज्ञों के अनुसार भारत में कुल रक्तदान का केवल 59 फीसदी रक्तदान स्वैच्छिक होता है। भारत में अनेक शख्सियतें हैं, जो रक्तदान की अलख जगा रही हैं। भारतीय सेना में ऑनरेरी कैप्टन के पद से सेवानिवृत्त हुए हरियाणा के सुरेश सैनी 144 बार रक्तदान कर चुके हैं। यही नहीं उन्होंने 97 बार प्लेटलेट और एक बार प्लाज्मा भी दान किया है। रक्तदान, प्लेटलेट और प्लाज्मा दान के मामले में 242 का आंकड़ा छूने वालों में वे देशभर के गिने-चुने नामों में से एक हैं। उन्होंने अपनी बेटी के विवाह में कन्यादान करने से पहले रक्तदान की रस्म अदा की। पुलिस अधिकारी डॉ. अशोक वर्मा, रैडक्रॉस करनाल में जिला प्रशिक्षण अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुए एमसी धीमान भी ऐसे ही व्यक्ति हैं, जो खुद रक्तदान करते हुए भी रक्त की जरूरत पूरी करने में लोगों का स्वैच्छिक सहयोग करते हैं। संकट के समय तो रक्तदान की अहमियत और बढ़ जाती है। चाहे कोरोना के संकट का समय है या युद्ध या कोई अन्य प्राकृतिक एवं मानवीय आपदा। उस समय रक्तदाता की अहमियत और ज्यादा बढ़ जाती है। हम सभी को मिलजुल कर विश्व शांति, सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने के लिए रक्तदान को प्रेरित करना चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## श्रावण मास का धार्मिक और वैज्ञानिक महत्व



संकलित
दर्शन

भारतीय मनीषियों ने काल गणना के प्रसंग में संस्कृत के 12 मासों को वैज्ञानिकता की पृष्ठभूमि में निर्धारित किया है, जिसमें श्रावण मास चैत्रादि मासों के क्रम में पांचवें मास के क्रम में स्वीकार किया है। संस्कृत व्याकरण की दृष्टि से श्रवण नक्षत्र में अण प्रत्यय के योग से श्रावण शब्द बनता है, जिसका अर्थ है श्रवण से संबंधित। ध्यातव्य है कि ज्योतिष शास्त्र में श्रवण नक्षत्र का स्वामी भगवान विष्णु को माना गया है। जिस महीने में श्रवण नक्षत्र में पूर्णिमा होती है, उसे ही श्रावण मास कहते हैं। कुछ विद्वानों के मत से सृष्टि का प्रारंभ जल से हुआ है और सावन मास जल के लिए जाना जाता है। अतः यह सृष्टि का पहला महीना है। वेद कहते हैं- 'अप एव ससर्जादौ' अर्थात विधाता ने सर्वप्रथम जल का निर्माण किया। महाकवि कालिदास जी कहते हैं- या सृष्टिः स्रष्टुराद्या अर्थात ब्रह्मा की पहली सृष्टि जल ही है। सावन मास में सूर्य दक्षिणायन हो जाते हैं। कर्क राशि का सूर्य ही सावन मास है। इस महीने भगवान विष्णु जल का आश्रय लेकर क्षीरसागर में शयन करने चले जाते हैं। जल वृष्टि अधिक होने से पृथ्वी में कणों के गर्भांकुर फूट पड़ते हैं। गर्मी का ताप शांत हो जाता है। हृदयहारी वायु बहने लगती है। सभी चराचर जड़ चेतन जीव-जंतु हर्षित हो जाते हैं। प्रकृति का वातावरण सुरम्य हो जाता है। संपूर्ण जीव-जगत उल्लास से भर जाता है। ऊष्णता से संतप्त प्राणियों को शरण देने वाला श्रावण मास का शुभागमन परम आह्लाद देने वाला हो जाता है।

## स्वयं के धर्म की चिंता



संकलित
प्रेरणा

एक आदमी तालाब के किनारे बैठ कर कुछ सोच रहा था। तभी उसने पानी में किसी के डूबने की आवाज सुनी और उसने तालाब की तरफ देखा तो उसे एक बिच्छू तालाब में डूबता दिखाई दिया। अचानक ही वह आदमी उठा और तालाब में कूद गया। उस बिच्छु को बचाने के लिए उसने उसे पकड़ लिया और तालाब के बाहर लाने लगा। इससे घबराकर बिच्छू ने उस आदमी को डंक मारा। आदमी का हाथ खून से भर गया वो जोर-जोर से चिल्लाने लगा, उसका हाथ खुल गया और बिच्छू फिर पानी में गिर गया। आदमी फिर उसके पीछे गया। उसने बिच्छु को पकड़ा। लेकिन बिच्छू ने फिर से उसे काट लिया। यह बार-बार होता रहा। यह पूरी घटना दूर बैठा एक आदमी देख रहा था। वो उस आदमी के पास आया और बोला - अरे भाई ! वह बिच्छू तुम्हे बार-बार काट रहा है। तुम उसे बचाना चाहते हो, वो तुम्हे ही डंक मार रहा है। तुम उसे जाने क्यूँ नहीं देते? मर रहा हैं अपनी मौत, तुम क्यूँ अपना खून बहा रहे हो? तब उस आदमी ने उत्तर दिया - भाई ! डंक मरना तो बिच्छू की प्रकृति है। वह वही कर रहा है लेकिन मैं एक मनुष्य हूँ, और मेरा धर्म है दूसरों की सेवा करना और मुसीबत में उनका साथ देना। अतः बिच्छू अपना धर्म निभा रहा हैं और मैं मेरा।

## जल संकट



*नई दिल्ली में चल रहे जल संकट के बीच विवेकानंद कैंप इलाके में एक महिला टैंकर से पीने का पानी भरकर ले जाती हुई। इन दिनों गर्मी में दिल्ली के अधिकांश इलाकों में पानी संकट चल रहा है।*

## आज की पाती

### जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

हाल ही में जम्मू के रियासी जिला में आतंकियों ने श्रद्धालुओं से भरी बस पर जो कायरतापूर्ण हमला किया, वो बहुत ही शर्मनाक और निंदनीय है। इससे पता चलता है कि आतंकवाद का कोई धर्म नहीं होता है। किसी भी धर्म में हिंसा का जिक्र नहीं है। इस आतंकी हमले पर कुछ बुद्धिजीवी और अन्य लोग यह तर्क भी दे रहे हैं कि यह हमला तब हुआ जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने जा रहे हैं। कुछ राजनीतिक दल इस हमले पर राजनीति की रोटियां सेंकने की भी कोशिश कर सकते हैं। जम्मू-कश्मीर में आतंकवाद फैलाने में पाकिस्तान का सबसे बड़ा हाथ है। सवाल यह कि इस राज्य में आतंकवाद की आग कब बुझेगी?

*-सुरेश देवांगन, जगदलपुर*

## करंट अफेयर

### अर्जेंटीना की सीनेट ने दी प्रमुख सुधारों को मंजूरी


अर्जेंटीना की सीनेट ने राष्ट्रपति जेवियर मिलेई द्वारा प्रस्तावित प्रमुख राज्य सुधार और कर विधेयकों को मंजूरी दे दी है, जिससे उदारवादी नेता को क्रांतिकारी परिवर्तन लाने के अपने वादों को पूरा करने के प्रयासों में प्रारंभिक विधायी जीत मिली है। सांसदों ने 11 घंटे की चर्चा के बाद बुधवार देर रात 36 के मुकाबले 37 मतों से सुधार विधेयक को मंजूरी दे दी। इस कानून के प्रति तीव्र प्रतिक्रिया और अर्जेंटीना की कांग्रेस (संसद) में विधेयकों को लेकर पक्ष और विरोध में समान मत पड़ने के बाद उप राष्ट्रपति और सीनेट की सभापति विक्टोरिया विलारुएल ने मेइली के एजेंडे के पक्ष में निर्णायक मतदान किया। यह कानून ऊर्जा, पेंशन, सुरक्षा और अन्य क्षेत्रों में राष्ट्रपति को व्यापक अधिकार प्रदान करता है। इसमें कई ऐसे उपाय शामिल हैं जिन्हें विवादास्पद माना जाता है, जिसमें विदेशी निवेशकों के लिए एक उदार प्रोत्साहन योजना, अघोषित संपत्ति वाले लोगों के लिए कर माफी और अर्जेंटीना की कुछ सरकारी स्वामित्व वाली कंपनियों के निजीकरण की योजना शामिल है। संसद के उच्च सदन सीनेट के सदस्यों को इस विधेयक के प्रत्येक अनुच्छेद को भी स्वीकृति देनी होगी।



## ऑफ बीट

### ओजान परत को नुकसान पहुंचाने वाले रसायन घट रहे

1985 में ओजोन परत में छेद की खोज के बाद से देशों ने इसकी बहाली में सहायता के लिए संधियों पर सहमति व्यक्त की है और उनमें संशोधन किया है।



इनमें सबसे उल्लेखनीय ओजोन परत को ख़राब करने वाले पदार्थों पर मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल है, जिसे व्यापक रूप से अब तक का सबसे सफल पर्यावरण समझौता माना जाता है। संयुक्त राष्ट्र के प्रत्येक सदस्य देश द्वारा अनुमोदित और पहली बार 1987 में अपनाए गए मॉन्ट्रियल प्रोटोकॉल का उद्देश्य वायुमंडल में ओजोन-घटाने वाले पदार्थों की रिलीज को कम करना था। इनमें से सबसे प्रसिद्ध क्लोरोफ्लोरोकार्बन (सीएफसी) हैं। 1989 से शुरू होकर, प्रोटोकॉल ने 2010 तक सीएफसी के वैश्विक उत्पादन को चरणबद्ध कर दिया और रेफ्रिजरेटर, एयर कंडीशनर और इंसुलेटिंग फोम जैसे उपकरणों में उनके उपयोग पर प्रतिबंध लगा दिया। क्रमबद्ध रूप से इन रसायनों को हटाने से कम स्थापित अर्थव्यवस्था वाले देशों को विकल्पों में बदलाव के लिए समय दिया और उन्हें प्रोटोकॉल के नियमों का अनुपालन करने में मदद करने के लिए धन उपलब्ध कराया। आज, रेफ्रिजरेटर और एयरोसोल के डिब्बे में प्रोपेन जैसी गैसें होती हैं।

## ट्रेंड

### पुनः कार्यभार संभाला



मैंने रक्षा मंत्रालय का कार्यभार पुनः ग्रहण कर लिया। रक्षा मंत्रालय रक्षा में आत्मनिर्भरता की दिशा में काम करना जारी रखेगा। हमारे सशस्त्र बल भारत की बाहरी सुरक्षा बनाए रखने में सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

-राजनाथ सिंह, केंद्रीय रक्षा मंत्री

### सावधानी के साथ तैनाती



आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को थोड़ी सावधानी के साथ तैनात किया जा रहा है। सरकारों, उद्योग, शिक्षा जगत और नागरिक समाज को मिलकर एआई सुरक्षा के लिए नियम विकसित करने चाहिए, इससे पहले कि बहुत देर हो जाए।

-एंटोनियो गुतरेस, यूएन महासचिव

### यही खेल चल रहा



उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग से भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा ने अग्निपथ स्कीम लाकर सेना को कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल चल रहा है।

-प्रियंका गांधी, कांग्रेस महासचिव

### स्टारशिप सर्वाधिक शक्ति वाली



स्टारशिप अब तक बनाई गई सबसे अधिक शक्ति वाली उड़ने वाली वस्तु है। वर्तमान में सैटर्न वी के दोगुने से अधिक जोर और, भविष्य के उन्नयन के साथ, तीन गुना जोर (10,000 टन बल)।

-एलन मस्क, उद्योगपति

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।







# करन ने नए सितारों को दी ये सलाह ...

**नई दिल्ली।** करण जौहर बुधवार को मुंबई में अपनी आने वाली प्रोडक्शन किल के ट्रेलर लॉन्च इवेंट में शामिल हुए। फिल्म मेकर ने इंडस्ट्री में बढ़ती हुई एन्टोरेज लागत के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि 'एन्टोरेज लागत हमारी समस्याओं में सबसे छोटी है। यह कलाकारों का मुख्य पारिश्रमिक है जिस पर ध्यान दिया जाना चाहिए। मुझे लगता है कि सभी एक्टर्स के लिए यह समझना बहुत अहम है कि समय कैसा है। हमारी फिल्मों का माहौल कैसा है, किसी भी साइज की बड़ी मोशन पिक्चर बनाना कितना कठिन और मुश्किल है। फिल्म निर्माण की प्रक्रिया में शामिल अतिरिक्त लागतों के बारे में विस्तार से बताते हुए केजेओ ने कहा, 'यह बहुत मुश्किल है।

लाइफ Style

# तापसी
## इतना भाव क्यों खाती है!

तापसी पन्नू बॉलीवुड की वो एक्ट्रेस हैं, जो फिल्मों और अपने काम से ज्यादा पर्सनल लाइफ को लेकर चर्चा में रहती हैं। खासतौर से अपने बर्ताव के लिए। उन्हें अक्सर पपाराजी पर चिल्लाते या गुस्सा करते हुए देखा जा चुका है।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इस बार भी वो इसी कारण फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एटिट्यूड देख यूजर्स उन्हें जमकर खरी-खोटी सुना रहे हैं। एक ने लिखा, 'मुझे समझ में नहीं आता कि आप भी स्वघोषित सेलिब्रिटी के साथ सेल्फी क्यों लेना चाहते हैं।' दूसरे ने कॉमेंट किया, 'क्या है यार ये... अपने फैंस की रिक्वेस्ट करो उनकी वजह से हो।' अन्य लिखते हैं, 'ये इतना भाव क्यों खाती है, कुछ फिल्में करके।'

वीडियो में तापसी पन्नू अपनी बहन शगुन के साथ आती हुई दिख रही हैं। उन्हें देखते ही पपाराजी उन्हें रुककर पोज देने की रिक्वेस्ट करते हैं। कुछ फैंस भी हैं, जो सेल्फी लेने के लिए बेकरार दिखे। सभी 'मैम मैम...' कहते हुए उनसे तस्वीर खिंचवाने की गुजारिश कर रहे हैं, लेकिन तापसी किसी की एक नहीं सुनती हैं। कार का दरवाजा खोलते हुए तापसी कहती हैं, 'हट जाइये, प्लीज हट जाइये। आप मेरे बहुत पास आ रहे हैं।' इसके बाद वो गुस्से में अपनी कार में जाकर बैठ जाती हैं। तापसी का ये बर्ताव देखने के बाद यूजर्स गुस्से से तमतमा गए हैं। कुछ लोग तो ये भी कह रहे हैं कि कोई इसका फैन कैसे हो सकता है!



टीवी मसाला



# 'बिग बॉस ओटीटी 3' के घर में होगी मीका सिंह की एंट्री?

**नई दिल्ली।** 'बिग बॉस ओटीटी'का तीसरा सीजन जल्द ही दर्शकों के बीच धमाल मचाने के लिए तैयार है। हर कोई यह जानने के लिए उत्साहित है कि इस बार रियलिटी शो में कौन भाग लेगा, वहीं अब खबर आई है कि गायक मीका सिंह को भी अनिल कपूर के शो के लिए अप्रोच किया गया है। कथित तौर पर, निर्माता शोबिज की दुनिया से एक लोकप्रिय नाम को लाने की योजना बना रहे हैं। पिछले साल उनके पास अभिनेत्री-निर्माता पूजा भट्ट थीं, अब वे मीका सिंह को शो में लाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि, अभी तक यह पुष्टि नहीं हुई है कि मीका की मेकर्स के साथ डील फाइनल हुई है या नहीं। 'बिग बॉस ओटीटी 3' का प्रीमियर 21 जून को जियो सिनेमा पर होगा और इसे अनिल कपूर होस्ट करेंगे। शो की मेजबानी के बारे में अपनी उत्सुकता साझा करते हुए, अनिल कपूर ने पहले कहा था, "बिग बॉस ओटीटी और मैं एक ड्रीम टीम हैं! हम दोनों दिल से जवान हैं; लोग अक्सर मजाक में कहते हैं कि मैं उल्टा बूढ़ा हो रहा हूं, लेकिन बिग बॉस वाकई अच्छा शो है। यह कुछ हद तक स्कूल वापस जाने जैसा लगता है, कुछ नया और रोमांचक करने की कोशिश करना। ' उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा अपने सभी प्रोजेक्ट्स को ईमानदारी और कड़ी मेहनत के साथ किया है और मैं बिग बॉस में उसी ऊर्जा को 10 गुना बढ़ाने जा रहा हूं!



# दिलीप कुमार को याद कर हुईं भावुक

**मुंबई।** अभिनेत्री फरीदा जलाल अपने करियर में राजेश खन्ना की हीरोइन रह चुकी हैं। राजेश खन्ना के अलावा उन्होंने दिलीप कुमार के साथ फिल्म 'गोपी' में काम किया था। दिलीप कुमार के बातें करते हुए अभिनेत्री कहती हैं, 'दिलीप साहब का दिल सोने का था। उनकी शालीनता की मैं क्या मिसाल दूं। उन जैसा कोई हो ही नहीं सकता है। सेट पर आप उनको देखकर कह ही नहीं सकते थे कि ये सुपर स्टार हैं'। 'मुझे अच्छी तरह से याद है जब मुझे 'गोपी' फिल्म ऑफर की गई थी तब मैंने दिलीप कुमार और मीना कुमारी के साथ काम करने के लिए तुरंत हां कर दिया था। एक कलाकार और इंसान के तौर पर मुझे दोनों से काफी कुछ सीखने को मिला था। मैं आज भी दिलीप कुमार और मीना कुमारी की फैन हूं'।




# बॉर्डर के पूरे हुए 27 साल मनाया जश्न...

**मुंबई।** भारतीय सिनेमा की कल्ट फिल्मों में शामिल 'बॉर्डर' ने गुरुवार को अपनी रिलीज के 27 साल पूरे कर लिए। इस खास मौके पर फिल्म के सीक्वल का भी ऐलान हो चुका है। सनी देओल ने सोशल मीडिया पर फिल्म की आधिकारिक घोषणा गुरुवार (13 जून) को कर दी। इस अवसर पर अभिनेता जैकी श्रॉफ ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा कर खास अंदाज में फिल्म के 27 साल पूरे होने का जश्न मनाया है। दरअसल, अभिनेता ने फिल्म में अपने अभिनय को याद करते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी पर अपने सीन की एक क्लिप पोस्ट की है। वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने अपने सह-कलाकारों को टैग किया। इस फिल्म में जैकी श्रॉफ ने वायु सेना के अधिकारी विंग कमांडर आनंद बाजपेयी का किरदार निभाया था।

# मोना सिंह ने ठुकरा दिया था करण ओबेरॉय से शादी का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** करण ओबेरॉय और मोना सिंह की मुलाकात साल 2006 में टीवी शो 'जस्सी जैसी कोई नहीं'की शूटिंग के दौरान हुई थी। सेट पर एक दूसरे के साथ



ज्यादा समय बिताने के बाद दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। हालांकि, कुछ समय तक डेट करने के बाद दोनों का ब्रेकअप हो गया था। हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान अभिनेता ने अपने रिश्ते को लेकर खुलकर बात की। इंटरव्यू के दौरान उन्होंने खुलासा किया कि वह मोना से शादी करना चाहते थे, लेकिन अभिनेत्री ने उनका प्रस्ताव ठुकरा दिया था। उस समय को याद करते हुए करण ने मोना को बेपरवाह और खुलकर हंसने वाली शख्सियत बताया, जिसकी वजह से वह उनकी ओर आकर्षित हुए थे। उन्होंने कहा कि भले ही दोनों का रिश्ता टूट गया हो, लेकिन उनके मन में मोना के लिए कोई भी बुरी भावना नहीं है। करण ने स्वीकार किया कि उस समय वह इस दृष्टिकोण को नहीं समझ पाए थे। लेकिन अब वह समझते हैं कि वह अपने करियर पर ध्यान केंद्रित करना चाहती थीं। उन्होंने कहा कि अपेक्षाएं और किसी के लिए अलग घारणा रखना दुख का कारण बन सकते हैं।

# फिल्म फसल के सॉन्ग 'बलमु के हिपिया' ने मचाई धूम...

**नई दिल्ली।** भोजपुरी फिल्म फसल की जोरदार धूम है। फिल्म को दर्शकों का खूब प्यार मिला और इसमें दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे लीड रोल में है। मरून कलर सडिया गाना इसका यूट्यूब पर जमकर धूम मचा रहा है। इस गाने में भोजपुरी की यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे और जुबली स्टार निरहुआ नजर आ रहे है। लेकिन आप जानते हैं कि मरून कलर सडिया और फसल में जान बसल गानों की खूब धूम है। इन भोजपुरा गानों में निरहुआ और आम्रपाली दुबे की केमेस्ट्री को जमकर पसंद किया जा रहा है। लेकिन भोजपुरी फसल का एक और गाना भी है जिसे दर्शकों का खूब प्यार मिल रहा है। हम बात कर रहे हैं फसल फिल्म के गाने बलमु के हिपिया को खूब पसंद किया जा रहा है। भोजपुरी सिनेमा की सुपरहिट जोड़ी दिनेश लाल यादव निरहुआ और आम्रपाली दुबे के गाने और फिल्में जब भी आती हैं तो बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा देती है। ऐसा ही कुछ फसल के बारे में भी कहा जाता है। लेकिन इसके गाने भी कम धूम नहीं मचा रहे है। बलमु के हिपिया (यहां हिपिया से अर्थ हिप्पी कट हेयर स्टाइल से है)। निरहुआ और आम्रपाली दुबे का गाना बलमु के हिपिया वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स के यूट्यूब पर मौजूद है। इस गाने को भोजपुरी सिंगर शिल्पी राज ने गाया है। इस गाने में निरहुआ और आम्रपाली दुबे देहाती वेशभूषा में नजर आ रहे हैं।



# 1976 की सुपरहिट फिल्म, स्क्रिप्ट सुनते-सुनते ही सो गए थे शत्रुघ्न सिन्हा

*हिंदी सिनेमा का दिग्गज सितारा, जिन्होंने अपने करियर की शुरुआत में कई छोटे-छोटे रोल किए दमदार आवाज वाले वो स्टार हैं शत्रुघ्न सिन्हा। साल 1976 में उन्होंने एक ऐसी फिल्म में काम किया था, जिसके लिए वह पहली पसंद ही नहीं थे। लेकिन, इसी फिल्म ने उन्हें रातोंरात स्टार बनाया था। शत्रुघ्न सिन्हा ने अपने करियर में कई हिट फिल्में दी हैं। देखते ही देखते वह लीड एक्टर्स की जमात में खड़े हो गए। लेकिन यहां तक आने के लिए उन्हें काफी कुछ झेलना पड़ा था। तब जाकर एक्टर की नैया पार लगी थी।*

**नई दिल्ली।** आज इंडस्ट्री के दिग्गज कहलाने वाले स्टार शत्रुघ्न सिन्हा को साल 1976 में फिल्म कालीचरण में काम करने का मौका मिला था। इसी फिल्म के बाद उनकी किस्मत का सितारा चमका था। इससे पहले उन्होंने जिन फिल्मों में काम किया, उनसे उन्हें वो पहचान नहीं मिली, जो इस फिल्म से मिली। फिल्म कालीचरण में शत्रुघ्न सिन्हा को पहली बार लीड रोल में अपना टैलेंट दिखाने का मौका मिला था। फिल्म में बतौर स्टार उनकी जिंदगी बदल दी। वह रातोंरात स्टार बन गए थे। फिल्म इतनी बड़ी हिट साबित हुई थी कि फिल्म के डायलॉग लोगों के सिर चढ़कर बोलने लगे थे।



## राजेश और सुनील को ऑफर हुई थीं फिल्म

शत्रुघ्न सिन्हा से पहले ये फिल्म राजेश खन्ना और सुनील दत्त जैसे स्टार्स को भी ऑफर हुई थी। लेकिन बात नहीं बनी। क्योंकि फिल्म से किस्मत तो राजेश खन्ना की चमकने वाली थी, फाइनली फिल्म उनके हिस्से में आई और देखते ही देखते वह मेकर्स की पहली पसंद बन गए। कुछ मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म के लिए सुभाष घई ने ही डायरेक्टर सिप्पी साहब को शत्रुघ्न सिन्हा का नाम दिया था। लेकिन जब सुभाष घई उनके पास स्क्रिप्ट लेकर गए तो कहानी सुनते -सुनते शत्रुघ्न सिन्हा सो गए थे। फिर भी उन्होंने फिल्म के लिए एक्टर को राजी कर लिया था और यही फिल्म उनके लिए मील का पत्थर साबित हुई थी। बता दें एक समय ऐसा भी था जब फिल्म 'खिलौना' से तो शत्रुघ्न सिन्हा को बाहर ही कर दिया गया था। तब इस फिल्म की लीड एक्टर मुमताज ने डायरेक्टर से झगड़कर एक्टर को फिल्म में दोबारा से काम दिलाया था। दोनों कॉलेज टाइम से ही अच्छे दोस्त रहे हैं।






# 15 अगस्त को रिलीज नहीं होगी फिल्म 'पुष्पा 2'

**नई दिल्ली।** टी सीरीज की फिल्म 'खेल खेल में' के इस साल 15 अगस्त को रिलीज होने की बात तय होते ही अब ये भी तय हो चला है कि इस दिन फिल्म 'पुष्पा 2' रिलीज नहीं हो रही है। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज 15 अगस्त को होनी है, ये तय होने के बाद से तमाम हिंदी और दूसरी भाषाई फिल्मों ने अपनी फिल्मों की रिलीज डेट आगे पीछे कर ली थी। सबसे पहले इस तारीख पर फिल्म रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन'उर्फ 'सिंघम 3' आने का एलान हुआ था लेकिन 'पुष्पा 2' के इसी तारीख को आने की घोषणा के बाद एक सुपरहिट फिल्म की सख्त जरूरत महसूस कर रहे निर्देशक रोहित शेट्टी ने अपनी फिल्म 'सिंघम अगेन' को खिसकाकर दिवाली के पास कर लिया था। फिल्म 'पुष्पा 2' की रिलीज टलने के बाद भी अजय देवगन की इस फिल्म के अब 15 अगस्त को वापस रिलीज होने की संभावना नहीं है। अजय देवगन ने इस बारे में पूछे जाने पर गुरुवार को भी इससे इनकार ही किया। जानकारी के मुताबिक फिल्म 'पुष्पा 2' में मुख्य विलेन बने मलयालम सिनेमा के अभिनेता फहद फासिल इन दिनों कई फिल्में एक साथ कर रहे हैं और फिल्म 'पुष्पा 2' के लिए मिली उनकी तारीखों का उपयोग किया भी जा रहा था।




SBI
भारतीय स्टेट बैंक
केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई
फोन: 022-22820427

आवेदन के लिए क्यूआर स्कैन करें

नियमित/संविदा आधार पर विशेषज्ञ संवर्ग अधिकारियों की भर्ती

नियमित/संविदा आधार पर निम्नलिखित पद के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं.

| अनु क्र. | पद का नाम | रिक्ति | समतुल्य/ तुलनीय श्रेणी | प्रकार |
|---|---|---|---|---|
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/01 | | | | |
| 1 | रक्षा बैंकिंग सलाहकार (डीबीए)– वायु सेना | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 2 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – बेंगलुरु | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| 3 | सर्किल रक्षा बैंकिंग सलाहकार (सीडीबीए) – चंडीगढ़ | 1 | –लागू नहीं– | संविदा |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/02 | | | | |
| 4 | चार्टर्ड अकाउंटेंट (विशेषज्ञ) | 9 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/03 | | | | |
| 5 | अनुसंधान विश्लेषक – फ़ॉरेक्स | 1 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 6 | अनुसंधान विश्लेषक – इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| 7 | अनुसंधान विश्लेषक – प्राइवेट इक्विटी | 2 | एमएमजीएस–III | संविदा |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/04 | | | | |
| 8 | जलवायु जोखिम विशेषज्ञ | 2 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| 9 | मार्केट जोखिम विशेषज्ञ | 3 | एमएमजीएस–III | नियमित |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/05 | | | | |
| 10 | व्यापार वित्त अधिकारी (एमएमजीएस–II) | 150 | एमएमजीएस–II | नियमित |
| विज्ञापन सं.: CRPD/SCO/2024-25/06 | | | | |
| 11 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (इंफ्रास्ट्रक्चर सुरक्षा और विशेष परियोजनाएं) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |
| 12 | वरिष्ठ उपाध्यक्ष (सूचना सुरक्षा संचालन) | 1 | टीईजीएस–VI | संविदा |

पात्रता मानदंड (आयु, अनुभव, जॉब प्रोफाइल आदि), रिक्ति विवरण, आवश्यक शुल्क एवं अन्य विवरण के लिए बैंक की वेबसाइट **https://bank.sbi/web/careers/current-openings** पर लॉग ऑन करें, जहाँ उपरोक्त विस्तृत विज्ञापन उपलब्ध हैं. ईसके साथ आवेदन को ऑनलाइन जमा करने और साथ ही साथ आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान करने हेतु एक लिंक भी दी गई है. आवेदन करने और शुल्क भेजने से पहले अपनी पात्रता सुनिश्चित करने एवं अन्य विवरणों के लिए विस्तृत विज्ञापन पढ़ें. कोई अन्य पूछताछ करने के लिए कृपया **"CONTACT US"→ "Post Your Query"** लिंक के माध्यम से हमें लिखें, जो कि बैंक की वेबसाइट **(https://bank.sbi/web/careers/post-your-query )** पर उपलब्ध है.

- **आवेदन ऑनलाइन जमा करने और शुल्क का भुगतान करने की तिथि : 07.06.2024 से 27.06.2024 तक.**

स्थान: मुंबई
दिनांक: 07.06.2024
महाप्रबंधक (आरपी एंड पीएम)

## जैकेट के शेष

### दानवीर बढ़ गए, पर....

में रक्तदान करने के लिए सामाजिक संगठन और व्यक्तिगत रूप से लोग सक्रिय हो चुके हैं। रक्तदान के प्रति लोगों में जागरूकता तो बढ़ी है मगर वर्तमान में जितनी आवश्यकता है उतने की पूर्ति नहीं हो पा रही है। इसकी वजह से आज भी विभिन्न ब्लड बैंकों में जरूरी रक्त के लिए बीमार मरीजों के परिजनों को भटकते हुए देखा जा सकता है। अधिकारियों के अनुसार ब्लड बैंकों में रिप्लेस कर रक्त लेने वालों की संख्या कम और निर्धारित दाम देकर खरीदने वालों की संख्या अधिक है। रक्त की मांग और उपलब्धता में अंतर बना हुआ रहता है। ये संस्थाएं विभिन्न स्थानों पर लगाए जाने वाले शिविर और व्यक्तिगत रूप से रक्तदान करने वालों की मदद से उपलब्धता बनाने का प्रयास करती हैं।

**राजधानी में तीन प्रमुख ब्लड बैंक** : राजधानी में शासकीय स्तर पर तीन प्रमुख ब्लड बैंक आंबेडकर अस्पताल, डीकेएस अस्पताल तथा एम्स में संचालित हैं, जो यहां के 90 से 95 प्रतिशत मरीजों की आवश्यकता को पूरा करते हैं। इसके अलावा जिला अस्पताल के साथ विभिन्न निजी अस्पतालों और सेक्टरों में ब्लड बैंक का संचालन किया जाता है। डीके अस्पताल में संचालित रेडक्रास का ब्लड बैंक विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों के ब्लड स्टोरेज का मेंटेनेंस भी करता है।

### कोरोना में सबकुछ ....

के आसपास रक्त का संग्रहण किया जा सका था। महामारी के दौरान सर्जरी और एक्सीडेंट की संख्या में भी भारी कमी आ गई थी इसके लिए मामला किल्लत तक नहीं पहुंच पाया था।

### हटाए गए कलेक्टर-एसपी .....

से हटा दिया था। अब दोनों अफसरों को सस्पेंड कर दिया गया है। इधर, हिंसा के बाद पुलिस ने आठ एफआईआर दर्ज की है। उसी आधार पर उपद्रवियों की गिरफ्तारी की जा रही है। खबर है, बुधवार रात इसी मामले में 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया, इनमें से 20 की हिंसा में बड़ी भूमिका रही है। पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही है। कई टीमें जांच में लगी हुई हैं। इधर, कांग्रेस की जांच टीम के संयोजक डॉ. शिव कुमार डहरिया सदस्यों के साथ घटनास्थल पहुंचे। उन्होंने वहां पड़ताल की। श्री डहरिया ने कहा, जैतखाम को क्षतिग्रस्त करने के बाद एफआईआर भी नहीं की गई। समाज के लोग कमेटी बनाकर मामले की जांच की मांग कर रहे थे, लेकिन सरकार ने ऐसा नहीं किया। जिन तीन आरोपियों को पकड़ा गया, उन्हें भी जमानत दे दी गई, जो अब फरार हैं। समाज के लोगों ने जब आंदोलन किया, तो सरकार ने जांच समिति बनाई। ये सतनामी समाज और छत्तीसगढ़िया लोगों का अपमान है। **व्यापारियों में गुस्सा, बंद स्थगित** : आगजनी और हिंसक घटनाओं के बाद बलौदाबाजार के व्यापारी गुस्से में हैं। नाराज व्यापारियों ने घटना के विरोध में बंद का आह्वान किया था, पर धारा 144 लागू होने के कारण शुक्रवार को बुलाए गए बंद को स्थगित कर दिया है।

**भाजपा का पलटवार** : इधर, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने बलौदाबाजार की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण हिंसक वारदात को लेकर कांग्रेस पर सस्ती और ओछी राजनीति करके वातावरण बिगाड़ने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा, मामले में हो रही जांच और गिरफ्तारियों पर कांग्रेस नेता एकाएक प्रलाप करके यह स्पष्ट कर रहे हैं कि इस अराजकता व हिंसा से कांग्रेस का कनेक्शन है। ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कतिपय षड्यंत्रकारियों ने सतनामी समाज के लोगों को बदनाम करने इस कृत्य को अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए अंजाम दिया है। अब इस मामले की सूक्ष्मता से जांच के बाद सारे तथ्य सामने आएंगे। प्रदेश सरकार ने तत्काल इस पूरी घटना पर संज्ञान लेकर न केवल त्वरित रूप से कानूनी कार्रवाई की, अपितु सतनामी समाज के प्रमुखों से विस्तृत चर्चा कर इस हिंसा को नियंत्रित करने के लिए कारगर कदम उठाए। उन्होंने कहा, भाजपा को सतनामी समाज का विरोधी बताने वाले कांग्रेसियों को यह नहीं भूलना चाहिए कि कुतुबमीनार से भी ऊंचा जैतखाम छत्तीसगढ़ में डॉ. रमन सिंह के मुख्यमंत्रित्व काल में भाजपा की पूर्ववर्ती प्रदेश सरकार ने ही बनाया था।

**भूपेश, महंत, बैज आज जाएंगे** : बलौदाबाजार में कलेक्टर, एसपी कार्यालय में हुई आगजनी के संदर्भ में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता, कांग्रेस के विधायक, पदाधिकारी 14 जून को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन से 11 बजे बलौदाबाजार रवाना होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल भी बलौदाबाजार जायेंगे। कांग्रेस के नेता बलौदाबाजार में घटनास्थल का निरीक्षण के साथ वहां के नागरिकों के प्रतिनिधिमंडलों के साथ चर्चा करेंगे।

### अब तक 121 .....

से पता तलाश जारी है। पुलिस ने पहले सात एफआईआर दर्ज की थी, इस मामले में आठवां केस भी दर्ज है।

### जो दोषी उन पर सख्त ....

समाज के प्रमुख डॉ बसन्त अंचल, लक्ष्मी सिन्हा, चौथराम भारद्वाज, राजेश आदिले, भुवनलाल लहरे से हर बिन्दु पर चर्चा की। इस दौरान भरत लाल खांडे, रामेश्वर सोनहरे, एमपी कुर्रे, दिनेश लहरे, डॉ एस एल निराला भी मौजूद थे। मुलाकात के दौरान प्रतिनिधिमंडल ने एक स्वर में कहा कि राज्य सरकार द्वारा प्रदेश में शांति एवं सद्भावना बनाए रखने के लिए किए जा रहे कार्यों में समाज की सहभागिता आगे भी रहेगी। उनके द्वारा बताया गया कि सतनामी समाज बाबा गुरु घासीदास का अनुयायी है। यह सदैव शांतिप्रिय समाज रहा है। सतनामी समाज इस घटना की निंदा करता है। घटना को असमाजिक तत्वों द्वारा अंजाम दिया गया है इसमें समाज की कोई संलिप्तता नहीं है। समाज में इस घटना को लेकर गहरा दुख है। हम चाहते हैं कि जिन लोगों ने घटना को अंजाम दिया है, उनके खिलाफ कार्यवाही हो, ताकि ऐसी घटना दोबारा न होने पाए।

### 13 साल की बेटी के साथ ...

सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा तोड़कर भीतर प्रवेश करने पर गलियारे में छत में लगे जंगला में गमछा व दुपट्टा के फंदे पर मां खुशबू शर्मा (35) व बेटी कु. अंतरा शर्मा (13) की लाश लटकी मिली। पुलिस ने पंचनामा की कार्रवाई कर दोनों शव को पोस्टमार्टम के लिये जिला अस्पताल भेज दिया। मृतिका के जीजा महेश शर्मा पिता रामाप्रसाद ने पुलिस को दिये बयान में बताया कि मृतिका अपने मायके में अपनी मां व बेटी अंतरा शर्मा के साथ लगभग 10 वर्ष से रह रही थी। उसका 5-6 वर्ष पहले पति राकेश शर्मा दुर्ग निवासी से तलाक हो चुका है। खुशबू सेंट जेवियर्स स्कूल में टीचर थी लेकिन बीते 10 दिन पहले उसकी नौकरी छूट गई थी, जिसके कारण वह डिप्रेशन में चली गई।

### सीएम विष्णुदेव बोले- खाद ...

सबसे पहले राज्य के किसानों के हितों की चिंता करते हुए कहा कि मॉनसून का मौसम आने वाला है. किसानों को समय पर खाद और बीज मिले ये तय किया जाए. सीएम ने अफसरों से बीज की जिलों में आपूर्ति और खरीफ फसलों की तैयारियों पर भी चर्चा की। उन्होंने कहा कि किसानों को समय पर खाद और बीज मिले, खाद और बीज को लेकर किसी भी तरह की कोताही नहीं बरती जाए। मुख्यमंत्री ने कृषि विभाग के कामकाज की समीक्षा के दौरान कृषि मंत्री रामविचार नेताम और मुख्य सचिव अमिताभ जैन,मुख्यमंत्री के सचिव पी. दयानंद, डॉ. बसव राजू एस और राहुल भगत, कृषि उत्पादन आयुक्त श्रीमती शहला निगार, संचालक संचालनालय पशु चिकित्सा एवं सेवाएं डॉ. प्रियंका शुक्ला, सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

**किसानों को खाद-बीज की परेशानी न हो** : मुख्यमंत्री ने बैठक में कहा कि हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता खेती-किसानी की बेहतरी को लेकर है। अतः किसानों को खेती-किसानी में सहुलियतें प्रदान करने के लिए खाद-बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। भण्डारण और वितरण की स्थिति की लगातार निगरानी की जाए। मुख्यमंत्री ने किसानों को जैविक खेती, आधुनिक खेती से जोड़ने तथा किसानों के लिए कृषि उपकरणों की उपलब्धता पर भी बल दिया। साथ ही कहा कि क्लस्टर बनाकर कृषि यंत्र थ्रेसर और हार्वेस्टर आदि कृषि उपकरण उपलब्ध कराए जाएं।

**फूल, सोयाबीन, सेब, पॉम आयल, चाय की खेती को बढ़ावा** : उद्यानिकी विभाग की प्रगति की समीक्षा करते हुए सीएम नेकहा कि उद्यानिकी फसलों के प्रति किसानों को जागरूक किया जाए। उन्होंने कहा कि फूलों की मांग को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में फूलों की खेती को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने सोयाबीन, सेब, पॉम ऑयल, चाय की खेती को बढ़ावा देने के लिए राज्य स्तर पर प्रोजेक्ट तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि फसल चुनते वक्त क्षेत्र की जलवायु के आधार पर निर्णय लें।

### किसानी का अनुभव ...

उनके वृहद अनुभव की झलक समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों में स्पष्ट रूप से सामने आयी। अपने खेती-किसानी के अनुभव साझा करते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि एक बार पहले जब उन्होंने डीएपी खाद की मांग की थी, तब उन्हें दूसरी खाद मिली, खाद के बोरे में डीएपी की मार्किंग थी, लेकिन बोरे में दूसरी खाद थी, हमारे किसान भाईयों के साथ यह न हो, यह सुनिश्चित करें।

### 50 ट्रेनें रद्द, एक ...

गुरुवार को रद्द हुई ट्रेनों में दुर्ग-निजामुद्दीन एक्सप्रेस, संतरागाछी रानी कमलापति- एक्सप्रेस, भुवनेश्वर-कुर्ला, सिकंदराबाद-दरभंगा एक्सप्रेस, बीकानेर-पुरी, शालीमार- भुज एक्सप्रेस समेत विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस, भगत की कोठी एक्सप्रेस ट्रेन रद्द रहेगी, जिससे हजारों यात्रियों को एक फिर से दिक्कत होगी। यात्री रोजना टिकट का रिफंड लेने से अब परेशान हो चुके हैं।

**जोधपुर, भोपाल, विशाखापटनम** : - 27 जून एवं 04 जुलाई 18573 विशाखापटनम-भगत की कोठी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 29 जून एवं 06 जुलाई, 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 05, 06 व 09 20807 विशाखापटनम-अमृतसर एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 06, 07 व 10 जुलाई को 20808 अमृतसर-भगत की कोठी एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 14 जून से 09 जुलाई 18236 बिलासपुर –भोपाल एक्सप्रेस रद्द रहेगी। - 16 जून से 11 जुलाई 18235 भोपाल- बिलासपुर एक्सप्रेस रद्द रहेगी।

### श्रद्धालुओं को बड़ी ...

की परिक्रमा भी की। माझी ने पुरी में संवाददाताओं से कहा, 'शपथ ग्रहण समारोह के बाद, भाजपा सरकार ने बुधवार की शाम को मंदिर के सभी चार द्वारों को फिर से खोलने का अपना पहला निर्णय लिया था। आज, 'मंगल आलती' अनुष्ठान के बाद सुबह छह बज कर तीस मिनट पर द्वार फिर से खोल दिए गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार स्थिति पर बारीकी से नजर रखेगी और जरूरत पड़ने पर मंदिर में श्रद्धालुओं के आवागमन को सुचारू बनाने के लिए आवश्यक कदम उठाएगी।

## अजित पवार की पार्टी में चल रहा जमकर घमासान

# प्रफुल्ल पटेल कैबिनेट मंत्री की वेटिंग में, भुजबल राज्यसभा सीट पर नाराज

एजेंसी ▶▶| मुंबई

महाराष्ट्र की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में गजब का घमासान मचा हुआ है। पार्टी में एक साथ महात्वाकांक्षाओं का टकराव देखने को मिल रहा है। पार्टी के सीनियर नेता प्रफुल्ल पटेल केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल नहीं हुए। उन्होंने वजह बताई कि उन्हें सीनियरिटी के हिसाब से मनपसंद पोर्टफोलियो नहीं मिल रहा था। तो वहीं रायगढ़ सीट से लोकसभा चुनाव जीतने वाले सुनील तटकरे बतौर राज्यमंत्री ही केंद्रीय मंत्रिपरिषद में शामिल होने को तैयार थे। लेकिन प्रफुल्ल पटेल ने उन्हें रोक लिया।

अब खींचतान की एक नई वजह इस पार्टी में महाराष्ट्र में सामने आई है। एनसीपी ने अब पार्टी अध्यक्ष अजित पवार की पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजने का फैसला किया है। उन्होंने राज्यसभा के लिए नामांकन भी भर दिया है। लेकिन पार्टी के इस फैसले पर एनसीपी के सीनियर नेता छगन भुजबल नाराज दिख रहे हैं।



### तटकरे का पटेल की कुर्सी पर दावा

हालांकि प्रफुल्ल पटेल को तब इस पद के लिए चुनौती मिल रही थी अपनी पार्टी के सुनील तटकरे से। तटकरे का दावा है कि वे पार्टी के इकलौते सांसद हैं इसलिए केंद्र की ओर से मिलने वाली कुर्सी पर उनका हक बनता है। बता दें कि प्रफुल्ल पटेल राज्यसभा से सांसद हैं। इस खींचतान में फिलहाल एनसीपी की ओर से कोई भी मंत्रिमंडल में शामिल नहीं हुआ है। इधर अजित पवार अपनी पत्नी सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजने का मन बना चुके हैं। सुनेत्रा पवार बारामती से सुप्रिया सुले के खिलाफ चुनाव हार चुकी हैं। अब एनसीपी बीजेपी के सहयोग से सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेज रही है। लेकिन सुनेत्रा पवार को राज्यसभा भेजने के फैसले से पार्टी के दूसरे कद्दावर नेता नाराज हो गए हैं। पार्टी का ओबीसी चेहरा छगन भुजबल ने कहा कि वे निश्चित रूप से राज्यसभा जाना चाहते थे।

### पटेल का पद लेने से इंकार

दिल्ली में जब नरेंद्र मोदी सरकार गठन करने के लिए मंत्रिमंडल का फॉर्मूला तय किया जाने लगा तो सीटों की हैसियत के आधार पर अजित पवार की पार्टी को मात्र एक राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद ऑफर किया गया। एनसीपी की ओर से मंत्री पद की इस रेस में प्रफुल्ल पटेल सबसे आगे थे। लेकिन सुनील तटकरे भी उनके पीछे थे। सुनेत्रा पवार पहले ही चुनाव हार चुकी थीं। हालांकि जब प्रफुल्ल पटेल को पता चला कि उन्हें राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) का पद दिया जा रहा है तो उन्होंने ये पोस्ट लेने से इनकार कर दिया। एनसीपी के वरिष्ठ नेता प्रफुल्ल पटेल ने अपनी सीनियरिटी का हवाला देते हुए कहा कि वह पूर्व में भारत सरकार में कैबिनेट मंत्री रह चुके हैं ऐसे में राज्यमंत्री का पद लेना उनके लिए उचित नहीं होगा।

## आइस्क्रीम के कोन में नाखून के साथ मांस

# ऑनलाइन आइस्क्रीम में निकला मांस का टुकड़ा

एजेंसी ▶▶| मुंबई

मुंबई के मलाड इलाके में एक व्यक्ति ने शिकायत की कि उसने ऑनलाइन ऑर्डर कर कोन आइस्क्रीम मंगाई थी, और उसे कोन के अंदर नाखून के साथ मांस का एक टुकड़ा मिला। पुलिस के अनुसार, संदेह है कि मांस का यह टुकड़ा मनुष्य की कटी उंगली है और इसे जांच के लिए भेजा गया है। उसने बताया कि यह घटना बुधवार को दोपहर में हुई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया, मलाड पश्चिम में रहने वाले 26 वर्षीय एमबीबीएस डॉक्टर ने 'यम्मो कंपनी' की बटरस्कॉच कोन आइसक्रीम के लिए ऑनलाइन ऑर्डर दिया था। जब वह दोपहर में खाना खाने के बाद आइसक्रीम खा रहे थे तो कोन में से आधे इंच का एक मांस का टुकड़ा निकला, जिसमें नाखून भी था।



### पुलिस ने दर्ज किया मामला

शिकायत के आधार पर पुलिस ने यम्मो आइसक्रीम कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस अधिकारी ने कहा, संदेह है कि यह टुकड़ा मानव उंगली का हो सकता है। इसे फोरेंसिक जांच के लिए भेजा गया है ताकि पता लगाया जा सके कि क्या यह मानव शरीर का हिस्सा है? उन्होंने कहा कि इस मामले में आगे की जांच की जा रही है।

## अखिलेश-प्रियंका ने सवाल उठाए

# सेना के बाद अब यूपी पुलिस में अग्निवीर व्यवस्था, मचा बवाल

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

सेना में अग्निवीर व्यवस्था को समाजवादी पार्टी और कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा बनाया था। कहा था कि सेना के बाद यूपी पुलिस में यही व्यवस्था लागू करने की तैयारी हो रही है। इसी बीच बुधवार की रात यूपी पुलिस का एक लेटर वायरल हो गया। एडीजी स्थापना की ओर से जारी लेटर में कहा गया कि पुलिस विभाग के दफ्तरों में आउटसोर्सिंग से भर्ती पर विचार हो रहा है। सपा और कांग्रेस ने इसे पुलिस में भी सेना की अग्निवीर जैसी व्यवस्था लागू करने का आरोप लगाया। अखिलेश ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा कि उप्र में भाजपा सरकार ने 'पुलिस व्यवस्था' के प्रति लापरवाही भरा नज़रिया अपना रखा है, कार्यवाहक डीजीपी के बाद अब कुछ 'पुलिस सेवाओं की आउटसोर्सिंग' पर विचार किया जा रहा है। ठेके पर पुलिस होगी तो न ही उसकी कोई जवाबदेही होगी, न ही गोपनीय और संवेदनशील सूचनाओं को बाहर जाने से रोका जा सकेगा।



### प्रियंका ने भी उठाए सवाल



पुलिस का स्पष्टीकरण आने के बाद कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने इसे समझ से परे बताते हुए एक्स पर लिखा कि उत्तर प्रदेश पुलिस में सब इंस्पेक्टर के स्तर पर आउटसोर्सिंग के जरिये भर्तियों पर विचार किया जा रहा है। इस संबंध में जिलों के अधिकारियों को पत्र भेजा गया था जो कि सोशल मीडिया पर वायरल है। भाजपा सरकार ने अग्निपथ स्कीम लाकर हमारी सेना और युवाओं का भविष्य दोनों कमजोर किया। अब यूपी पुलिस में यही खेल करने का प्रयास चल रहा है। भाजपा की सरकारें देश की हर एक संस्था को बेहतर बनाने की जगह उन्हें कमजोर करने का काम कर रही हैं।

## पेज एक के शेष

### सरकार ने खजाना...

योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2022-23 में 39 करोड़ 77 लाख 15 हजार की राशि रायपुर जिले के लिए जारी की गई थी। इससे जिले के 650 स्कूलों की मरम्मत की जानी थी। इनमें से मात्र 297 स्कूलों में ही निर्माण कार्य पूर्ण हो सका है। 77 स्कूलों में निर्माण प्रारंभ कर दिया गया है, लेकिन सत्र प्रारंभ होने के पूर्व इनके पूर्ण होने के कोई आसार नहीं है। शेष स्कूलों में अब तक शुरुआत ही नहीं हो सकी है। इसके इतर अब तक सत्र 2024-25 के लिए उन स्कूलों की सूची ही तैयार नहीं की जा सकी है, जहां मरम्मत अथवा नए निर्माण कार्य की आवश्यकता है।

**कुर्वापानी, भालुडिग्गी, मटाल में पेड़ के नीचे स्कूल का संचालन** : मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल पहाड़ी पर बसे ग्राम कुर्वापानी, भालूडिग्गी, ताराझर, मटाल मे स्कूल संचालन के लिए लाखों रुपए भवन निर्माण के लिए स्वीकृत हुए, लेकिन आजतक भवन निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हुआ। इसके कारण अधिकतर स्कूल या तो पेड़ के नीचे संचालित हो रहे हैं या फिर रसोईया तथा शाला समिति अध्यक्ष की झोपड़ी में कक्षाएं लग रही हैं। इन स्कूलों के निरीक्षण में थानीय अधिकारी भी नही पहुंचते और विभाग मन माफिक जानकारी भेज दी जाती है।

**दो ही कमरे थे, उसके भी दीवार टूट गए** : स्कूल की हालत बहुत दयनीय थी। दो ही कमरे थे। दीवार फटकर दो भाग में बंट चुका था। खतरे को भांपकर इसे डिस्पोज किया गया। इसके बदले में 12*15 का एक बड़ा रूम एवं बरामदा बनकर तैयार है, जो हैंडओवर नहीं हुआ है। राजिम के दमौवापारा स्कूल में काम होने की जानकारी मिली है।

- **आलोक शर्मा**, प्रधानपाठक, पर्थरा स्कूल, राजिम

### 518 स्कूलों के लिए...

मरम्मत कार्य जारी हैं। जिसे स्कूलों के खुलने से पहले तक पूरा करने का लक्ष्य है। जो हालात हैं, उसे देखकर निर्माण पूर्ण होने की संभावना कम ही है।

### जान जोखिम में डालकर...

शिक्षा व्यवस्था की हालत किसी से छिपे नहीं हैं। शिक्षा विभाग के जिम्मेदार अफसरों को जानकारी होने के बाद भी समाधान में कोई दिलचस्पी नहीं है। मैनपुर विकासखंड क्षेत्र के प्राथमिक शाला पानीगांव, नहरपारा, भाठापानी, कुरलापारा, बुरजाबहाल, धौराझोला, कोयबा, अनेसर, खुडबुड़ी, दरलीपारा, देवडोंगर, आड़पाथर, मोंगराडीह, लेड़ीबहार, खोलापारा, फरसरा एवं माध्यमिक शाला भाटापानी, कुरलापारा, बम्हनीझोला, आश्रम शाला बड़े गोबरा भवन की हालत बेहद जर्जर हो गई है। इन भवनों मे बारिश के दिनों में पानी झरने की तरह कमरे के भीतर रिसता है। स्कूली छात्र-छात्राओं की कॉपी-किताबें, गणवेश भींग जाती है। कई बार अत्यधिक बारिश होने पर इन स्कूलों में छुट्टी देनी पड़ती है। ग्रामीण भी संबंधित अधिकारियों को आवेदन देते थक चुके हैं।

### 32 स्कूल जर्जर, इनका...

शाला चचरापारा, बिरीघाट, कोदोमाली, बंदपारा, धनोरा, डुमाघाट, बाहरापारा, सागड़ा, ताराझर, कुर्वापानी, भालुडिग्गी, मटाल, गवरमुड़, भाताडिग्गी, फरसरा, सोरीपारा, सरईपानी, केन्दूपाटी, गोढ़ियारी, साल्हेभाठा, मुड़ापारा, मोतीपारा, माध्यमिक शाला कुहीमाल, सागड़ा, कुल्हाड़ीघाट, झरगांव, लाटापारा, आदिवासी कन्या आश्रम साहेबिनकछार शामिल हैं। ये स्कूल आंगनबाड़ी, संकुल केन्द्र भवन, ग्राम पंचायत भवन, कृषि विभाग भवन, पशु चिकित्सालय भवन, रसोई के मकान में संचालित किए जा रहे हैं।

### नीट पर 'सुप्रीम' आदेश...

का विकल्प दिया जाना चाहिए। उन्होंने बताय कि इस संबंध में एक अधिसूचना आज ही जारी की जाएगी। उन्होंने कहा कि समिति का मानना था कि परीक्षा देते समय समय की हानि के आधार पर कृपांक दिए जाने से विषम स्थिति पैदा हुई, क्योंकि इसे केवल उन प्रश्नों तक सीमित रखा जाना था, जो हल नहीं किए गए थे। सभी पहलुओं की जांच करने के बाद, पैनल ने निष्कर्ष निकाला कि इन लाभार्थी उम्मीदवारों के स्कोरकार्ड रद्द करने की सिफारिश करना उचित होगा।

### डीएएन टेस्ट से 45 भारतीयों के ...

भारतीय वायुसेना का एक विमान तैयार रखा गया है। घटना में घायल हुए भारतीयों को दी जाने वाली सहायता का जायजा लेने तथा मृतकों के शवों की शीघ्र वापसी सुनिश्चित करने के लिए कुवैत पहुंचे विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कुवैत के विदेश मंत्री अब्दुल्ला अली अल-याह्या से मुलाकात की, जिन्होंने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया तथा त्रासदी की शीघ्र जांच करने की प्रतिबद्धता जताई। सिंह ने घटना में घायल हुए कुछ भारतीयों से भी मुलाकात की और उन्हें भारत सरकार की ओर से हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने प्रथम उप प्रधानमंत्री शेख फहद से मुलाकात की, जिन्होंने अमीर की ओर से संवेदना व्यक्त की तथा सभी आवश्यक सहायता एवं समर्थन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। भारतीय मिशन ने बताया कि सिंह ने कुवैती प्राधिकारियों द्वारा प्रदान की गई सक्रिय सुविधा के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उप प्रधानमंत्री और कुवैत के नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। शेख फहाद ने कहा कि कुवैत के अमीर शेख मेशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने मृतकों के परिवारों को वित्तीय सहायता वितरित करने के निर्देश जारी किए हैं, हालांकि उन्होंने मुआवजे की राशि का उल्लेख नहीं किया। इसके अतिरिक्त, अमीर ने मृत भारतीयों के शवों को भारत भेजने के लिए सैन्य विमान तैयार करने का आदेश दिया है। शेख फहाद बृहस्पतिवार को कुवैत के कई क्षेत्रों में अवैध संपत्तियों को लेकर समग्र निरीक्षण अभियान का नेतृत्व कर रहे हैं। अखबार के अनुसार, मंत्री ने लोक निर्माण मंत्री और नगर पालिका मंत्री डॉ. नोरा अल-मशान के साथ अल-मंगाफ, अल-महबौला, खेतान और जिलिब अल-शुयूख में अपना निरीक्षण अभियान शुरू किया। इस अभियान में गृह मंत्रालय, कुवैत नगर पालिका, कुवैत अग्निशमन बल, विद्युत एवं जल मंत्रालय तथा सार्वजनिक जनशक्ति प्राधिकरण ने भाग लिया।

### मंत्री तो मैं छह माह तक...

को स्पष्ट करना चाहिए कि वे सांसद का पद छोड़ रहे हैं या फिर विधायक का पद। श्री अग्रवाल गुरुवार को कुशाभाऊ ठाकरे परिसर में बैठक में शामिल होने पहुंचे थे। बैठक के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए श्री अग्रवाल ने एक सवाल के जवाब में कहा, मंत्री तो मैं नियम से छह माह तक रह सकता हूं, लेकिन मुख्यमंत्री जिस दिन कहेंगे, उसी दिन इस्तीफा दे दूंगा। अब विधायक और सांसद में से किस पद पर रहना है, इसका फैसला मुझे नहीं पार्टी को करना है। राष्ट्रीय नेतृत्व का जैसा निर्देश होगा, उसके हिसाब से फैसला होगा।

### मोदी का 'जेम्स बॉन्ड' पर...

जैसी है। अजीत डोभाल का यह तीसरा कार्यकाल होगा। अजीत डोभाल को साल 2014 में नेशनल सिक्योरिटी एडवाइजर बनाया गया था। साल 2019 में भी उनके कार्यकाल को बरकरार रखा गया।

### भरे बाजार 40 लाख...

कोण्डागांव निवासी सर्राफा व्यवसायी राकेश व हरिश जैन उठाईगिरी के शिकार हुए हैं। दोनों भाई जिले के साप्ताहिक बाजारों में सोना चांदी के आभूषण विक्रय का कार्य करते हैं। दोनों 11 जून को बयानार साप्ताहिक बाजार गए थे, बाजार के बाद शाम लगभग 4 बजे दोनों भाई एक बक्से को बाजार स्थल के लाड़ी में छोड़ अन्य बक्सों को लेकर लगभग 25 मीटर दूर वाहन तक बारी-बारी से छोड़ने गए।

### सीसीटीवी खंगाले...

होने की जानकारी मिली है। घटना के बाद आसपास के सीसीटीवी को खंगाला जा रहा है। वहीं उठाइगिरों का पता लगाने सायबर टीम की मदद भी ली जा रही है। कितने के जेवरात की उठाईगिरी हुई है, इसका पता जांच के बाद ही लग सकेगा।

### ओडिशा से महानदी...

छत्तीसगढ और ओडिशा के बीच महानदी विवाद भी अगर महानदी वॉटर डिस्प्यूट्स ट्रिब्यूनल द्वारा नहीं सुलझा तो सुप्रीम कोर्ट से इसका हल निकलेगा, इसकी संभावना जीरो हो गई। मगर, सवाल ये है कि केंद्र सरकार के जलशक्ति मंत्रालय द्वारा 2016 में स्थापित ट्रिब्यूनल वर्ष 2024 तक किया क्या?


### ये है विवाद...

रिपोर्ट नहीं दी जा सकी थी। गत 3 जून 2021 को दो साल के लिए ट्रिब्यूनल को सेवा विस्तार दिया गया था। ट्रिब्यूनल का कार्यकाल 11 मार्च 2023 तक या रिपोर्ट जमा करने तक, जो पहले हो की तर्ज पर तय किया गया था। अब तीन साल, 11 अप्रैल 2026 तक के सेवा विस्तार पर है ट्रिब्यूनल।

# एक समय में 'बैंकों की पहुंच से वंचित' मानी जाने वाली महिलाएं हैं 'भविष्य की लखपति दीदी': चौहान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि वह जल्द ही लखपति दीदी पहल को बढ़ावा देने के लिए राज्यों के ग्रामीण विकास मंत्रियों की साथ एक बैठक करेंगे और यदि कोई मुद्दा हैं, तो उन्हें हल करने के लिए मुख्यमंत्रियों के साथ चर्चा करेंगे। उन्होंने मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ अपनी बैठकों को जारी रखा और विभिन्न योजनाओं की समीक्षा की। चौहान ने योजनाओं के लिए विभागीय कार्य योजना के सभी पहलुओं को समझते हुए स्वयं सहायता समूहों को सशक्त करने के लिए मजबूत कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तीन करोड़ लखपति दीदी का लक्ष्य उनके लिए एक सपने की तरह है और सभी से तीन वर्ष की समय सीमा से पहले लक्ष्य हासिल करने के लिए काम करने का आह्वान किया। चौहान ने दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत किए गए प्रयासों की सराहना की और महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए ब्रांडिंग और विपणन प्रयासों को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया।



## राशिफल

**मेष** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों को लेकर सतर्क रहें। व्यवधान आ सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृष** — बातचीत में सन्तुलित रहें। नौकरी में अफसरों का सहयोग मिलेगा। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। अनावश्यक कार्यों से खर्च की अधिकता बढ़ सकती है।

**मिथुन** — नौकरी के लिए परीक्षा एवं साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा। मान-सम्मान की प्राप्ति भी हो सकती है।

**कर्क** — कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। पिता के स्वास्थ्य का ख्याल रखें। माता का साथ मिलेगा। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**सिंह** — मन प्रसन्न तो रहेगा। फिर भी संयत रहें। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**कन्या** — मन प्रसन्न रहेगा। शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा। संयत रहें। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। भाइयों के सहयोग से नए कार्य की शुरुआत होगी।

**तुला** — कला या संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है। कारोबार में कठिनाइयां आ सकती हैं। भाग-दौड़ भी अधिक रहेगी। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। माता का सानिध्य मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के लिए किसी दूरस्थ स्थान पर जाना हो सकता है।


**धनु** — नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के योग बन रहे हैं। आय में वृद्धि होगी। कार्यभार भी बढ़ेगा। व्यर्थ की चिंता बढ़ सकती हैं।

**मकर** — वाणी में मधुरता तो रहेगी। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। कारोबार में भाग-दौड़ अधिक रहेगी। किसी अज्ञात भय से परेशान हो सकते हैं।

**कुंभ** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में अभी निवेश करने से बचें। आय की स्थिति में सुधार आएगा, लेकिन खर्च भी बढ़ेंगे।

**मीन** — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। किसी रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान की यात्रा पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी।

## शब्द पहेली - 5541



**बाएँ से दाए**
1.अत्यावश्यक-6
5.कारागार,जेल-4
8.पानी,नीर-2
9.मीन,मत्स्य-3
10.लक्ष्मी,कमला-2
11.कलाकार,फनकार-4
12.मर्द,मादा का विलोम-2
14.हसरत,मुराद-4
15.कैद में,अवरुद्ध,रुका-2
17.भूमि,धरती-3
19.मतवासा,मदहोश-4
21.फिल्मी दुनिया-3,3
24.दुर्भाग्यशाली-5
27.ठोकर लगना,भिड़ना-4
29.दौंडी पीटना-3
31.सांप,सर्प-2
32.दाल-4
33.हूर,अप्सरा-2
35.गाड़ी चलाने वाला-4
36.पिता का छोटा भाई-2
38.पुत्र,बेटा-3
39.टौंटी,नलका-2
40.ललचाना,तड़फाना-4
41.टाऊन हाल, नागरिक भवन-2,4

**ऊपर से नीचे**
1.ईश्वर,अनश्वर-3,3
2.तेलहन-2
3.सुखद वस्तु, वर देना-4
4.करधनी,कमर पेटी-5
5.गलीचा-3
6.दिन-2
7.समस्या का हल-4
11.धरोहर,थाती-4
13.मिट्टी,धूल-2
16.चमकना-4
18.वायुसेना का एक विमान-3
19.इतराना-4
20.परत-2
22.जाप करना-3
23.किवाड़,द्वार-2
25.उदाहरणतः-4
26.परवरिश-3,3
28.राग छेड़ना-5
29.भेंट,मेल-मिलाप-4
30.दिया,दीपक-2
32.औषधालय, दवाखाना-4
34.खाली होना-3
37.छोटी सवारी गाड़ी-2
39.नया,नवीन-2

### शब्द पहेली - 5540 का हल



## सूडोकु नवताल - 5552

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 8 | 1 | | | | 2 | 5 | |
| 2 | | | | | | | | 9 |
| 5 | | | 1 | | 7 | 4 | | |
| 9 | 5 | | | 4 | | | 2 | |
| | | 3 | 9 | | 6 | 7 | | |
| | 7 | | | 8 | | | 1 | 5 |
| | | 7 | 2 | | 5 | | | 1 |
| 6 | | | | | | | | 7 |
| | 1 | 5 | | | | 6 | 9 | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5551 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | 4 | 2 | 3 | 6 | 1 | 8 | 7 |
| 8 | 7 | 3 | 1 | 4 | 5 | 2 | 9 | 6 |
| 6 | 1 | 2 | 8 | 7 | 9 | 3 | 5 | 4 |
| 1 | 6 | 7 | 9 | 8 | 2 | 4 | 3 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 4 | 1 | 7 | 6 | 2 | 9 |
| 2 | 4 | 9 | 6 | 5 | 3 | 7 | 1 | 8 |
| 7 | 5 | 6 | 3 | 9 | 1 | 8 | 4 | 2 |
| 4 | 2 | 1 | 5 | 6 | 8 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 3 | 8 | 7 | 2 | 4 | 5 | 6 | 1 |

# सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में मुकेश अंबानी ने मारी बाजी, पीछे छूट गए मस्क

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत और एशिया के सबसे बड़े रईस मुकेश अंबानी ने सैटेलाइट इंटरनेट की रेस में बाजी मार ली है।

- इन-स्पेस ने सैटेलाइट ऑपरेट करने के लिए हरी झंडी दी

रिलायंस इंडस्ट्रीज के जियो प्लेटफॉर्म्स और लक्जमबर्ग की कंपनी एसईएस के जॉइंट वेंचर को देश में गीगाबिट फाइबर इंटरनेट प्रदान करने के लिए सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है।

एक सरकारी अधिकारी ने बताया कि स्पेस रेगुलेटर ने इन कंपनियों के जॉइंट वेंचर ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को भारत के आकाश में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी दे दी है। ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को तीन तरह की मंजूरियां दी गई हैं। कंपनी को ये मंजूरियां ऐसे समय मिली हैं जब जेफ बेजोस की अमेजॉन डॉट कॉम से लेकर एलन मस्क की स्टारलिंक जैसी कंपनियां भारत में सैटेलाइट इंटरनेट सेवा शुरू करने के लिए हरी झंडी का इंतजार कर रही हैं।

## जियो प्लेटफॉर्म ने लक्जमबर्ग की कंपनी के साथ बनाया है संयुक्त उपक्रम

### कौन-कौन हैं रेस में

इन-स्पेस के चेयरमैन पवन गोयनका ने बताया कि एक और कंपनी इनमारसेट को भी भारत में सैटेलाइट ऑपरेट करने की मंजूरी मिल गई है। दो अन्य कंपनियों एलन मस्क की स्टारलिंक और अमेजॉन की कुईपर ने भी इसके लिए आवेदन किया है। यूटेलसैट की भारती एंटरप्राइजेज के निवेश वाली कंपनी वनवेब को पिछले साल के अंत में सभी तरह की मंजूरियां दे दी गई थीं।



*श्रीलंका ने स्टारलिंक को दी मंजूरी : पिछले हफ्ते श्रीलंका ने स्टारलिंक को इंटरनेट सेवाएं प्रदान करने के लिए शुरुआती मंजूरी दे दी थी। गोयनका ने कहा कि भारत में इस क्षेत्र में जितनी अधिक कंपनियां शामिल होंगी, उपभोक्ताओं के लिए उतना ही बेहतर होगा। भारत में कम्युनिकेशंस सर्विसेज दूसरे देशों से सस्ती हैं। इसलिए वैश्विक कंपनियों को अपनी कीमतें कम करने के लिए इनोवेशन का सहारा लेना होगा।*

### पांच वर्षों में 36 फीसदी की दर से बढ़ेगी

डेलॉइट के अनुसार भारत का सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सर्विस मार्केट अगले पांच वर्षों में सालाना 36% की दर से बढ़ने और 2030 तक 1.9 अरब डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। वैश्विक स्तर पर स्पेस-बेस्ड इंटरनेट के जरिए ग्रामीण इलाकों को जोड़ने की दौड़ तेज हो रही है। अमेजॉन के कुईपर ने 10 अरब डॉलर के निवेश करने की योजना बनाई है। इसकी घोषणा 2019 में की गई थी। उसी साल स्पेसएक्स ने अपने पहले ऑपरेशनल स्टारलिंक सैटेलाइट्स को तैनात करना शुरू किया था।

### ऑर्बिट कनेक्ट को अप्रैल जून में मिली मंजूरी

ऑर्बिट कनेक्ट इंडिया को सैटेलाइट आधारित हाई-स्पीड इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराने के लिए अप्रैल और जून में जरूरी मंजूरी दी गई। इन-स्पेस ने कंपनी को यह अनुमति दी है। इससे कंपनी भारत के आकाश में सैटेलाइट्स को ऑपरेट कर सकती है लेकिन परिचालन शुरू करने के लिए उसे देश के दूरसंचार विभाग से और अधिक मंजूरियों की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### भारत ने यूएई को किया अनानास का निर्यात



**नई दिल्ली।** भारत ने देश के फल निर्यात को बढ़ावा देने के मकसद से संयुक्त अरब अमीरात को उच्च गुणवत्ता वाले 8.7 टन अनानास की पहली खेप निर्यात की है। वाणिज्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। एमडी2 किस्म का अनानास को 'गोल्डन रिप' या 'सुपर स्वीट' के नाम से भी पहचाना जाता है।

### सोने में 50 रु. की गिरावट चांदी 550 रुपए टूटी



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के अनुरूप राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम पर आ गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 72,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। चांदी की कीमत भी 550 रुपये लुढ़ककर 90,950 रुपये प्रति किलोग्राम रह गई।

### ओमेगा सेकी ईवी ने की ऑर्बिट्सिस से करार

OSM
OMEGA SEIKI MOBILITY

**मुंबई।** इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माता ओमेगा सेकी मोबिलिटी (ओएसएम) ने अपने दैनिक ईवी डीलरशिप परिचालन की दक्षता बढ़ाने के लिए प्रबंधन कंपनी ऑर्बिटसिस टेक्नोलॉजीज के साथ साझेदारी की है। सभी इलेक्ट्रिक यात्री तथा वाणिज्यिक वाहन श्रेणियों में ओमेगा सेकी मोबिलिटी के बिक्री से पूर्व व उसके बाद के 'टचपॉइंट्स' का समर्थन करेगी।

## वित्त मंत्री सीतारमण की अध्यक्षता में होगी बैठक

# जीएसटी परिषद की बैठक 22 जून को गेमिंग पर कर की समीक्षा की संभावना

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में माल एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद की बैठक 22 जून को होगी। इसमें ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र पर 28 प्रतिशत जीएसटी के कार्यान्वयन की समीक्षा की जा सकती है।

जीएसटी परिषद सचिवालय ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ' जीएसटी परिषद की 53वीं बैठक 22 जून, 2024 को नयी दिल्ली में होगी। परिषद की पिछली बैठक सात अक्टूबर, 2023 को हुई थी, जिसमें सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के वित्त मंत्री शामिल हुए थे।

### चुनाव के बाद परिषद की पहली बैठक

बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी परिषद के सदस्यों को नहीं दी गई है। लोकसभा चुनाव के बाद यह परिषद की पहली बैठक होगी। जीएसटी परिषद ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों के लिए दांव के पूर्ण मूल्य पर 28 प्रतिशत जीएसटी लगाने के फैसले की समीक्षा कर सकती है। यह कर एक अक्टूबर, 2023 से लागू हुआ था।

### गेमिंग पर किए गए मूल्यांकन की समीक्षा जरूरी

हालिया मुकदमों के कारण विभिन्न दर-संबंधी स्पष्टीकरण भी अपेक्षित हैं। शार्दुल अमरचंद मंगलदास एंड कंपनी के भागीदार रजत बोस ने कहा कि ऑनलाइन गेमिंग पर कराधान और अक्टूबर, 2023 में पेश किए गए मूल्यांकन नियमों की समीक्षा जैसे प्रमुख उद्योग मुद्दों पर गौर करने की जरूरत है।

- गेमिंग क्षेत्र में 28 फीसदी जीएसटी की समीक्षा संभव
- परिषद की 53वीं बैठक 22 जून को नई दिल्ली में
- बैठक के एजेंडा की जानकारी अभी सदस्यों को नहीं दी गई



### उपकर भी लगाया जाता है

जीएसटी परिषद अपनी 22 जून की बैठक में प्रक्रिया को तेज करने और समिति द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने का निर्णय ले सकती है। जीएसटी व्यवस्था में वर्तमान में 0, 5, 12, 18 और 28 प्रतिशत के पांच कर स्लैब हैं। विलासिता और अहितकर वस्तुओं पर उच्चतम 28 प्रतिशत कर दर के अलावा उपकर भी लगाया जाता है।

### दरों को तर्कसंगत बनाने की जरूरत

डेलॉयट इंडिया की भागीदार एम एस मणि ने कहा कि परिषद को बहुप्रतीक्षित दरों को तर्कसंगत बनाने की चर्चा करनी होगी। उन्होंने कहा, " इसके अलावा, प्राकृतिक गैस जैसे कम प्रभाव वाले पेट्रोलियम उत्पादों को जीएसटी के दायरे में शामिल करने का प्रारंभिक प्रयास व्यवसाय के लिए अत्यधिक लाभकारी होगा।"

### पूरे दांव मूल्य पर 28 फीसदी कर लगेगा

जुलाई और अगस्त में अपनी बैठकों में जीएसटी परिषद ने ऑनलाइन गेमिंग, कसीनो और घुड़दौड़ को कर योग्य दावों (बेट) के रूप में शामिल करने के लिए कानून में संशोधन को मंजूरी दी थी। साथ ही स्पष्ट किया था कि ऐसी आपूर्तियों के मामले में पूरे दांव मूल्य पर 28 प्रतिशत कर लगेगा।

### अप्रैल के बाद से कोई बैठक नहीं हुई

उस समय कहा गया था कि कार्यान्वयन की समीक्षा छह महीने बाद यानी अप्रैल, 2024 में की जाएगी। चूंकि अप्रैल के बाद से जीएसटी परिषद की कोई बैठक नहीं हुई है, इसलिए परिषद की 22 जून की बैठक में ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के कराधान की समीक्षा की उम्मीद है।

### कर देयता पर विचार जारी

केपीएमजी इन इंडिया के साझेदार एवं प्रमुख (अप्रत्यक्ष कर) अभिषेक जैन ने कहा कि अक्टूबर से पहले ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र के लिए कर देयता, ईएसओपी की कर देयता, कॉरपोरेट गारंटी कर देयता सहित कई स्पष्टीकरणों पर विचार किया जा रहा है।

# देश के पास गेहूं का पर्याप्त भंडार : सरकार

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- फिलहाल आयात शुल्क में बदलाव की कोई योजना नहीं
- बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए पर्याप्त भंडार

सरकार ने कहा है कि देश के पास घरेलू जरूरतों को पूरा करने, कीमतों को स्थिर रखने के लिए और दयदि जरूरी हो, तो बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए गेहूं का पर्याप्त भंडार है। इसके साथ ही सरकार ने स्पष्ट किया है कि अभी उसका इन अनाज के आयात शुल्क में बदलाव करने का कोई इरादा नहीं है।

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय के तहत खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग गेहूं के बाजार मूल्य पर बारीकी से नजर रख रहा है। विभाग ने बृहस्पतिवार को बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया है, 'यह सुनिश्चित करने के लिए कि बेईमान तत्वों द्वारा कोई जमाखोरी न हो और कीमतें स्थिर रहे, आवश्यकतानुसार उचित हस्तक्षेप किया जाएगा।' रबी विपणन सत्र वर्ष 2024 के दौरान विभाग ने 11.2 करोड़ टन गेहूं उत्पादन की जानकारी दी है। सरकारी स्वामित्व वाले भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) ने 11 जून तक करीब 2.66 करोड़ टन अनाज खरीदा है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली और अन्य कल्याणकारी योजनाओं के लिए अनुमानित 1.84 करोड़ टन की आवश्यकता को पूरा करने के बाद, जरूरत पड़ने पर बाजार में हस्तक्षेप के लिए पर्याप्त गेहूं स्टॉक उपलब्ध होगा।

### तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया

तिमाही बफर स्टॉक साल भर अलग-अलग होता हैं। एक जनवरी, 2024 तक, गेहूं का स्टॉक 1.38 करोड़ टन के निर्धारित बफर मानदंड के मुकाबले एक करोड़ 63.5 लाख टन था। बयान में कहा गया है, 'गेहूं का स्टॉक कभी भी तिमाही बफर स्टॉक मानदंडों से नीचे नहीं गया है। इसके अलावा, वर्तमान में, गेहूं के आयात पर शुल्क संरचना को बदलने का कोई प्रस्ताव नहीं है।'

## भारत में केआईआईटी शीर्ष एवं विश्व स्तर पर 6वें स्थान पर



**भुवनेश्वर।** केआईआईटी डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी को वैश्विक स्तर पर शीर्ष छठें सबसे प्रभावशाली विश्व विद्यालयों में रखा गया है और टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग वर्ष 2024 में असमानताओं में कमी के सतत विकास लक्ष्य के संदर्भ में भारत में प्रथम स्थान दिया गया है। द टाइम्स हायर एजुकेशन इम्पैक्ट रैंकिंग उन विवि का सम्मान करती है जो कई संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्यों में उत्कृष्टता प्राप्त करते हैं। यह अनूठी रैंकिंग प्रक्रिया सभी 17 एसडीजी (संस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स) विश्व विद्यालयों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है।

केआईआईटी विश्वविद्यालय 'असमानताओं में कम' के संदर्भ में दुनिया में छठे और भारत में प्रथम स्थान पर है। इसके अतिरिक्त केआईआईटी विश्वविद्यालय ने 'शांति, न्याय और मजबूत संस्थानों' के सतत विकास लक्ष्य में वैश्विक स्तर पर 71वां स्थान प्राप्त किया है और भारत में प्रथम स्थान पर है। 'गुणवत्तापूर्ण शिक्षा' के सतत विकास लक्ष्य के संदर्भ में, यह दुनिया में 55वें और भारत में 5वें स्थान पर है।

केआईआईटी विश्वविद्यालय 'लक्ष्यों के लिए साझेदारी' के सतत विकास लक्ष्य में भी भारत में 5 वें पायदान पर है। केआईआईटी और केआईएसएस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि की सराहना की।

## कल्याण ज्वेलर्स ने अपने मेगा बोनान्जा ऑफर को किया लांच



**नई दिल्ली।** भारत के सबसे भरोसेमंद और अग्रणी आभूषण ब्रांडों में से एक कल्याण ज्वेलर्स ने अपने मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर को लांच कर दिया है। मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर, दरअसल फादर्स डे और बकरीद के साथ-साथ जमाई षष्ठी, वट सावित्री और गंगा दशहरा जैसे जीवंत त्यौहारों के साथ जश्न के सीजन की शुरुआत करता है। यह मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर कल्याण ज्वेलर्स से सोने की खरीद पर बेहतरीन सौंदों के साथ विशेष अवसरों को और अधिक यादगार बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

कल्याण ज्वेलर्स ने भारत में अपने शोरूम में सभी आभूषण उत्पादों पर मेकिंग चार्ज पर फ्लैट 50 प्रतिशत की छूट की घोषणा भी की है। इसके साथ-साथ रोज़मर्रा के इस्तेमाल से लेकर शानदार हैवीवेट पीस तक, आभूषणों की एक विस्तृत रेंज पर भारी छूट का ऑफर भी घोषित किया गया है। इस तरह कल्याण ज्वेलर्स का लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि हर उत्सव खुशी से जगमगा उठे। यह ऑफर 30 जून, 2024 तक वैध है।

मेगा-बोनान्ज़ा ऑफर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए कल्याण ज्वेलर्स के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रमेश कल्याणरमन ने बताया कि हमने हमेशा ग्राहकों को केन्द्र में रखते हुए इनोवेशन पर फोकस किया है और हमारी इसी प्रतिबद्धता ने हमारे संरक्षकों के साथ हमारे बंधन को और मजबूत किया है।

# देश को विकसित बनाने कर दरें कम करने की जरूरत

- विशेषज्ञों ने व्यवस्था में बदलाव की वकालत की
- आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि की जरूरत

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत को 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था बनने लिए कर निर्धारण को लेकर अपने रुख में बदलाव करते हुए कर दरों में कटौती और आधार को बढ़ाकर कर राजस्व में वृद्धि करने की जरूरत है। विशेषज्ञों ने यह बात कही है। उन्होंने कर दरों को कम करने, कर-भुगतान आधार को बढ़ाने और इस प्रकार भारत की निवेश तथा विकास आवश्यकताओं के वित्तपोषण के लिए साधन बनाने पर ध्यान देते हुए कर दरों से राजस्व की ओर बढ़ने की आवश्यकता को रेखांकित किया।

*कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती*

*दत्ता ने कहा, 'सरल जीएसटी व्यवस्था से वे औपचारिक अर्थव्यवस्था में शामिल हो सकेंगे, 'इनपुट टैक्स क्रेडिट' ले सकेंगे और प्रतिस्पर्धी बन सकेंगे। वर्गीकरण के मुद्दों के साथ-साथ कर चोरी भी एक बड़ी चुनौती है...एक अन्य क्षेत्र जिसमें जीएसटी सफल नहीं हो पाया है, वह है ई-कॉमर्स... चुनौतियां हैं और उनका समाधान किया जाना चाहिए।'*

*कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बड़ी प्राथमिकता : नायक ने कहा कि कर-जीडीपी अनुपात को बढ़ाना बहुत बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए क्योंकि इससे सरकार सार्वजनिक वस्तुओं, बुनियादी ढांचे और सामाजिक क्षेत्र पर खर्च करने में सक्षम होगी।*

### भारत का पाम तेल आयात मई में 74 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत का पाम तेल आयात इस साल मई में 74 प्रतिशत बढ़कर 7,63,300 टन पर पहुंच गया। एक साल पहले की समान अवधि में यह 4,39,173 टन था। आयात बढ़ने की वजह दुनिया के इस सबसे बड़े वनस्पति तेल खरीदार द्वारा बढ़ती घरेलू मांग को पूरा करने के लिए इस जिंस (पामतेल) का स्टॉक करना था। उ

*सितंबर-दिसंबर में होगी 21वीं पशुधन की गणना : नई दिल्ली। सरकार सितंबर-दिसंबर की अवधि में मोबाइल प्रौद्योगिकी का उपयोग करके 21वीं पशुधन गणना करेगी।*

# सेंसेक्स, निफ्टी ने छुआ नया रिकॉर्ड स्तर

एजेंसी ⏭ मुंबई

खुदरा मुद्रास्फीति में नरमी से नीतिगत ब्याज दर में कटौती की उम्मीद बढ़ने के बीच स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को तेजी का माहौल रहा और दोनों मानक सूचकांक सेंसेक्स एवं निफ्टी ने दिन में कारोबार के दौरान नए रिकॉर्ड स्तर को छू लिया।

कारोबारियों ने कहा कि पूंजीगत उत्पाद, टिकाऊ उपभोक्ता सामान और औद्योगिक शेयरों में भारी खरीदारी ने भी सूचकांकों को आगे बढ़ाने में मदद की। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, मई में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित खुदरा मुद्रास्फीति 4.75 प्रतिशत पर आ गई जो एक साल का निचला स्तर है। दिन में कारोबार के दौरान बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 538.89 अंक उछलकर 77,145.46 अंक के अपने सर्वकालिक उच्चस्तर पर पहुंच गया था। बाद में यह 204.33 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,810.90 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 75.95 अंक की बढ़त के साथ 23,398.90 अंक पर बंद हुआ।

### लाभ के साथ बंद हुए ये शेयर

सेंसेक्स की कंपनियों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, इंडसइंड बैंक, टेक महिंद्रा, अल्ट्राटेक सीमेंट, विप्रो, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, बजाज फाइनेंस और नेस्ले सबसे ज्यादा लाभ में रहीं।

### ये शेयर रहे नुकसान में

दूसरी तरफ हिंदुस्तान यूनिलीवर, पावर ग्रिड, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक और आईटीसी के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। व्यापक बाजार में बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.89 प्रतिशत चढ़ गया जबकि मिडकैप में 0.79 प्रतिशत की तेजी रही।

CHHATTISGARH STATE POWER DISTRIBUTION COMPANY LTD.
(Government of Chhattisgarh Undertaking) OFFICE OF THE EXECUTIVE DIRECTOR (EITC)
07-01/EITC/Network/Tr-377/495 , Raipur Dated – 12-Jun-2024
NOTICE INVITING TENDER
1.Sealed offers are invited from experienced bidder for –

| Tender No. | Particulars | Tender Document Fee | EMD | Due Date & time of submission |
|---|---|---|---|---|
| Tr-377 & RFx No. 8100035973 | Replacement & Augmentation / Upgradation of Routers, Switches, VOIP phones and Wireless devices installed at various remote sites | Rs. 11,800 (Rs. 10,000 + GST @ 18%) | Rs. 5 Lakhs | 11-Jul-2024 14:00 Hrs. |

1.For further details & downloading the Tender document, please visit at our web site www.cspdcl.co.in/tender/tender notices/ central offices and e-bidding portal. 2. Please note that notice for corrigendum or extension of due date of tender opening shall not be published in newspaper. It will be displayed only on the website and e-bidding portal.
SAVE ELECTRICITY
Executive Director (EITC)

CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO LTD
OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (LINE) Block-4, Near CSPHCL Dispensary, Dangania, Raipur (C.G.)
Website- www.cspc.co.in e-mail:- ce.eht@cspc.co.in Ph. No. 0771-2574221 Fax No. 0771-2574222
CE/LINE/Works/EE-I/TR-1124,1129/520 Raipur, Date:10.06.2024
NOTICE INVITING TENDER
Sealed tenders are invited for following EHV works on labour contract basis:

| TR No | Name of work | EMD (Rs) | Cost of tender form (Rs) (Incl. GST) | Date of opening |
|---|---|---|---|---|
| TR-1124 RFX No. 8100036901 | Replacement of existing cross arm with box cross arm at various tower location under EHT: Maint Dn. Raipur | 7,665/- | 1180/- | 03.07.2024 |
| TR-1129 RFX No.- 8100037401 | Height raising of 132 KV DCSS Bhilai-Rudbandha-Gunderdehi line between loc No. 133-134 | 8,600/- | 1180/- | 04.07.2024 |

For all other details of NIT and term & condition, please visit our website www.cspc.co.in/csptcl_tendernotices.
SAVE ELECTRICITY
CHIEF ENGINEER (Line) CSPTCL, RAIPUR

// आम सूचना //
आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने फकीर वर्मा पिता स्व. श्री साहूकार वर्मा जाति लोधी निवासी-ग्राम रत्नाबांधा तहसील धमतरी जिला-धमतरी (छ.ग.) वाले से उनके हक, स्वत्व एवं आधिपत्य की भूमि जो ग्राम-रत्नाबांधा प.ह.नं. 30 रा.नि.मं. आमदी तहसील वो जिला-धमतरी (छ.ग.) में स्थित है जिसका खसरा नं. 318/1 रकबा 0.10 हे./25 डिसमिल है। जिसे क्रय करने की पक्की बात-चीत हो चुकी है, केवल पंजीयन कराया जाना शेष है।
अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति विशेष फर्म, संस्था, निकाय, शासकीय एवं अर्द्धशासकीय विभाग या अन्य किसी वित्तीय संस्था या राष्ट्रीयकृत बैंक या सहकारी बैंक या अन्य किसी को भी कोई आपत्ति उजर दावा हो तो इस सूचना के प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर मेरे नीचे लिखे पते पर अपनी आपत्ति मय आपत्ति के आधारों सहित लिखित में दर्ज करा देंवे अन्यथा म्याद उपरांत की गई आपत्ति अमान्य मानी जावेगी। सूचना जाने।
उपरोक्तानुसार सर्वसाधारण को सूचित हो।
धमतरी
दिनांक : 13.06.2024
भवदीय
अमरचन्द जैन, अधिवक्ता
आमापारा, धमतरी (छ.ग.)
(वास्ते उपरोक्त पक्षकार)

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर विद्युत कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है: Regarding electrical wiring, earthing and other electrical works in Biotechnology department of NIT Raipur.
Enquiry No.: No./NITRR/EE/EO/ETender/2024/0213 Raipur, Dated: 11-06-2024 (1st call).
जो की ई-निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.com/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 18/06/2024, 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 20/06/2024, 16:00 बजे। फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।
-सही-
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान रायपुर
NATIONAL INSTITUTE OF TECHNOLOGY RAIPUR
(An Institute of National Importance)
Under Ministry of Education, Govt. of India
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान, रायपुर सिविल कार्यों हेतु निविदा आमंत्रित करता है जिसका विवरण निम्नानुसार है: Regarding repair works of balconies of the Mahanadi Girls hostel building at NIT Raipur. Enquiry No.: NITRR/EE/EO/ETender/2024/0212 Raipur, Dated: 11-06-2024 (1st call).
जो की ई-निविदा के माध्यम से www.tenderwizard.com/NITR पोर्टल पर करना है। निविदा जमा करने कि अंतिम तिथि 19/06/2024, 18:00 बजे तक व निविदा खुलने की तिथि 21/06/2024, 16:00 बजे। फार्म व अन्य जानकारियाँ वेबसाइट www.nitrr.ac.in व www.tenderwizard.com/NITR से डाउनलोड की जा सकती है।
-सही-
कार्यपालन अभियंता
संपदा विभाग, एन.आई.टी., रायपुर

SEBI भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड
Securities and Exchange Board of India
कार्यपालक निदेशक के पद हेतु आवेदन
(संविदा (कॉण्ट्रैक्ट) / प्रतिनियुक्ति आधार पर)
भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) एक सांविधिक निकाय है, जिसकी स्थापना संसद के अधिनियम के तहत की गई है। इसका उद्देश्य हैं प्रतिभूतियों (सिक्यूरिटीज़) में निवेश करने वाले निवेशकों के हितों का संरक्षण करना, प्रतिभूति बाजार (सिक्यूरिटीज़ मार्केट) के विकास का उन्नयन करना तथा उसे विनियमित करना। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी), संविदा (कॉण्ट्रैक्ट)/ प्रतिनियुक्ति आधार पर कार्यपालक निदेशक के एक (01) पद हेतु भारत के नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है ।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख 13 जुलाई, 2024 है।
इस विज्ञापन के संबंध में अधिक जानकारी के लिए कृपया भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) का वेबसाइट (www.sebi.gov.in) देखें ।
CBC- 15204/11/0015/2425

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
विविध कार्यों हेतु निविदा सूचना
क्र.सं (1) ई-निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी-टी-60-24-25 दिनांक 07-06-2024 कार्य: 30/06/2025 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता/ मध्य/बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत सहायक मंडल अभियंता/मध्य/बिलासपुर और एस.एस.ई (पी.वे.) /बिलासपुर के कार्यालय सहित उसलापुर (एसएल) (बिलासपुर सेटलमेंट को छोड़कर) से अकलतरा (इन) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 1,01,28,163.18/- अमानत राशि (रु) 2,00,700.00 कार्य पूर्णता की अवधि : 30.06.2025 निविदा जमा की आरंभ तिथि : दिनांक 01-07-2024 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि: दिनांक 15-07-2024 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
क्र.स (2) ई- निविदा संख्या: डीआरएम इंजी. बीएसपी-टी 61-24-25 दिनांक 07-06-2024 कार्य: 30/06/2025 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता / मध्य / बिलासपुर के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत उसलापुर (इन) से बेलगहना (इन) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 67,13,079.03 अमानत राशि (रु) 1,34,300.00 कार्य पूर्णता की अवधि, 30.06.2025 निविदा जमा की आरंभ तिथि:- दिनांक 01-07-2024 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि:- दिनांक 15-07-2024 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
क्र.स (3) ई- निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी. - बीएसपी-टी -62-24-25 दिनांक 07-06-2024 कार्य: 30/06/2025 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता / पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत [illegible] सहित पेंड्रा (इन) से अनुपपुर (एक्स) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 74,15,969.64/- अमानत राशि (रु) 1,48,300.00 कार्य पूर्णता की अवधि, 30.06.2025 निविदा जमा की आरंभ तिथि:- दिनांक 01-07-2024 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि:- दिनांक 15-07-2024 के 11.00 बजे तक।
क्रम सं (4) ई- निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी. बीएसपी-टी 63-24-25 दिनांक 07-06-2024, कार्य: 30/06/2025 तक समाप्ति अवधि के लिये सहायक मंडल अभियंता / पेंड्रा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत बेलगहना (एक्स) से पेंड्रा (एक्स) के बीच सफेद पुताई एवं रंगीन पुताई सहित सिविल जोनल कार्यों का निष्पादन। निविदा मूल्य (रु) 66,00,021.49 अमानत राशि (रु) 1,30,000.00, कार्य पूर्णता की अवधि: 30.06.2025, निविदा जमा की आरंभ तिथि:- दिनांक 01-07-2024 के 11.00 बजे से। निविदा जमा की अंतिम तिथि:- दिनांक 15-07-2024 के 11.00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की पूरी जानकारी https://www.ireps.gov.in वेबसाइट पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेन्डर के अलावा अन्य टेन्डर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (अभि.)
सीपीआर/10/81 द.पू.म.रेलवे/बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

# बाइक सहित तीन वाहन टकराए चालक सहित तीन लोगों को आई चोट



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

■ अछोटा के पास की घटना

नगरी मार्ग से अछोटा के पास बाइक सहित तीन वाहनों में टक्कर हो गई। इस घटना में तीन लोगों को मामूली चोट आई है।

मिली जानकारी के अनुसार भारतमाला परियोजना में मटेरियल सप्लाई के काम में लगा हैवी ट्रेलर वाहन गुरूवार को डस्ट खाली कर वापस लौट रहा था। इसी दौरान ट्रेक्टर भोयना की तरफ जा रही थी। अछोटा पेट्रोल पम्प के पास ट्रेलर क्रमांक यूपी 32 एटीसी 0877 ने सामने से आ रही साहू कृषि फार्म पीपरछेड़ी गागरा की ट्रेक्टर को जोरदार टक्कर मार दी। ट्रेलर की टक्कर से ट्रेक्टर ने अनियंत्रित होकर सामने खड़ी मोटरसाइकिल को ठोकर मार दी। टक्कर से मोटरसाइकिल ट्रेक्टर ट्राली के नीचे दब गई। मोटरसाइकिल में एक बच्चा भी बैठा था। हालांकि उसे चोट नहीं आई है। घटना में ट्रेलर में बैठे चालक सहित तीन लोगों को मामूली चोट आई है जिन्हें उपचार के लिये जिला अस्पताल लाया गया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी गई। सूचना पर यातायात पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गयी। इस घटना में तीनों वाहन क्षतिग्रस्त हो गए।

**धमतरी।** छत से उतरते समय सीढ़ी से फिसलकर अधेड़ नीचे गिरकर घायल हो गया। घायल की अस्पताल में मौत हो गई है। मगरलोड थाना क्षेत्र के गाम राजपुर निवासी द्वारिका पटेल पिता बुधुराम उम्र 54 वर्ष बुधवार को छत पर घूम रहा था। इसी आंधी चलने लगी, तेज हवाओं से बचने अधेड़ जल्दी-जल्दी सीढ़ी के रास्ते छत से नीचे उतर रहा था। इसी दौरान सीढ़ी में पैर फिसल जाने से वह जमीन पर गिर गया।

JHAIGO झाईगो 5+1 Cream
चेहरे को दागों से मुक्त कर सुंदरता बढ़ाये...
तो फिर क्या.. बस इस बार झाईगो क्रीम उपयोग कर देखें।
क्या आपके... चेहरे पर झाईयां है? आंखो पर काले घेरे हैं?
चेहरे पर मुहाँसे के काले निशान हैं? या जले या चोट के निशान हैं?

वैदेही तुलसी कफ सीरप
नई एवं पुरानी खांसी, एलर्जी खांसी, श्वास, निमोनिया, कुकुरखांसी, टान्सिल, ब्रानकाटिस, सर्दी आदि में तेज असर कारक
2 वर्ष से बड़े बच्चों के लिए हानिरहित कफ सिरप
HMS देखकर खरीदें एक बार उपयोग कर देखें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE
छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट
सिंघानिया स्किन केयर
36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311
Email:bsinghania111@yahoo.co.in
Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre
रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर
मो. 94252-14479
0771-4020411
www.makeoverraipur.com
त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

सुविधाएं : पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी
डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक
दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर
मो. 7999450384, 7042974029
समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश)
स्पेशलिस्ट : खासी, श्वॉस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राटे व नींद

कान, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर) कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल
डॉ. जाऊलकर ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified)
सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.)
फोन: 0771-4044551
समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ
प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक
मो. 9977247553
नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर
समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक
सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ध पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

उपलब्ध विशेषताएं
• लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी
• जनरल मेडीसीन • ऑर्थोपेडिक्स
• जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी
• ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल)
• गायनेकोलॉजी
अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर)
जी.ई.रोड, आर.के.सी. कॉम्प्लेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001)
फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. सजन अग्रवाल - 9329101037
लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध
OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता।
डायबिटिक क्लीनिक
Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre
Diabetic Clinic
Appointments No. 7724035770 9329004557 9303724304
17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर,
समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

अष्टविनायक हॉस्पिटल
बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं।
* आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव *
बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन)
आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

वात, स्पाइन एवं पाइल्स केयर
मेडिक्लेम सुविधा उपलब्ध
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक वेलनेस सेंटर
मो. 9039050422
मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर

मोतियाबिंद
आयुष्मान कार्ड सुविधा
छोटी लाईन ब्रिज के पास, फाफाडीह, रायपुर 9644099925
SBH साईं बाबा नेत्र हॉस्पिटल

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508133

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

## एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
|---|---|
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. | 2 Years |

Paramedical Course
Lab tech, OT tech, X-Ray tech & Ortho tech-30 Seats Each Course

| Pharmacy Course | Duration |
|---|---|
| D Pharmacy | 2 Years |

Eligibility- B.Sc. Nursing-Biology (PBCE), P.B.B.Sc. Nursing-GNM Pass
M.Sc. Nursing-BSc., P.B.B.Sc. Pass,
Paramedical Course - 12th pass (Bio)
Pharmarcy - 12th pass, Maths, Bio
HOSTEL FACILITY AVAILABLE FOR GIRLS & BOYS
क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु : 7694016816, 6266631615
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु 9691825978, 8435018884

## Appointment आवश्यकता

### सिक्योरिटीगार्ड

**आवश्यकता है-** रायपुर लिमिटेड कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड,सुपरवाइजर हेतु हाईट 5 फीट 6 इंच, 4 फोटो, आधार कार्ड सहित मिले रहना,खाना,फ्री,वेतन 10000 से 15000 MO. 8109070600, 7869230888.(RO-6278)

### टीचर

**आवश्यकता है-** हिंदी मीडियम ओम नेशनल पब्लिक हा. से. स्कूल सरोरा रायपुर विषयः- account, economics, maths, chemistry, physics, Bio, English, Hindi, science, संस्कृत All subject teachers। अनुभवी शिक्षक शिक्षिकाएं Om public school इंग्लिश मीडियम विषयः- English, में BA. MA. B.Ed Maths, science, Computer अनुभवी शिक्षक/ शिक्षिकाएं **मोबाइल नंबर 9827879928, 8770879781.** (RO-984)

विज्ञापन बुकिंग टाइम सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Required-** VR Educational Academy Higher Secondary School Kailash Nagar Birgaon Raipur requires teachers for English medium from Nursery to 10th class for all subjects and Maths, Bio, Commerce, Arts in Higher Secondary Contact- **9754955511, 7738963592** Time- **8:00 am to 12:00 pm.**(RO-2814)

**आवश्यकता है-** व्याख्याता - गणित, भौतिकशास्त्र, रसायनशास्त्र, जीवविज्ञान, वाणिज्यसंकाय, हिन्दी, अंग्रेजी प्रत्येक पद साक्षात्कार की तिथि - 16/6/24 **समय - प्रातः 9बजे से 2बजे स्वामी विवेकानन्द मेमो. स्कूल, सिरसा रोड कोहका भिलाई दुर्ग (छ.ग.) 7999867879, 9340864109 आवेदन की अन्तिमतिथि - 16/6/24 माध्यम- अंग्रेजी व हिन्दी।** (Ro -507)

हरिभूमि क्लासीफाईड छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**आवश्यकता है-** ज्ञान प्रकाश विद्या मंदिर हा. से .स्कूल रावा भाठा बीरगांव मे हिंदी एवम अंग्रेजी माध्यम मे पढ़ाने हेतु शिक्षक/ शिक्षिकाओ की आवश्यकता है । **संपर्क करे प्राचार्य 9131548793, 7974856070** (RO-6272)

**आवश्यकता है-** हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यमः पहली से पांचवी, 6वीं- 10वीं हिंदी, गणित, विज्ञान, संस्कृत एवं 11वीं- 12वीं में बायो, फिजिक्स, केमिस्ट्री, इंग्लिश, कंप्यूटर शिक्षक/ शिक्षिकाओं, चपरासी की आवश्यकता। **साक्षात्कार 14. 06. 2024, प्रातः 10 बजे- 1 बजे तक, रायपुर कॉन्वेंट हा. से. स्कूल, अश्वनी नगर, 0771-2241548.**(RO-7486)

**आवश्यकता है-** Raipur Convent Hr. Sec School Required Trained Teachers to teach English, Physics Chemistry, Bio,SST, Science, Maths up to 12th (in English Medium)Interview on 15.06.2024, 10.00am at Gudhiyari, Janta Colony- **8109077721, 8109077723,** Shivanand Nagar, Near Neem Dabri Talab - **8109077730.** (RO-7488)

### दुकान कार्य

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने के लिए लड़कों की आवश्यकता है वेतन 10000/- महीना योग्य उम्मीदवार को ज्यादा वेतन **संपर्क करें, वायर हाऊस जवाहर नगर एम.जी. रोड रायपुर** (RO-1220)

**आवश्यकता है-** सीमेंट दुकान में काम करने एक व्यक्ति की आरामदायक बैठक हेतु रिटायर्ड अथवा बुजुर्ग को प्राथमिकता योग्यता आठवीं पास आसपास रहने वालों को प्राथमिकता **पता- बबला सीमेंट हाउस कंवर राम चौक कटोरा तालाब रायपुर**(RO-54426)

### रिसेप्शन/नर्सिंग स्टाफ

**आवश्यकता है-** 1) मेडिकल स्टोर में काम करने बॉय/गर्ल, 2) रिसेप्शन हेतु बॉय/गर्ल 3) नर्सिंग स्टाफ बॉय/गर्ल की आवश्यकता है रहने की सुविधा, **संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर फोन- 0771-2425009.**(RO-2815)

छोटा विज्ञापन

### सिक्योरिटीगार्ड

आवश्यकता है
कॉलोनी में कार्य करने हेतु
सिक्युरिटी गार्ड पुरुष -2 पद की
ड्युटी समय 12 घंटे
संपर्क करें: अवीवा प्राइड, कांदुल रोड, बोरीयाखुर्द रायपुर
मो.9303389000
Aditya Advt.

### असिस्टेंट

**आवश्यकता है-** एक असिस्टेंट अकाउंटेंट की जो की Tally ERP एंव MS office की जानकारी रखता हो। **संपर्क करें जैन ट्रेडर्स आकृति विहार अमलीडीह रायपुर फोन -0771-4075490, 7469980000.**(RO-6279)

### सेल्स/ऑपरेटर कार्य

**Requirment-** 1. Sales staff for field (experienced)- male-1, 2. Computers operator- male/ female-1, Address:- Woodvogue Furniture near Shubham Corporate mobile-9827900065.(RO-6283)

### होटल/लॉजिंग कार्य

**आवश्यकता है-** डॉरमेट्री (होटल लॉजिंग) मैं कार्य करने हेतु चार लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार। बायोडाटा, आधार कार्ड, फोटो के साथ **संपर्क करें- बालाजी डॉरमेट्री, गुरुद्वारा के पास, स्टेशन रोड, रायपुर 78800-95002.**(RO-690)

### ड्रायवर

**आवश्यकता है-** श्री जी वैशाली कॉलोनी अमलीडीह रायपुर मे घरेलू कार्य हेतु आनुभवी ड्राइवर की आवश्कता हैं। **संपर्क करे - रामा ट्रेडर्स , मैन रोड , अमलीडीह,रायपुर । मोबाइल 6264727112, 9827960110.** (RO-116)

### वेल्डर/हेल्पर

**आवश्यकता है-** लेथ मशीन ऑपरेटर, वेल्डर, और हेल्पर की। **पता बाराडेरा, सीआरपीएफ कैंप के पास, मंदिर हसौद, रायपुर सम्पर्क करे मो. 7024347173.** (RO-2817)

### घरेलु कार्य

**आवश्यकता है-** रायपुर में छोटे सब्जी बगीचे /अन्य साधारण काम/घरेलू काम के लिए छोटे परिवार की । निशुल्क रहने खाने पकाने की **संपूर्ण सुविधा उपलब्ध । सम्पर्क करें 7974100341.**(RO-2816)

### सेल्समैन

**आवश्यकता है-** रायपुर व दुर्ग जिले में किर्लोस्कर पंप विक्रय हेतु रायपुर निवासी सेल्समेन की आवश्यकता है, **सम्पर्कः निर्मल सेल्स, नवीन बीज भंडार के सामने, अमरदीप टाकीज रोड, बांसटाल, रायपुर, मो. 9300659227.** (RO-7490)

### क्लीनिक कार्य

**आवश्यकता है-** क्लिनिक में कार्य करने हेतु 2- लड़कों की आवश्यकता है न्यूनतम योग्यता- 8वीं पास **संपर्क- माधवबाग क्लिनिक, अग्रोहा कालोनी, रायपुरा, रायपुर 8770484939, 9425577139.** (RO-6275)

**आवश्यकता है-** गोदड़ीवाला आश्रम देवपुरी में धर्मार्थ क्लिनिक हेतु पार्ट टाइम एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ की आवश्यकता है । आकर्षक वेतन । **संपर्क करें । 7880134141.** (RO-A)

### हेल्पर

**आवश्यकता है-** बिस्कुट पैकिंग एवं अन्य कार्य करने हेतु रहकर काम करने वाले हेल्पर लड़को की आवश्यकता है रूम बिजली की सुविधा फ्री **पता- बंजारी मंदिर के पास रावाभाटा रायपुर 7471176423** (RO-34463)

### सेल्सगर्ल/सेल्समैन

**आवश्यकता है-** मोबाइल जोन में कार्य करने सेल्समैन/ सेल्सगर्ल एवं रिपेयरिंग करने वालों की आवश्यकता अनुभवी को प्राथमिकता वेतन 5 अंकों में, **दीपेश मेडिकल स्टोर मरीन ड्राइव कटोरा तालाब के सामने श्याम नगर 9303150100.**(RO-306)

### मैनेजर

**आवश्यकता है-** कंपनी में ऑफिस काम के लिए मैनेजर पद हेतु उड़िया, तेलुगू, बंगाली, बिहारी, यू.पी, भाषिशित लड़कों की आवश्यकता है वेतन- 15000 से 20000 रहना खाना फ्री **संपर्क करें:-मो.- 94207-18173.** (RO-6345)

### आवश्यकता

**आवश्यकता है-** हेल्थ सेक्टर में करियर बनाएं , 8/10/12 वी फेल लड़के / लड़कियां ना हो निराश मेडिहब्स होम हेल्थ केयर से जुड़ कर कमाएं 8000 से 25000 प्रतिमाह + रहना फ्री रजिस्ट्रेशन हेतु **संपर्क करें ऑफिस रायपुर : 7772011223.** (RO-3919)

### सेल्सगर्ल/हेल्पर

**आवश्यकता है-** SPDM SUPERMARKET Kamal Vihar Office ke liye Helper- 3, Sales Girls- 6, Peon- 3, Yogyata 12 to Graduation. Contact- SPDM MART A-6, Sector 8-A Near Shree Venkatesh Hospital Kamal Vihar Raipur **8770391812, 9329686862.** (RO-2810)

### केयर/टेकर

**आवश्यकता है-** चंदखुरी, रायपुर स्थित कुत्तों के अस्पताल में 10 -12 स्वीपर/ केयर टेकर/ कुत्तों की देखभाल, खाना खिलाने के लिए लड़कों की आवश्यकता, खाने रहने की सुविधा है। **संपर्क- 9981116210.**(RO-7487)

### ऑफिस कार्य

**आवश्यकता है-** ऑफिस सहायक हेतु युवको की वेतन 10,000 +कमीशन, बोनस रहना फ्री एक महीने ट्रेनिंग बाद मैनेजर पद पर नियुक्ति, लगभग वेतन 30,000, अनुभव की आवश्यकता नहीं, 10वी पास /फेल। **संपर्क:- 6265100904.** (RO-2822)

**शीघ्र आवश्यकता है-** जो बाहर रहकर कार्य कर सके इंदौर में ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष, 10/12, ग्रेजुएट अविवाहित लड़के चाहिए। वेतन 10000+ कमीशन+ बोनस सहित 20000 रहना खाना फ्री+ गाड़ी किराया+ कोई शुल्क नहीं लगेगा **सम्पर्क करें- 8006698797, 9630201208.** (RO-34477)

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें 62638-18152

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10/12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 9575712101, 7389318055.**(RO-34398)

**आवश्यकता है-** शहर से बाहर ऑफिस कार्य हेतु 18-28 वर्ष के 10-12वी, स्नातक, अविवाहित लड़के चाहिए वेतन 10000 रहना, खाना, ट्रैवल, ट्रेनिंग फ्री। ट्रेनिंग पश्चात 20000 से 25000 **सम्पर्क करें- 8871422576, 9981576163.** (RO-34478)

## Business व्यापार

**व्यापार-** अब शुरू करे स्वयं का बिजनेस बिना किसी रिस्क, कम पूंजी लगाकर घर बैठे स्वयं का उद्योग लगाएं, 30,000-50,000 प्रतिमाह कमाएं, आटोमेटिक मशीन द्वारा दोनापत्तल, डिस्पोजल बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का एग्रीमेंट **संपर्क:-APS इंटरप्राईजेस, रायपुर- 7477221345, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़- 7869755871.**(Ro-2741)

## Finance फायनेंस

**फाइनेंस -** मुद्रा योजना के अंतर्गत रोजगार लोन पूरे मध्य प्रदेश छत्तीसगढ़ मे लोन 2% ब्याज, 50% छुट, 50000/- से 5 लाख तक लोन उपलब्ध (धोखेबाजों से सावधान) **संपर्क मोबाइल:- 08826459431.**(RO-2813)

**फाइनेंस -** लोन ! लोन! लोन गुरु कृपा फाइनेंस (मुद्रा लोन, पर्सनल, बिजनेस, उद्योग, दुकानदारी, पशुपालन, कृषि, प्रॉपर्टी, मार्कशीट लोन , सभी लोन , 1- 95 लाख तक (2% ब्याज , 40 % छूट) **संपर्क:- 7566746330.** (RO-1325)

हरिभूमि क्लासीफाईड

हरिभूमि समाचार ही नही, विचार भी...
CLASSIFIED RATE CARD
15 जून 2024 से लागू

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
|---|---|---|---|---|
| Raipur City | 450 | 550 | 500 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 400 | 500 | 480 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 400 | 450 | 450 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 650 | 750 | 700 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 550 | 600 | 600 | 195/- Sq cm |
| All CG | 900 | 1020 | 1000 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1150 | 1500 | 1450 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1550 | 1900 | 1800 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4
Colour 20% Extra Charge For Disply
SCHEME
(Running) 3+1, 5+2, 10+6, 20+14, 30+25, 50+50
Display 2+1, 5+3, 10+7, 15+15, 20+25
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. Single day Booking 100Rs. Extra.
ADVT. Booking time 10.30 am to 3.00 pm.
5% GST for All Ad

EDUCATION SPECIAL- Fix Size 10x3

| EDITION | RATE | Scheme |
|---|---|---|
| Raipur City | 2800 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2600 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4000 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2200 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3500 | |
| All CG | 5000 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
|---|---|
| 500 /- 1 Sunday | 800 /- 1 Sunday |
| 900 /- 2 Sunday | 1200 /- 2 Sunday |
| 1200/- 3 Sunday | 1500/- 3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | (30 Days) | (60 Days) | (90 Days) |
|---|---|---|---|
| Raipur City | 50000 | 80000 | 100000 |
| Bilai + Durg Edition | 45000 | 75000 | 95000 |
| Bilaspur City | 35000 | 65000 | 80000 |
| Raipur All Edition | 65000 | 110000 | 140000 |
| Bilaspur All Edition | 50000 | 90000 | 110000 |
| All CG | 100000 | 160000 | 200000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## Property प्रापर्टी

**प्लॉट उपलब्ध है-** उतई से पूरई मुख्यमार्ग 6 लेन भारतमाला रोड से 500 मीटर एवं मेनरोड से 100 फीट दूरी पर आवासीय प्लाट 221/- वर्गफीट में उपलब्ध है। **संपर्क:- मो.- 9111330001** (Ro -508)

**बेचना है-** 5610 वर्गफीट रेजिडेंशियल प्लाट लोकेशन प्रोफेसर कॉलोनी रायपुर शीघ्र बेचना हैं **संपर्क करें** Mob. **9970384457, 8668495348.** (RO-2825)

**बेचना है-** चौहान टाउन, जुनवानी भिलाई, E-6 / 23 6th फ्लोर पर स्थित 3 BHK फ्लैट 1154 sft फ्लैट बेचना है । **संपर्क करें - 9340785098.** (RO-10285)

## Astrology ज्योतिष

**ज्योतिष -** शास्त्रीजी घरबैठे सभी समस्याओं का समाधान प्यार धोखा, वशीकरण, सौतन छुटकारा लवमैरिज, रूठो को मनाना, ग्रहक्तेश, किया कराया, प्रेमी , पती, संतान कहने से बाहर होतो **संपर्क करे समस्या केसीभी जड़से खत्म 7347259119.** (RO-13135)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

### आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेंवे व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

Healthcare
छोटा लिंग निराश क्यों?
जोश जगा दे धूम मचा दे।

18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंग को 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
08116592844

**जोसा काउंसलिंग - आईआईटी एनआईटी एडमिशन**

# देश की 9 आईआईटी और 16 एनआईटी ने ब्रांच चेंज के ऑप्शन्स बंद किए

एजेंसी ▶▶| कोटा



देश की प्रतिष्ठित इंजीनियरिंग प्रवेश परीक्षा जेईई-एडवांस्ड के रिजल्ट के बाद अब आईआईटी और एनआईटी में एडमिशन के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। लाखों विद्यार्थी जेईई-मेन एवं एडवांस्ड की रैंक पर कॉलेज ऑप्शन चुनने की विश्लेषण में लगे हैं। इस वर्ष 121 कॉलेजों की 865 ब्रांचेज को जोसा काउंसलिंग के दौरान भरना है। च्वाइस फिलिंग की अंतिम तिथि 18 जून तक है।

एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि इस वर्ष कई प्रमुख आईआईटी-एनआईटी ने विद्यार्थियों के प्रथम वर्ष की परफोर्मेंस के आधार पर होने वाले ब्रांच अपग्रेडेशन के विकल्प को बंद कर दिया है। इन आईआईटी में शीर्ष आईआईटी मुम्बई, मद्रास, खरगपुर, हैदराबाद, जम्मू, मंडी, भुवनेश्वर, धारवाड़ के अतिरिक्त आईआईटी धनबाद शामिल है। आईआईटी के साथ-साथ 16 एनआईटी ऐसे हैं जिन्होंने इस वर्ष ब्रांच अपग्रेडेशन के ऑप्शन्स को बंद किया है। इन एनआईटी में जयपुर, अलाहाबाद, कालीकट, दिल्ली, हमीरपुर, सूरतकल, नागालैंड, पटना, पुडुचेरी, रायपुर, कुरुक्षेत्र, राउकेला, तिरूचिरापल्ली, वारंगल, सूरत और आंध्रप्रदेश में ये ऑप्शन बंद किए गए हैं।

सिंह ने बताया कि हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी शीर्ष आईआईटी-एनआईटी की कोर ब्रांचों के अतिरिक्त लोअर-ब्रांचों को उनके नीचे के आईआईटी-एनआईटी की कोर ब्रांचों से ज्यादा प्राथमिकता में रखते थे, क्योंकि विद्यार्थियों की यह सोच होती है कि वे शीर्ष आईआईटी एवं एनआईटी में लोअर ब्रांचों में प्रवेश लेकर प्रथम वर्ष की परफोर्मेंस की आधार पर ब्रांच अपग्रेड करवा सकते हैं। परन्तु अब 9 आईआईटी एवं 16 एनआईटी में ब्रांच अपग्रेड का विकल्प बंद होने से विद्यार्थी इन कॉलेजों में केवल अपनी रूचि के अनुसार पढ़ने वाली ब्रांच को ही प्राथमिक सूची में रख सकेंगे।

### 59917 सीटों के लिए काउंसलिंग

इस वर्ष कुल 59917 सीटों के लिए काउंसलिंग 23 आईआईटी 17740, 32 एनआईटी की 24229, 26 ट्रिपलआईटी की 8546, 40 जीएफटीआई की 9402 के साथ कुल 59917 के लिए काउंसलिंग हो रही है। गत वर्ष के मुकाबले आईआईटी की 355, एनआईटी की 275, ट्रिपलआईटी की 800, जीएफटीआई की 1335 कुल 2765 सीटों में बढ़ोतरी हुई है।

# लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव 26 जून को, अभी नाम तय नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



आगामी 26 जून को लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होगा। पिछले लोकसभा में अध्यक्ष रहे ओम बिरला ही फिर से सदन को संभालेंगे या कोई नया चेहरा अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठेगा इसे लेकर अभी तस्वीर साफ नहीं है। पिछले कई दिनों से चर्चा है कि टीडीपी चाहती है कि लोकसभा अध्यक्ष उसके खाते में आये पर भाजपा हर हाल में यह महत्वपूर्ण पद अपने पास रखना चाहती है। जिस प्रकार से मंत्रिमंडल में एनडीए के घटक दलों को कोई खास अहमियत नहीं मिली उसे देखते हुए माना जा रहा है कि भाजपा हर सूरत में अध्यक्ष का पद अपने पास रखेगी। होगा क्या यह 26 जून को स्पष्ट हो जाएगा।

27 तारीख को संसद के दोनों सदनों को राष्ट्रपति संबोधित करेंगी और इसी दिन सुबह 11 बजे राष्ट्रपति का अभिभाषण होगा। यानि इससे पहले सभी नवनिर्वाचित लोकसभा सांसदों को शपथ दिलाने के साथ ही नए अध्यक्ष को भी चुन लिया जाएगा। 24 और 25 जून को प्रोटेम स्पीकर नए सांसदों को शपथ दिलवाएंगे। लोकसभा अध्यक्ष का पद भारतीय जनता पार्टी अपने पास ही रखने जा रही है, यानि 18वीं लोकसभा में भी भाजपा का ही कोई सांसद लोकसभा का अध्यक्ष चुना जाएगा, यह लगभग तय है।

## नागपुर : कारखाने में विस्फोट में 6 मरे

नागपुर। महाराष्ट्र में नागपुर शहर के निकट विस्फोटक बनाने वाले एक कारखाने में बृहस्पतिवार अपराह्न हुए विस्फोट में पांच महिलाओं समेत छह श्रमिकों की मौत हो गई और तीन घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह घटना नागपुर से लगभग 25 किलोमीटर दूर हिंगना पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत धमना गांव में चामुंडी एक्सप्लोसिव प्राइवेट लिमिटेड में दोपहर एक बजे हुई।

# दसवीं, बारहवीं बोर्ड के परीक्षा केंद्रों पर छात्राओं को मिलेंगे मुफ्त सेनेटरी पैड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं के दौरान छात्राओं के स्वास्थ्य, सम्मान और आकादमिक सफलता को ध्यान में रखते हुए घोषणा की है कि उन्हें प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर निशुल्क सेनेटरी पैड मुहैया कराए जाएंगे। इसके लिए मंत्रालय के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग ने सभी राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों को निर्देश जारी कर दिए हैं। 13 जून को केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान द्वारा कार्यभार ग्रहण के बाद मंत्रालय की तरफ से इस अहम निर्णय की जानकारी दी गई है। शिक्षा मंत्रालय की इस पहल के पीछे परीक्षाओं के दौरान लड़कियों के मन में पैदा होने वाले डर को कम करते हुए उनका ध्यान पूरी तरह से पढ़ाई पर केंद्रित कराना है। जिससे परीक्षाओं में आत्मविश्वास से भाग लेते हुए वह अपना बेहतरीन प्रदर्शन कर सकें। मंत्रालय ने बताया कि दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाओं में लड़कियों के सामने सेनेटरी पैड जैसे उत्पादों और परीक्षा केंद्र में मासिक धर्म से जुड़ी साफ सफाई तक कम पहुंच की चुनौती बनी हुई है। जिसे मंत्रालय ने भी पहचाना है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह कदम उठाया गया है। साथ ही सभी राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों के स्कूलों को निर्देश जारी करते हुए मंत्रालय ने कहा कि मासिक धर्म से जुड़ी हुई स्वच्छता प्रबंधन लड़कियों के समग्र विकास से जुड़ा हुआ एक अहम मामला है। इसलिए इसे उनके अकादमिक प्रदर्शन की राह में नहीं आना चाहिए।

■ केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के सभी स्कूलों को जारी किए निर्देश


## कार्यालय उप संचालक कृषि, जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा

कार्यालय :- 07856 - 252360, फैक्सः - 252360 निवासः- 252350 ई-मेल पताः-ddadante.cg@nic.in

**रूचि की अभिव्यक्ति - प्रथम आमंत्रण**
**(Expression of Interest-EOI)**

क्रमांक / टी - 4 / डीएमएफ / 2024 /883 दन्तेवाड़ा, दिनांक 11/06/2024

जिला खनिज संस्थान न्यास निधि (डीएमएफ) अन्तर्गत "रूचि की अभिव्यक्ति" (Expression of Interest-EOI) पत्र' निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है ।
(1 ) नियम एवं शर्ते तथा EOI प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 26/06/2024
(2) EOI प्रपत्र कार्यालय में जमा करने की अंतिम तिथि - 11/07/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक।
(3) आवेदन खोलने की तिथि - 12/07/2024 अपरान्ह 3.00 बजे तक

| क्र. | कार्य का नाम | कृषक संख्या | अनुमानित राशि ( लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | अमानत राशि ( लाख में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | नलकूप खनन व सबमर्सिबल पंप स्थापना कार्य | 25 | 61.074 | 3000 | 1.832 |
| 2 | चैनलिंक तारफेंसिग कार्य | 76 | 180.873 | 3000 | 5.426 |
| 3 | ग्राम-कौरगांव में चैनलिंक तारफेसिंग कार्य (0.40हे.) | 47 | 122.670 | 3000 | 3.680 |
| | योग | 148 | 364.617 | - | - |

अतः इच्छुक खननकर्त्ता व संस्था जोकि कृषि विभाग में जिले हेतु पंजीकृत वैध नलकूप खनन एवं सबमर्सिबल पंप स्थापना कर्त्ताओं का छ.ग. शासन द्वारा पंजीकृत हो, एवं चैनलिंक तारफेंसिग कार्य हेतु इच्छुक निर्माताओं एवं पंजीकृत इकाई तथा उनके अधिकृत एजेंसी से वेंडर एम्पेन्लमेन्ट के तहत, निर्धारित नियम एवं शर्तों की पात्रता रखते हो, उसे निर्धारित प्रपत्र में निश्चित तिथि तक रजिस्टर्ड पोस्ट अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से आवेदन प्रस्तुत कर सकता है । विस्तृत विवरण कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

उप संचालक कृषि,
G-242500254/2 जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा


**आधुनिक हथियारों से लैस सशस्त्र सेनाएं हर चुनौती का सामना करने को तैयार हैं: राजनाथ सिंह**

# रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रक्षा मंत्रालय में संभाला अपना कार्यभार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



चीन के साथ जारी एलएसी विवाद और पाकिस्तान की ओर से जम्मू क्षेत्र में बढ़ते आतंकी हमलों के बीच रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गुरुवार को राजधानी के साउथ ब्लॉक स्थित रक्षा मंत्रालय में लगातार दूसरी बार देश के रक्षा मंत्री के रूप में अपना कार्यभार संभाला। इसके बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि सशस्त्र बलों को अत्याधुनिक हथियारों, प्लेटफार्म से लैस किया जा रहा है। वे हर चुनौती का सामना करने के लिए तैयार हैं। नई सरकार सशस्त्र सेनाओं के आधुनिकीकरण के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा को और अधिक मजबूत बनाने, आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने, नई प्रौद्योगिकी में नवाचार, सीमा पर बुनियादी ढांचे को मजबूत बनाने, रक्षा निर्यात बढ़ाने व पूर्व सैनिकों के कल्याण पर ध्यान केंद्रित करेगी। रक्षा मंत्री ने वीरता और प्रतिबद्धता के साथ राष्ट्र की एकता, अखंडता और संप्रभुता की रक्षा करने के लिए सैन्य कर्मियों की सराहना की। रक्षा मंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के बाद रक्षा समीकरण में हिंद महासागर क्षेत्र के बढ़ते महत्व को देखते हुए राजनाथ सिंह ने अपनी पहली यात्रा के तौर पर 14 जून को नौसेना की विशाखापट्टनम स्थित पूर्वी कमांड के मुख्यालय का दौरा करने का निर्णय लिया है।

# चीन-पाक के संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी पर भारत की दो टूक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

चीन और पाकिस्तान द्वारा हालिया जारी किए गए संयुक्त बयान में जम्मू-कश्मीर और लद्दाख को लेकर की गई अनुचित टिप्पणी को भारत ने सिरे से खारिज करते हुए यह स्पष्ट कर दिया है कि दोनों केंद्रशासित प्रदेश भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे। किसी अन्य देश को इन पर किसी तरह की टिप्पणी करने का कोई अधिकार नहीं है। यह संयुक्त बयान बीते 7 जून को बीजिंग द्वारा चीन के प्रधानमंत्री ली क्यांग और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी किया गया था। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मीडिया द्वारा इस बयान का लेकर पूछे गए प्रश्न के जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नई दिल्ली इस संयुक्त बयान में तथाकथित चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (सीपीईसी) के तहत आने वाली परियोजनाओं की भी निंदा करती है। साथ ही कहा कि उक्त भूभाग पर इस्लामाबाद द्वारा किए गए अवैध दावे को भारत पूरी तरह से खारिज करता है। इस मामले को लेकर हमारी स्थिति दृढ़ता के साथ कायम है और इसके बारे में दोनों पक्ष (चीन और पाकिस्तान) भी पूरी तरह से अवगत हैं। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा बने रहेंगे।

■ विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता बोले, जम्मू-कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न अंग थे, हैं और हमेशा रहेंगे

# ...तो लोकसभा में विपक्ष के नेता नहीं होंगे राहुल गांधी !

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



राहुल गांधी लोकसभा में विपक्ष के नेता बनकर संसदीय विधि विधानों में उलझने के बजाय कांग्रेस संगठन की 'ओवरहॉलिंग' उसे देशभर में चुस्तदुरुस्त करने में पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की मदद करना चाहते हैं। वे लगातार वरिष्ठ नेताओं को इस बात के संकेत दे रहे हैं कि किसी अन्य नेता को क्या ये जिम्मेदारी दी जा सकती है? यही वजह है कि पार्टी के अंदर से गौरव गोगोई का नाम तेजी से उभर रहा है। गोगोई युवा हैं। उत्तर पूर्व राज्य, असम से आते हैं। बतौर सांसद उनका इस बार पांचवां टर्म है। हिंदी, अंग्रेजी, असमी और अन्य भाषाओं पर उनकी अच्छी पकड है। अच्छे वक्ता हैं। राहुल गांधी की पसंद हैं। एआईसीसी के मंच से विभिन्न विषयों पर पार्टी की ओर से गौरव गोगोई को इन दिनों लगातार आगे भी किया जा रहा है। लेकिन अभी उनका नाम लोकसभा में विपक्ष के नेता के तौर पर अंतिम तौर पर तय नहीं हुआ है।

पार्टी के एक वर्ग का ये भी मानना है कि इंडिया गठबंधन के किसी साथी दल से किसी वरिष्ठ नेता को क्या विपक्ष का नेता बनाया जा सकता है?


**राजस्व मण्डल, छ.ग. बिलासपुर**
**सर्किट कोर्ट, रायपुर**
**-: राजस्व मामले की नोटिस :-**

प्र.क्र.आर.एन. /14/आर/अ-6/243/2011
पेशी दिनांकः-08/07/2024

प्रति,
1. श्रीमती इंदु यदु पति स्व. केशव यदु, निवासी- उपरवारा तहसील - अभनपुर जिला - रायपुर (छ.ग.)
2. भोलाराम यदु पिता स्व. गिरधारी, निवासी- सदाणी दरबार कालोनी माना जिला - रायपुर (छ.ग.)
3. श्रीमती गिरजा यदु पति स्व. अंबिका यदु, 4. शिव कुमार यदु पिता स्व. गिरधारी 5. संतोष यदु पिता स्व. गिरधारी, तीनों निवासी- उपरवारा तहसील - अभनपुर जिला - रायपुर (छ.ग.)

-00-

पुनरीक्षणकर्ती संतोषीबाई यादव पिता स्व. गोवर्धन यादव जौजे श्री रोमनाथ निवासी ग्राम उपरवारा, तहसील - अभनपुर, जिला - रायपुर (छ.ग.), द्वारा न्यायालय अध्यक्ष, राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर, सर्किट कोर्ट, रायपुर के न्यायालय में पुनरीक्षण प्रकरण क्रमांक – आर. एन. /14/ आर / अ- 6 / 243 / 2011, न्यायालय अपर आयुक्त, रायपुर संभाग, रायपुर के प्र.क्र. 146 / अ - 6 / 2010-11 पक्षकार संतोषी बाई यादव विरुद्ध गिरधारी यदु व एक अन्य में पारित आदेश दिनांक 06/07/2011 के विरूद्ध पुनरीक्षण याचिका प्रस्तुत किया गया है। उक्त प्रकरण में सुनवाई हेतु दिनांक 08/07/ 2024 को तिथि नियत है।

अतः उक्त दिनांक को समय दिन के 11.00 बजे इस न्यायालय में आप स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित हो। यदि उक्त तिथि एवं समय को आप खुद या आपके मुख्त्यार या अधिवक्ता उपस्थित नहीं हुए तो मुकदमे का फैसला एकतरफा किया जायेगा ।

राजस्व मण्डल, छ.ग.
सर्किट कोर्ट रायपुर

**आम सूचना**

(ग्राम-उल्वा, प.ह.नं. 24, तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. स्थित कृषि भूमि ख.नं. 5/1, 5/2, व 5 / 3 कुल रकबा 0.4600 हेक्टेयर के संबंध में)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार ने श्री प्रकाश गुप्ता पिता श्री कुन्दन लाल गुप्ता निवासी - वार्ड नं. 14, बड़े उरला, अभनपुर तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) से उनके भूमि स्वामी हक वो आधिपत्य की कृषि भूमि ग्राम-उल्वा, प.ह.नं. 24, रा.नि.मं. व तहसील अभनपुर जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित ख.नं. 5/1, 5/2 व 5/3 रकबा क्रमशः 0.1500, 0.015 व 0.1600 हैक्टेयर अर्थात कुल रकबा 0.4600 हैक्टेयर है, को क्रय करने का पक्का सौदा तय कर ब्याना राशि अदा कर विक्रय इकरारनामा अपने पक्ष में निष्पादित करा चुके है। अब केवल सौदे की शेष राशि अदा कर विक्रय विलेख का निष्पादन एवं पंजीयन कराया जाना शेष है ।

अतः उपरोक्त संव्यवहार या उसके किसी भाग के स्वामित्व, आधिपत्य एवं अंतरण के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति, बैंक, संस्था, निकाय, बोर्ड या निगम, प्राधिकरण, साहूकार, शासन एवं प्रशासन आदि को कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो वह इस सूचना प्रकाशन तिथि से 07 (सात) दिनों के भीतर अपनी लिखित आपत्ति नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें, अन्यथा समयावधि उपरांत उक्त भूमि का पंजीयन मेरे पक्षकार द्वारा अपने पक्ष में या अपने इक्छित व्यक्ति के नाम पर करवा लिया जावेगा, तत्पश्चात प्राप्त कोई भी आपत्ति या दावा झूठा एवं नाजायज माना जावेगा तथा वह मेरे पक्षकार पर बंधनकारी वो बाध्यकारी नही होगा। सो सूचना जाने ।

स्थान रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 13/06/2024

भवदीय
हेमन्त डहरवाल, अधिवक्ता
शॉप नं. 02, प्रथम तल, बाबजी काम्पलेक्स,
श्याम टॉकिज रोड, बुढ़ापारा, रायपुर छ.ग.
मोबाईल नं. 9993952220

**NAVA RAIPUR ATAL NAGAR VIKAS PRADHIKARAN**
Paryawas Bhawan, North Block, Sector- 19,
Nava Raipur Atal Nagar, Dist Raipur - 492 002, Chhattisgarh.
Tel No: +91 771 2512500; Fax No.: +91 771 2512400. Website:
www.navaraipuratalnagar.com, http://eproc.cgstate.gov.in

**E-Procurement Tender Notice**

The Chief Executive Officer, NRANVP invites tender for following work:
**NIT No: 03/Forest-Lift/EE(E)/CE/NRANVP/2024-25,**
**Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur Dated: 11.06.2024**
Name of Work: "Design, Supply, Installation, Testing and Commissioning of Elevator for Aranya Bhawan (Forest HQ Building) at Sector-19 of Nava Raipur Atal Nagar, Distt. Raipur (C.G)". (3rd Call)
Estimated cost: INR **23.69** lakh, EMD: INR **47,380.00** Period of Completion: **4** Months
**Last Time & Date of Online Submission: 15:00 hrs on 26.06.2024**
The E-Procurement tender documents can be downloaded from the portal (Website) http://eproc.cgstate.gov.in directly and shall be submitted online on the same website only after making payment of bid participation fees online.
**Amendment in tender, if any, will only be uploaded on the website and shall not be published in any newspaper.**
S-40381/1 **Chief Engineer NRANVP**

**MUNICIPAL CORPORATION RAIPUR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Main Portal: https://eproc.cgstate.gov.in**
**NIT NO: 8/RMC/2024** **RAIPUR DATED : 12/06/2024**
Online bids are invited for the following works up to **03/07/2024** at **17:30** hours.

| Sr. No. | System Tender No. | Name of work/Description of work | Probable Amount of contract (In Lacs) |
|---|---|---|---|
| 1 | 154815 | Raipur Municipal Corporation invites sealed EOI for Hiring of Agency for Communication & Support Task of Ancillary Activity to Engagement Plan of Raipur Municipal Corporation | 36,00,000.00 |

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate. gov.in from **12/06/2024, 17:30** Hours (IST) on wards.
For more details on the tender and bidding process you may please visit the above mentioned portal. NIT Details and other documents.
Note:-1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. *Help Desk at Toll Free No.* 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरें को सफाई मित्र (वाहन) को देंवें।

**EXECUTIVE ENGINEER**
**MUNICIPAL CORPORATION**
**RAIPUR (C.G.)**

## कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

ई-मेल : cgayushjagdalpur@gmail.com दूरभाष एवं फैक्स क्र.: 07782-227927

क्रमांक/ योजना/ पें.चि.सु.2024/ जगदलपुर, दिनांक / /2024

**// निविदा सूचना //**

वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिले के जिला आयुर्वेद चिकित्सालय जगदलपुर में पेंशनरों की चिकित्सा सुविधा हेतु स्थानीय औषधि विक्रेताओं से आयुर्वेद शास्त्रोक्त एवं प्रोपरायटरी (पेटेण्ट ) औषधियों के निर्धारित दर पर (शासन के पक्ष में जो भी छूट होता हो) किये जाने हेतु **मोहरबंद** निविदा आमंत्रित की जाती है । टू बीड निविदा में प्रथम लिफाफे (**अ**) पर प्री क्वालीफाईड एवं द्वितीय लिफाफे (**ब**) पर प्राईज बीड लाल रंग के स्याही में अंकित होना अनिवार्य होगा । निर्धारित तिथि व समय के पश्चात प्राप्त निविदा पर विचार नहीं किया जावेगा । संबंधित पंजीकृत फर्म शासन के **शीर्ष मद :- (0210 चिकित्सा और लोक स्वास्थ्य, 03 चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण और अनुसंधान, 101 आयुर्वेद, 0753 विविध )** बैंक में चालान के माध्यम से जमा कर, चालान की एक प्रति प्रस्तुत कर, निविदा प्रपत्र नियम एवं शर्तें की जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है ।

1. निविदा बिक्री की अंतिम तिथि - 27/06/2024 सायं 05:30 बजे तक ।
2. निविदा जमा करने की अंतिम तिथि - 28/06/2024 दोपहर 12:00 बजे तक ।
3. निविदा खोलने की तिथि - 28/06/2024 शाम 02:00 बजे ।

जिला आयुर्वेद अधिकारी
G-242500274/1 जिला बस्तर, जगदलपुर (छ.ग.)

## कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.)

क्रमांक/स्टोर/ 2024/1854-57 बालोद दिनांक 11/06/20224

**निविदा**

कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी बालोद (छ.ग.) के अधीन संचालित आयुष संस्थाओं में आने वाले रोगियों के लिये आयुर्वेद (शास्त्रोक्त एवं पेटेंट), एवं होम्योपैथी औषधियों वित्तीय वर्ष 2024-25 में दिनांक 31.03.2025 तक "सी.जी. एम. एस.सी. में अनुपलब्ध औषधियों का अनापत्ति पश्चात एवं आयुष संस्थाओं द्वारा मांग अनुरूप क्रय किये जाने हेतु टू-बीड सिस्टम के अंतर्गत निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म कार्यालयीन समय पर कार्यालय जिला आयुर्वेद अधिकारी, घड़ी चौक बालोद से प्राप्त की जा सकती है ।

निविदा फार्म विक्रय की अंतिम तिथि :- 26/06/2024 दोपहर 03:00 बजे तक ।
निविदा फार्म जमा करने की अंतिम तिथिः 05/07/2024 दोपहर 02:00 बजे तक ।
निविदा खोले जाने की तिथि :- 05/07/2024 दोपहर 03:00 बजे ।

निविदा फार्म की कीमत 500/- (पाँच सौ रूपये मात्र) है, जिसे "0210- चिकित्सा शिक्षा, 03 - चिकित्सा शिक्षा प्रशिक्षण व अनुसंधान, 101 - आयुर्वेद, 0753 - विविध प्राप्तियां'" चालान हेड में जमा कर चालान की मूल प्रति कार्यालय में जमा कर निविदा प्रपत्र एवं शर्ते प्राप्त करें।

**नोट :- जिले के स्थानीय औषधि विक्रेताओं को प्राथमिकता दी जायेगी।**

(डॉ. ज्योति गजभिये )
जिला आयुर्वेद अधिकारी
G-242500268/2 बालोद (छ.ग.)

## कार्यालय अधीक्षण अभियंता, लोक निर्माण विभाग, बस्तर मण्डल, जगदलपुर

**// ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना //**
**https://eproc.cgstate.gov.in**
**निम्नलिखित कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है :-**
**निविदा डाऊनलोड करने की अंतिम तिथि :- 25/06/2024**

| स. क्र. | नि.आ.सू.क्र./ नि.आ.सू. दिनांक | सिस्टम निविदा क्रमांक निविदा का क्रम | कार्य का नाम | कार्य की अनुमाति लागत (रूपये लाख में) |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 02 | 03 | 04 | 05 |
| 1 | 01/2024-25 दिनांक 10/06/2024 | 154701 (प्रथम आमंत्रण) | जिला - दन्तेवाड़ा के दन्तेवाड़ा में हायर सेकेण्डरी स्कूल भवन का निर्माण कार्य । | 121.16 |
| 2 | 02/2024-25 दिनांक 10/06/2024 | 154702 (प्रथम आमंत्रण) | जगदलपुर, जिला- बस्तर में उप संचालक उद्यानिकी एवं प्रक्षेत्र वानिकी कार्यालय भवन का निर्माण कार्य । | 73.60 |

निविदा में भाग लेने की प्रक्रिया एवं निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी विभाग के उपरोक्त वेबसाइट में देखे जा सकते है।

अधीक्षण अभियंता
लोक निर्माण विभाग
G-242500276/3 बस्तर मण्डल जगदलपुर

## कार्यालय कलेक्टर (जिला निर्माण समिति) जिला बस्तर जगदलपुर

निआसू क्रमांक 01 / वलेलि /जिनिस / 2024-25 जगदलपुर, दिनांक 11/06/2024

**ई. प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**
eProcurement Portal: https://eproc.cgstate.gov.in
**(द्वितीय आमंत्रण)**

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अन्तर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु (Online) निविदा आमंत्रित की जाती है ।

| क्र. | सिस्टम निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रु. लाख में) | अमानत राशि ( रू. लाख में) | निर्धारित समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 4 | |
| 01 | 154711 | बस्तर जिले के विकासखण्ड - बस्तर में कोसारटेडा बांध ईको टूरिस्ट रिसॉर्ट का निर्माण । | 351.42 लाख | 1.758 लाख | 10 माह वर्षाकाल सहित |

1. बिड प्रारंभ की तिथि - 18.06.2024 17:31 Hours
2. बिड सबमिशन की अंतिम तिथि - 27.06.2024 17:30 Hours

**रिमार्कः-** उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें विस्तृत निविदा निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज एवं अन्य जानकारी छत्तीसगढ़ शासन की ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in में देखे एवं डाउनलोड किये जा सकते है

(नोडल अधिकारी)
जिला निर्माण समिति
कार्यपालन अभियन्ता
G-242500263/3 टी.डी.पी.पी. जलसंसाधन संभाग, जगदलपुर

## कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**
**BOO पद्धति से Revenue Sharing Model की तर्ज पर अस्थायी मॉडल वेंडिग जोन का विकास एवं 05 वर्षों तक संचालन-संधारण किये जाने के एवज में विज्ञापन अधिकार हेतु**

क्रमांक -667/भ.नि.अ.प./ न.पा.नि./2024 रायपुर दिनांक 13/06/2024

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिक निगम रायपुर सीमा क्षेत्र अन्तर्गत बेहतर नागरिक सुविधा हेतु BOO पद्धति से Revenue Sharing Model की तर्ज पर पंडरी, महालक्ष्मी कपड़ा मार्केट के पीछे में अस्थायी मॉडल वेंडिग जोन का विकास एवं 5 वर्षो तक संचालन-संधारण किये जाने के एवज में विज्ञापन अधिकार हेतु इच्छुक व्यक्ति/एजेन्सी/फर्म/कंपनी, जो नगर निगम रायपुर में विज्ञापन एजेंसी के रूप में पंजीकृत हो, से अधिकतम दर प्राप्त करने सील बंद लिफाफे में दिनांक 08/07/2024 को अपरान्ह 5.00 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा द्वि लिफाफा पद्धति में रहेगी, जिसके अन्तर्गत लिफाफा 'अ' में (1) अमानत राशि का FDR/DD, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक / निजी बैंक से जारी हुआ हो, (2) निविदा प्रपत्र के मूल्य का डी.डी. (3) विज्ञापन एजेंसी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र की छायाप्रति (4) निविदादाता / एजेंसी का पेन कार्ड की छायाप्रति (5 ) जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन की छायाप्रति एवं (6) पिछले 03 वर्ष के आयकर रिटर्न की छायाप्रति रहेगा। लिफाफा 'ब' में निविदा दर डाऊनलोड किये गये निविदा प्रपत्र में अंको एवं शब्दों में स्पष्ट अक्षरों में लिखा होना चाहिए। निविदादर में कांट-छाट नहीं होना चाहिए। दोनों लिफाफा को एक अलग से बड़े लिफाफा में भरकर सीलबंद कर जमा करना होगा। लिफाफा 'अ' में अमानत राशि का FDR/DD, निविदा प्रपत्र का डी.डी. व एवं विज्ञापन एजेंसी का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र तथा निविदादाता / एजेंसी का पेन कार्ड, जी.एस.टी. रजिस्ट्रेशन व आयकर रिटर्न की छायाप्रति पाये जाने पर ही लिफाफा 'ब' खोला जावेगा। निविदा स्पीड पोस्ट / पंजीकृत डाक के माध्यम से जमा किया जा सकेगा। निविदा दूसरे दिन उपस्थित निविदाकर्ताओं या उनके प्रतिनिधी के समक्ष दिनांक 09/07/2024 को अपरान्ह 5.00 बजे को खोली जावेगी । निविदा प्रपत्र नगर निगम के नवीन मुख्यालय (कार्यालय) भवन के नगर निवेश शाखा के रूम नं. 311 में जमा की जावेगी।

**टीपः-** निविदा का विस्तृत विवरण नियम शर्ते एवं निविदा प्रपत्र नगर निगम की वेबसाइट www.nagarnigamraipur.nic.in से डाऊनलोड किया जा सकता है। डाऊनलोड किये गये निविदा प्रपत्र के साथ रू.2000/- का डिमांड ड्राफ्ट संलग्न करना होगा।

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा, कचरे को सफाई (मित्र) वाहन को देवें।

नगर निवेशक
नगर पालिक निगम, रायपुर

## कार्यालय कार्यपालन अभियन्ता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा, जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

मो.नं.-07869234129 ई मेल पताः- ee-res. Dantewada@nic.in

**// मैनुअल पद्धति निविदा सूचना प्रथम बार //**
**-: निविदा क्रमांक-02 :-**

**क्रमांक / 556 / व.ले.लि./ग्रा.यां. सेवा/2024, दन्तेवाड़ा दिनांक- 11/06/2024**

1. एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित आंतरिक विद्युतीकरण कार्यों हेतु मैनुअल निविदा दिनांक 27/06/2024 तक आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | कार्य का विवरण | अनुमानित लागत (रू. लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01 | जोनल निविदा जनपद पंचायत गीदम 4 सेक्टर / दन्तेवाड़ा 3 सेक्टर / कुआकोंडा 2 सेक्टर / कटेकल्याण 2 सेक्टर (कुल 11 सेक्टर) अंतर्गत विभिन्न मदों में स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों में आंतरिक विद्युतीकरण कार्य (Sector Wise) प्रति सेक्टर रू. 10.00 लाख | 110.00 लाख |

2. उपरोक्त निर्माण कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी विभागीय वेब साईट http://res.cg.gov.in में दिनांक 17/06/2024 से 24/06/2024 तक निशुल्क डाऊनलोड की जा सकती हैं ।

कार्यपालन अभियन्ता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग दन्तेवाड़ा
G-242500269/2 जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छ.ग.)

राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय
RAJIV GANDHI NATIONAL AVIATION UNIVERSITY
(A Central University under Ministry of Civil Aviation, Govt. of India)
Established by an Act of Parliament in 2013

नागर विमानन मंत्रालय
MINISTRY OF CIVIL AVIATION

**प्रवेश उद्घोषणा - 2024**

पाठ्यक्रमों में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित हैं जिसकी अवधि, पात्रता नीचे दिया गया है:-

| क्र.सं. | प्रोग्राम का नाम | अवधि | उद्योग साझेदार | पात्रता/आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| i. | एयरपोर्ट ऑपरेशन में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा (पीजीडीएओ) | 01 वर्ष क्लासरूम प्रशिक्षण एवं जीएमआर एयरपोर्टस में 06 महीने का इंटर्नशिप | जीएमआर एविएशन अकादमी | किसी डिग्री के साथ अधिकतम आयु सीमा 25 वर्ष |
| 2. | विमानन सेवा एवं एयर कार्गो में बैचलर ऑफ मैनेजमेंट स्टडीज (बीएमएस) | 03 वर्ष (02- वर्ष का क्लासरूम प्रशिक्षण एवं उद्योग में 01 वर्ष सवैतनिक अप्रैन्टिसशिप) | लाजिस्टिक्स सेक्टर स्किल काउंसिल | किसी भी विषय में 10+2 के साथ अधिकतम आयु सीमा 21 वर्ष |

2. विस्तृत जानकारी के लिए कृपया आरजीएनएयू की अधिकारिक वेबसाइट यानि https://www.rgnau.ac.in पर जायें। इससे संबंधित किसी प्रकार का संशोधन केवल इस वेबसाइट पर प्रकाशित किया जायेगा।
3. उपर्युक्त समस्त पाठ्यक्रम का विमानन एवं लॉजिस्टिक्स कंपनियों में 95 प्रतिशत उत्कृष्ट प्लेसमेंट का रिकार्ड है एवं विद्यार्थियों को उद्योग विशेषज्ञों से प्रशिक्षित किया गया है।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ**

| | |
|---|---|
| ऑनलाइन आवेदनों की प्रस्तुति हेतु अंतिम तिथि | 21 जून 2024 (लिंक बंद 17.00 बजे) |

आरजीएनएयू परिसरः राजीव गांधी राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय, फुरसतगंज, अमेठी, उत्तरप्रदेश

सही/-
पंजीयक
CBC 03110/12/0005/2425 राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय विमानन विश्वविद्यालय



सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र

हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट!

लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।

## हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए।

## पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।





## पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट

फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

## अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

## अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।


सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108



1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?

**बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें balbhoomihb@gmail.com पर मेल कर सकते हो।**

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
**सोनू :** 20 नंबर।

**-रंजीत, हिसार**

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।

**-खुशबू, रायपुर**



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'

**-शुभम, भोपाल**

कहानी
डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता
डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।




दिव्यांश, दुर्ग


उदय, बालोद


रितेश, मटियारी


सृष्टि, रायपुर


अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी

## रंग भरो 153


बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?






उत्तर: D

## खबर संक्षेप




### खेल मंत्री ने ओलंपिक की तैयारियों का लिया जायजा

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने पदभार संभालने के एक दिन बाद गुरुवार को यहां भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा के साथ बैठक करके इस साल होने वाले ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों का जायजा लिया। अनुराग ठाकुर की जगह खेल मंत्री का पद संभालने वाले मांडविया ने ओलंपिक भवन में उषा सहित आईओए के शीर्ष पदाधिकारियों से मुलाकात की। एक घंटे से अधिक समय तक चली बैठक में खेल राज्य मंत्री रक्षा खडसे, खेल सचिव सुजाता चतुर्वेदी, भारतीय खेल प्राधिकरण के महानिदेशक संदीप प्रधान सहित अन्य अधिकारियों ने भी हिस्सा लिया। इस दौरान मांडविया को पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारियों के बारे में बताया गया।

### पुखराज सिंह पहले दौर के बाद बढ़त पर

**लांग एन।** भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले दौर में आठ अंडर 64 का कार्ड खेला जिससे वह वियतनाम मास्टर्स गोल्फ टूर्नामेंट में दो शॉट की बढ़त हासिल करने में सफल रहे।



इस 85000 डालर इनामी प्रतियोगिता में कुल 142 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं जिनमें सात भारतीय खिलाड़ी भी शामिल हैं। भारत के अन्य खिलाड़ियों में अक्षय शर्मा (69) संयुक्त नौवें, सुनहित बिश्नोई (70) संयुक्त 18वें, अर्जुन प्रसाद और सप्तक तलवार (71) संयुक्त 33वें, खलिन जोशी (72) और अमन राज (72) संयुक्त 46वें स्थान तथा अनुभवी राहिल गंगजी (74) संयुक्त 77वें स्थान पर हैं।

### सिराज पर अर्शदीप को मिले तरजीह

**नई दिल्ली।** पूर्व महान स्पिनर अनिल कुंबले ने कहा कि भारतीय टीम टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले मैचों में अगर दो तेज गेंदबाजों के साथ उतरने का फैसला करती है तो मौजूदा फॉर्म को देखते हुए मोहम्मद सिराज की जगह बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह को अंतिम एकादश में मौका मिलना चाहिए।



अर्शदीप ने बुधवार को करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए अमेरिका के खिलाफ नौ रन देकर चार विकेट झटके। भारतीय टीम ने इस मैच को सात विकेट से जीता।

### शरणार्थी नगाम्बा से हारी लवलीना



**नई दिल्ली।** टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता मुक्केबाज लवलीना बोरगोहेन (75 किग्रा) गुरुवार को चेक गणराज्य में ग्रैंड प्रिक्स उस्ती नाद लाबेम में शरणार्थी मुक्केबाजी टीम की सिंडी नगाम्बा से हार गईं। पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुकी लवलीना को 75 किग्रा के अपने दूसरे मुकाबले में नगाम्बा के खिलाफ 0-5 के सर्वसम्मत फैसले से हार का सामना करना पड़ा। नगाम्बा भी पेरिस खेलों के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं।

### विंडीज का लक्ष्य आखिरी मैच खेलना

**तारोबा।** वेस्टइंडीज के सुपर आठ में जगह बनाने पर शेरफेन रदरफोर्ड ने अपनी खुशी नहीं छिपाई लेकिन मध्यक्रम के बल्लेबाज ने कहा कि पूर्व चैंपियन को टी20 विश्व कप फाइनल में खेलने के टीम लक्ष्य को हासिल करने के लिए और सुधार करने की जरूरत है। वेस्टइंडीज ने यहां न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप सी से सुपर आठ चरण में प्रवेश किया।

# प्रणय ने 46 मिनट में दर्ज की जीत, संघर्ष कर क्वार्टर फाइनल में पहुंचे समीर

एजेंसी ▶▶| सिडनी

ऑस्ट्रेलिया ओपन



भारत के अनुभवी खिलाड़ी एचएस प्रणय और समीर वर्मा ने गुरुवार को यहां विपरीत अंदाज में जीत दर्ज करते हुए ऑस्ट्रेलिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पांचवीं वरीयता प्राप्त प्रणय ने पुरुष एकल के दूसरे दौर के मैच में इजराइल के मिशा जिल्बरमैन 46 मिनट में 21-17, 21-15 से पराजित किया जबकि समीर को सिंगापुर के आठवें वरीय लोह कीन यूव को 21-14 14-21 21-19 से हराने के लिए एक घंटा ओर दो मिनट तक जूझना पड़ा।

प्रणय शुक्रवार को अगले दौर में जापान के दूसरे वरीय कोडाई नारोआका से भिड़ेंगे जबकि समीर का सामना चीनी ताइपे के चुन यी लिन से होगा। पुरुष एकल में भारत के एक अन्य खिलाड़ी किरण जॉर्ज को हालांकि जापान के सातवें वरीय केंटा निशिमोटो से 20-22, 6-21 से हार का सामना करना पड़ा। मिश्रित युगल में बी सुमित रेड्डी और एन सिक्की रेड्डी की आठवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने ऑस्ट्रेलिया के काई चेन तेओह और काई क्यू बर्निस तेओह को 21-11, 21-11 से हराकर अंतिम आठ में प्रवेश किया।



## तीसरे दौर में पहुंची छत्तीसगढ़ की आकर्षि

*महिला वर्ग में आठवीं वरीयता प्राप्त छत्तीसगढ़ की आकर्षि कश्यप ने ऑस्ट्रेलिया की काई क्यू बर्निस तेओह को 21-16, 21-13 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया, जहां उनका मुकाबला चीनी ताइपे की तीसरी वरीयता प्राप्त यू पो पाई से होगा। अनुपमा उपाध्याय को इंडोनेशिया की छठी वरीयता प्राप्त पुत्री कुसुमा वर्दानी के खिलाफ 11-21, 18-21 से जबकि मालविका बंसोड़ को इंडोनेशिया की एक अन्य खिलाड़ी आठवीं वरीयता प्राप्त एस्टर नूरमी ट्राई वार्डोयो के खिलाफ 17-21, 21-23 से हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में पंडा बहनों रुतपर्णा और श्वेतपर्णा का सफर भी खत्म हो गया। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी पेई जिंग लाइ और चियू सीन लिम की मलेशियाई जोड़ी से 5-21, 9-21 से हार गई।*



## टी20 विश्व कप : कीवी टीम लगभग बाहर

# वेस्टइंडीज ने सुपर-8 में बनाई जगह न्यूजीलैंड को 13 रन से दी शिकस्त

एजेंसी ▶▶| टरुबा





वेस्टइंडीज ने टी20 विश्व कप के ग्रुप सी मैच में न्यूजीलैंड को 13 रन से हराकर सुपर 8 में जगह बनाई और कीवी टीम को अगले चरण में पहुंचने की दौड़ से लगभग बाहर कर दिया। वेस्टइंडीज की यह लगातार तीसरी जीत है जिससे वह ग्रुप सी में 6 अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया है। वेस्टइंडीज के रदरफोर्ड ने 39 गेंद पर नाबाद 68 रन की पारी खेली जिसमें दो चौके और छह छक्के शामिल हैं। इससे वेस्टइंडीज ने 9 विकेट पर 149 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया।

अफगानिस्तान के खिलाफ पिछले मैच में 75 रन पर आउट होने वाली न्यूजीलैंड की टीम इसके जवाब में 9 विकेट पर 136 रन ही बना पाई। न्यूजीलैंड की टीम ने पिछले तीन वनडे विश्व कप और इतने ही टी20 विश्व कप में कम से कम सेमीफाइनल में जगह जरूर बनाई थी लेकिन इस बार उसके बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया। दूसरी तरफ दो बार का चैंपियन वेस्टइंडीज 2021 में सुपर 12 से बाहर हो गया था जबकि 2022 में वह ग्रुप चरण से आगे नहीं बढ़ पाया था।

## बांग्लादेश ने नीदरलैंड को 25 रन से हराया

**किंग्सटाउन।** बांग्लादेश ने अनुभवी ऑलराउंडर शाकिब अल हसन के नाबाद अर्धशतक के बाद रिशाद हुसैन की दमदार गेंदबाजी की मदद से नीदरलैंड को टी20 विश्व कप के ग्रुप-डी मुकाबले में 25 रनों से हराया। बांग्लादेश की यह तीन मैचों में दूसरी जीत है और उसने सुपर आठ में पहुंचने की उम्मीद जीवंत रखी है। बांग्लादेश ने शाकिब के 46 गेंदों पर नौ चौकों की मदद से नाबाद 64 रन के दम पर 20 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में नीदरलैंड की टीम 20 ओवर में आठ विकेट पर 134 रन ही बना सकी। नीदरलैंड के लिए साइब्रांड एंगलब्रट ने 22 गेंदों पर सर्वाधिक 33 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सके। बांग्लादेश ने इस जीत से जहां सुपर आठ में पहुंचने के अपने दावे को मजबूती दी है, वहीं, श्रीलंका के लिए आगे का सफर समाप्त हो गया है। नीदरलैंड की टीम हार के बावजूद अभी पूरी तरह टीम से बाहर नहीं हुई है।





### श्रुति थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय

**नई दिल्ली।** अनुभवी श्रुति वोरा थ्री स्टार ग्रां प्री प्रतियोगिता जीतने वाली पहली भारतीय घुड़सवार बन गई हैं। भारतीय घुड़सवारी महासंघ ने गुरुवार को यह जानकारी दी। श्रुति ने सात से नौ जून तक स्लोवेनिया के लिपिका में आयोजित सीडीआई-3 प्रतियोगिता में 67.761 अंक हासिल किए। भारतीय खिलाड़ी मोलदोवा की तातियाना एंटोनेंको (आचेन) से आगे रहीं जिन्होंने 66.522 अंक हासिल किए। ऑस्ट्रिया की जूलियन जेरिच (क्वार्टर गर्ल) ने 66.087 अंकों के साथ शीर्ष तीन में जगह बनाई। श्रुति ने ग्रां प्री स्पेशल में भी सराहनीय प्रदर्शन किया जो इसी स्थान पर एक साथ आयोजित की गई। वह 66.085 अंकों के साथ एंटोनेंको के बाद दूसरे स्थान पर रहीं। श्रुति ने कहा, 'मैं परिणाम से बेहद खुश हूं। मैंने कड़ी मेहनत की है और जीत वाकई संतोषजनक है।

टेनिस टूर्नामेंट

## विंबलडन की इनामी राशि रिकार्ड पांच करोड़ पाउंड



एजेंसी ▶▶| लंदन

ऑल इंग्लैंड क्लब के अधिकारियों ने गुरुवार को घोषणा की कि विंबलडन की कुल पुरस्कार राशि बढ़कर रिकॉर्ड पांच करोड़ पाउंड (लगभग छह करोड़ 40 लाख डॉलर) हो जाएगी जिसमें प्रत्येक एकल चैंपियन को 27 लाख पाउंड (34 लाख 50 हजार डॉलर) मिलेंगे।

कुल इनामी राशि पिछले साल की तुलना में 53 लाख पाउंड (68 लाख डॉलर) अधिक है जो 11.9 प्रतिशत की वृद्धि है। यह 10 साल पहले इस ग्रासकोर्ट ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में प्रतियोगियों को दी गई दो करोड़ 50 लाख पाउंड (मौजूदा विनिमय दर पर तीन करोड़ 20 लाख डॉलर) से दोगुनी है।

ऑल इंग्लैंड क्लब की नई अध्यक्ष डेबोरा जेवांस ने कहा कि टिकटों की मांग इस साल से अधिक कभी नहीं रही। इस साल के विजेताओं को मिलने वाली राशि में प्रत्येक वर्ग में 3,50,000 पाउंड (लगभग 4,50,000 डॉलर) की बढ़ोतरी हुई है जो 14.9 प्रतिशत की बढ़ोतरी है।

# बिलासपुर की आतिशी बल्लेबाजी में ढह गई रायगढ़ लायंस की टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमीयर लीग के सातवें दिन गुरुवार को शहीद वीरनारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में बिलासपुर बुल्स तथा रायगढ़ लायंस के बीच मैच खेला गया, जिसमें रायगढ़ को हार का सामना करना पड़ा। बिलासपुर बुल्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। रायगढ़ लायंस ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 6 विकेट के नुकसान पर 176 रन बनाए। रायगढ़ लायंस की ओर से आदित्य सिंह ने 57 रन तथा शुभम अग्रवाल ने 36 रन बनाए। वहीं बिलासपुर बुल्स के भरत गोंडवानी तथा मो. इरफान ने क्रमशः 2 और 3 विकेट प्राप्त किए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी बिलासपुर बुल्स ने 19.4 ओवरों में 8 विकेट खोकर 178 रन बनाकर मैच जीत लिया। बिलासपुर बुल्स की ओर से आयुष पांडेय ने शानदार पारी खेलते हुए नाबाद 85 रन बनाए। प्रतिक यादव ने 41 रनों की पारी खेली। रायगढ़ लायंस की ओर से दीपक यादव तथा आयुष ठाकुर ने 2-2 विकेट प्राप्त किए।

**सीसीपीएल : बिलासपुर बुल्स ने 8 विकेट से जीता मैच**




**मैच के हीरो**

प्लेयर ऑफ द मैच - आयुष पांडेय
मोस्ट सिक्सेस - आदित्य सिंह
सुपर स्ट्रायकर - भरत गोंडवानी
परफेक्ट कैच - अनुराग साहू

### ओलंपिक कोटा देश का होता है खिलाड़ी का नहीं

**मुंबई।** ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता अभिनव बिंद्रा ने गुरुवार को कहा कि प्रतिभाशाली निशानेबाज रुद्रांक्ष पाटिल का पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाना दुर्भाग्यपूर्ण है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि कोटा देश का होता है किसी व्यक्तिगत खिलाड़ी का नहीं। पाटिल ने 10 मीटर एयर राइफल में पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल किया था लेकिन वह भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ के चयन ट्रायल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए तथा संदीप सिंह और अर्जुन बाबूता के बाद तीसरे स्थान पर रहे और इस तरह से भारत की 15 सदस्यीय टीम में जगह नहीं बना पाए। ओलंपिक के दिशा निर्देशों के अनुसार कोई भी देश किसी एक स्पर्धा में ट्रायल्स में शीर्ष पर रहने वाले दो निशानेबाजों को ही भेज सकता है।



## टी20 विश्व कप के सभी मैचों की कर चुका मेजबानी

# नासाउ स्टेडियम को ध्वस्त करने की तैयारी

एजेंसी ▶▶| न्यूयॉर्क



टी20 विश्व कप के लिए अस्थायी तौर पर तैयार यहां के नासाउ काउंटी क्रिकेट मैदान को अपने हिस्से के सभी मैचों की मेजबानी के बाद अब ध्वस्त कर दिया जाएगा। विश्व कप में कम स्कोर वाले कई रोमांचक मैचों के गवाह रहे इस मैदान पर आखिरी मुकाबले में सह मेजबान अमेरिका पर भारत ने सात विकेट की जीत दर्ज की।

लगभग 100 दिनों में तैयार किए गए इस स्टेडियम के लिए एडिलेड में तैयार हुई ड्रॉप-इन पिचों ने बल्लेबाजों की कड़ी परीक्षा ली। स्टेडियम का निर्माण यहां के लॉन्ग द्वीप में 930 एकड़ के आइजनहावर पार्क के किनारे किया गया है। स्टेडियम में 10 ड्रॉप-इन पिचें थीं। इसमें से चार मुख्य मैदान के लिए और छह कैंटियाग पार्क में निकटवर्ती प्रशिक्षण सुविधा के लिए। एक रिपोर्ट में कुछ दिन पहले कहा गया था, '12 जून को आखिरी मैच के आयोजन के बाद इस स्टेडियम को ध्वस्त कर दिया जाएगा। इसके हिस्सों को लास वेगास (फार्मूला वन रेस) और एक अन्य गोल्फ मैदान में वापस भेज दिया जाएगा। आइजनहावर पार्क सामान्य स्थिति में लौट आएगा, लेकिन विश्व स्तरीय क्रिकेट पिच को बरकरार रखा जाएगा।' स्टेडियम को ध्वस्त करने में लगभग छह सप्ताह का समय लगेगा।

इस स्टेडियम की क्षमता क्षमता 34,000 दर्शकों की थी और नौ जून को पाकिस्तान के खिलाफ भारत के अहम मुकाबले के दौरान यह खचाखच भरा हुआ था। इस मैच के टिकट 2500 डॉलर से 10,000 डॉलर की भारी कीमत पर बेचे गए थे। भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ अभ्यास मैच सहित इस मैदान पर कुल चार मैच खेले।

NMDC

**एन एम डी सी लिमिटेड) (NMDC LIMITED)**
(भारत सरकार का उद्यम ) ( A Government of India Enterprises)
बैलाडीला आयरन ओर माइन, किरन्दुल कॉम्पलेक्स
Bailadila Iron Ore Mine, Kirandul Complex
(आई.एस.ओ. 9001:2015, आई. एसो 14001: 2015, आई. एस. ओ. 45001:2018, एस. ए. 8000 : 2014 प्रमाणित एकक)
(An ISO-9001:2015, ISO 14001:2015, ISO 45001:2018, SA 8000 : 2014 Certified Unit)
किरन्दुल- 494556, जिला- दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा (छत्तीसगढ़) भारत,

क्रमांक: केसी / प्र एवं सु / 2024 / — अधिसूचना दिनांक 14/06/2024

**अप्रेंटिसशिप ट्रेनिंग के लिए वॉक इन इंटरव्यू की अधिसूचना**

[illegible]

(अ) ट्रेड अप्रेंटिस

| क्र. सं. | वर्ग | रिक्तियों की संख्या | अर्हता | वॉक इन इंटरव्यू की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | मशीनिस्ट | 04 | मशीनिस्ट में ट्रेड सर्टिफिकेट | 01/07/2024 |
| 2 | फिटर | 12 | फिटर में ट्रेड सर्टिफिकेट | |
| 3 | वेल्डर | 23 | वेल्डर में ट्रेड सर्टिफिकेट | 02/07/2024 |
| 4 | मेकेनिक डीजल | 22 | मेकेनिक डीजल में ट्रेड सर्टिफिकेट | 04/07/2024 |
| 5 | मेकेनिक मोटर व्हीकल (एमएमवी) | 12 | मेकेनिक मोटर व्हीकल में ट्रेड सर्टिफिकेट | |
| 6 | इलेक्ट्रीशियन | 27 | इलेक्ट्रीशियन में ट्रेड सर्टिफिकेट | 05/07/2024 |
| 7 | कोपा | 47 | कोपा में ट्रेड सर्टिफिकेट | 06/07/2024 |

(ब) स्नातक अप्रेंटिस

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 8 | केमिकल इंजीनियरिंग | 01 | केमिकल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | 07/07/2024 |
| 9 | कम्प्यूटर इंजीनियरिंग | 01 | कम्प्यूटर इंजीनियरिंग/ तकनीकी में डिग्री | |
| 10 | फॉरमेसी में स्नातक | 01 | फॉरमेसी साइंस में डिग्री | |
| 11 | बी.बी.ए. (बेचलर ऑफ बिजनेस एडमिनिस्ट्रेशन) | 02 | बी.बी.ए. में डिग्री | |
| 12 | इलेक्ट्रिकल एंड इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग (ई.ई.) | 02 | ई.ई. इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | |
| 13 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 06 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | |
| 14 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 10 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | 08/07/2024 |
| 15 | माईनिंग इंजीनियरिंग | 10 | माईनिंग इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | |
| 16 | सिविल इंजीनियरिंग | 07 | सिविल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिग्री | |

(स) तकनीशियन (डिप्लोमा) अप्रेंटिस

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 18 | सिविल इंजीनियरिंग | 01 | सिविल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिप्लोमा | 09/07/2024 |
| 19 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग | 04 | इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिप्लोमा | |
| 20 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग | 04 | मेकेनिकल इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिप्लोमा | |
| 21 | माईनिंग इंजीनियरिंग | 01 | माईनिंग इंजीनियरिंग / तकनीकी में डिप्लोमा | |

योग्यता मानदंड:

[illegible]

पात्रता मानदंड:

1. ट्रेड अप्रेंटिसशिप के साक्षात्कार में शामिल होने के इच्छुक उम्मीदवारों को खुद को पंजीकृत करना होगा और इसे राष्ट्रीय शिक्षुता संवर्धन योजना (एन.ए.पी.एस.) वेब पोर्टल (https://www.apprenticeshipindia.gov.in) पर पहले से अनुमोदित करवाना है। [illegible] (https://nats.education.gov.in) [illegible]

साक्षात्कार से पहले, उम्मीदवार निम्न दस्तावेज लाना सुनिश्चित करेंगे

[illegible]


सहायक महाप्रबंधक (खनन)
प्रशिक्षण एवं सुरक्षा विभाग


## घर छोड़कर 1 साल तक शिप पर रहा शख्स निकला दुनिया घूमने



**न्यूयार्क।** दुनिया में बहुत से लोग ऐसे होते हैं जिन्हें एडवेंचर करने का शौक होता है। वो लोग चाहते हैं कि दुनिया घूमें, अलग-अलग जगहों पर जाएं और लाइफ को एंजॉय करें. पर लोगों को लगता है कि ये बेहद खर्चीला काम होगा। हालांकि, अमेरिका के एक शख्स ने अपने इस सपने को शिप पर घूमकर पूरा कर लिया। इस शख्स ने कुछ सालों पहले अपने घर को छोड़ दिया और 1 साल तक शिप पर ही रहा। उसे ये एडवेंचर इतना पसंद आया कि अब वो हर साल कुछ महीनों के लिए शिप पर ही रहने जाता है। उसने दावा किया है कि शिप पर रहना, किराये के मकान में रहने से ज्यादा सस्ता है। एक रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका के मिसूरी में रहने वाले 48 साल के केविन मार्टिन पहले वकील थे। उन्हें मिलिट्री एडवेंचर करना बहुत पसंद है। साल 2019 में उन्होंने तय किया कि वो अपनी 9 से 5 की नौकरी को छोड़ेंगे और क्रूज पर रहेंगे।

## जंगल में खूबसूरत हसीना की हुई दुर्दशा, जानकर कांप जाएगा तन-मन





एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिका के फ्लोरिडा में रहने वाली रोजी मूरे को कौन नहीं जानता? इन्हें दुनिया का सबसे ग्लैमरस साइंटिस्ट माना जाता है। सोशल मीडिया पर आए दिन ये अपनी हॉट अंदाज में तस्वीरें शेयर करती हैं, जिसमें कभी ये खुद को सांप से कटवाती हैं, तो कभी समंदर के अंदर जाकर बड़ी-बड़ी मछलियों को करीब से देखती हैं। रोजी एक एनिमिल एक्सपर्ट हैं, जिसकी वजह से वो ऐसी फोटोज सोशल मीडिया पर डालती हैं। इनका फैन फॉलोविंग भी जबरदस्त है। लेकिन हाल ही में इस खूबसूरत हसीना की जंगल में दुर्दशा हो गई, जिसके बारे में जानकर आपका तन-मन कांप जाएगा। इंस्टाग्राम पर रोजी ने अपनी भयावह दुर्दशा की कहानी शेयर किया है। जीवविज्ञानी रोजी ने खुलासा किया है कि वह भयंकर डेंगू बुखार से पीड़ित हो गई हैं। उन्हें पिछले महीने (मई) यह बीमारी हुई थी, जिसे उन्होंने 'घातक' करार दिया है। उन्होंने कहा कि डेंगू की वजह से तेज बुखार है, ऐसे में बिस्तर से बाहर निकलना भी मुश्किल है। खुद को ठंडा रखने के लिए काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। लेकिन, अपनी पीड़ा के बावजूद उन्होंने लोगों को बाहर निकलने और 'दुनिया के और दूरदराज के हिस्सों को देखने' के लिए प्रोत्साहित किया। रोजी ने कहा कि डेंगू के अलावा उनकी आंखों में भी संक्रमण हो गया है। दक्षिण अमेरिका की यात्रा के दौरान 'ढेर सारे कीड़ों के काटने' के बाद उनकी आंख में दर्द होने लगा था। कीड़ों के काटने से रोजी के आंखों में संक्रमण तो है ही, साथ ही उनके पेट पर भी भयंकर दाने निकल आए हैं। वो खुद को दर्द और बुखार से उबारने के लिए लगातार दवाइयां ले रही हैं। उन्होंने कहा कि दर्द और बुखार में वो टाइलेनॉल को ऐसे पी रही थी जैसे कोई और नहीं पी सकता।

■ बिस्तर से भी नहीं निकल पा रही बाहर!

## किताब में लिखी थी ऐसी बातें, पढ़ते ही खजाना ढूंढने निकल गया शख्स

**न्यूयार्क।** इतिहास की किताबों में कई ऐसी जानकारियां छुपी होती हैं, जो अक्सर हमें चौंकने पर मजबूर कर देती हैं। हमें पता नहीं होता कि हमारे आसपास कई हैरान कर देनी चीजें हैं। एक शख्स के साथ भी कुछ ऐसा ही हुआ। यह शख्स बायरन प्रीस की 1982 की पुस्तक 'द सीक्रेटः ए ट्रेजर हंट' पढ़ रहा था। जिसमें लिखा था कि स्टेटन आइलैंड पर खजाना छुपा हुआ है। फिर क्या था, वह ढूंढने निकल गया। जगह-जगह उसकी खुदाई कर रहा है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका के कोलोराडो के रहने वाले 58 वर्षीय डेविड हेगर एक दिन शनिवार को अचानक उठे। सुबह 6 बजे पत्नी मिशेल और दो बेटों को लेकर पार्क में खुदाई शुरू कर दी।

## हम इंसानों के बीच ही छुप कर रह रहे हैं एलियंस !

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

एलियन्स यानी दूसरी दुनिया के जीव हम इंसानों के बीच पृथ्वी पर छिपकर रह रहे हैं, यदि ये बात आपको पता चले तो आपको कैसा लगेगा? निश्चित तौर पर आप भौंचक्के रह जाएंगे। हार्वर्ड यूनिवर्सिटी ने हाल ही में इस बाबत एक रिपोर्ट पेश की है जिसके मुताबिक ऐसा ही है। यह 'क्रिप्टोटेरेस्ट्रियल'प्राणियों की ऐसी हाइपोथीसिस है जिसके तहत दो चीजें हो सकती हैं- एक या तो एलियन छिपकर रह रहे हैं या फिर कुछ और बुद्धिमान समूह या संस्थाएं गुप्त रूप से रह रही हैं। पिछले सितंबर में, सैकड़ों यूएफओ देखे जाने की नासा की जांच में पाया गया कि इस बात का कोई सबूत नहीं है कि ऐसी घटनाओं के पीछे एलियंस थे। हालांकि, बीबीसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी उस संभावना से इंकार नहीं करती. नासा के एडमिनिस्ट्रेटर बिल नेल्सन ने कहा कि दुनिया की सबसे बड़ी अंतरिक्ष एजेंसी न केवल संभावित यूएपी घटनाओं पर शोध करने का बीड़ा उठाएगी, बल्कि अधिक ट्रांसपेरेंट डेटा भी शेयर करेगी।




## ऐसा चम्मच जो खाने को बना देता है नमकीन, लेकिन कीमत उड़ा देगी होश, वैज्ञानिकों ने किया कमाल!



**टोक्यो।** खाने में जायका बढ़ाने के लिए नमक बेहद जरूरी है। यूं कहें कि इसके बिना कोई भी डिश लजीज नहीं बन सकती। लेकिन, यह भी ध्यान रखना उतना ही जरूरी है कि इसका अत्यधिक सेवन हमारे स्वास्थ्य पर काफी बुरा असर डालता है। इसलिए, डॉक्टर हमेशा सलाह देते हैं कि जितना हो सके नमक का इस्तेमाल कम करें। इसी के मद्देनजर वैज्ञानिकों ने बिजली से चलने वाला एक ऐसा चम्मच बनाया है, जो खाने को खुद नमकीन बना देता है। यही नहीं, अब यह प्रोडक्ट बाजार में भी उपलब्ध है। एक रिपोर्ट के अनुसार, जापान में बैटरी से चलने वाला अनोखा चम्मच बिक्री के लिए उपलब्ध हो गया है, जो भोजन के स्वाद को नमकीन बना देता है। प्लास्टिक और धातु से बना यह चम्मच उन लोगों के लिए बनाया गया है, जो नमक का सेवन कम करने के लिए संघर्ष कर रहे हैं।









VML.5733.2024HIN

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com